विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका

भाग 12 | जनवरी 1969 | संख्या 1

विषय-सूची

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No 1, January 1969, Pages 1-9

भारत में विज्ञान की शिक्षा का माध्यम*

डा० ब्रज मोहन
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

मित्रो !

जब से हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा स्वीकार हुई है तब से देश के विद्वानों का ध्यान शिक्षा के माध्यम की ओर आकृष्ट हुआ है। अभी तक बहुत से वैज्ञानिकों का यह मत है कि इस देश में विज्ञान की शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी ही रहना चाहिए। कारण स्पष्ट है:

1. बाहरी दुनिया से हमारा सम्पर्क अंग्रेजी द्वारा हुआ है। यदि अंग्रेजी को अपने स्थान से च्युत कर दिया जायगा तो अन्य देशों के वैज्ञानिकों से हमारा सम्पर्क टूट जायगा और हम कूप-मंडूक होकर रह जाएँगे।

2. भारतीय भाषाओं में अभी तक कोई वैज्ञानिक शब्दावली और संकेतलिपि नहीं बनी है। यदि हम इन दोनों का भारतीय भाषाओं में बनाने का प्रयास करें तो उसी में दस-बीस वर्ष लग जायँगे और हम लोग वैज्ञानिक प्रगति में पीछे रह जायँगे।

3. भारतीय भाषाओं में अभी तक वैज्ञानिक पुस्तकों का सर्वथा अभाव है। पुस्तकें तैयार करने के लिए लम्बा समय चाहिए। दशाब्दियों में भी हम इतने ऊँचे स्तर की पुस्तकें नहीं बना पायेंगे जितने ऊँचे स्तर की अंग्रेजी में हैं। अतएव भारत में देशी भाषाओं को माध्यम बनाने से विज्ञान की शिक्षा का स्तर नीचे गिर जायगा।

अब इन प्रश्नों का उत्तर तो मैं बाद में दूँगा। पहले हमें इस बात पर विचार करना है कि अंग्रेजी द्वारा शिक्षा देने में देश की कितनी हानि हो रही है। आज से 15-20 वर्ष पूर्व हमारे विश्वविद्यालयों में शिक्षा का माध्यम शुद्ध अंग्रेजी था। इन दो दशाब्दियों के अन्दर उत्तरी भारत के कुछ विश्वविद्यालयों में हिन्दी को माध्यम बनाने का प्रयास हुआ है। सम्भव है कि दक्षिण के कुछ विश्वविद्यालयों में भी इस दिशा में कुछ प्रयत्न हो रहा हो। परन्तु अब भी देश के प्रायः सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षा का माध्यम अधिकतर अंग्रेजी ही है। स्कूलों में तो अधिकांश प्रदेशों में शिक्षा का माध्यम हिन्दी बन गई है

* 3 जनवरी 1969 को बम्बई में आयोजित 56-वें साइंस काँग्रेस के अवसर पर विज्ञान परिषद् अनुसन्धान गोष्ठी के समक्ष दिया गया अध्यक्षपदीय भाषण।

और इंटरमीजियेट कक्षाओं में हिन्दी और अंग्रेजी का मिश्रण आरम्भ हो गया है परन्तु बी० एस-सी० और एम० एस-सी० की कक्षाओं में प्राय: अंग्रेजी ही चल रही है।

इन्हीं दस-बीस वर्षों के अन्दर मेरा तो एक सुखद अनुभव हुआ है और मेरा विचार है कि मेरे अन्य सहयोगियों को भी इसी ढंग का अनुभव हुआ होगा। जब मैं इंटरमीजियेट और बी० एस-सी० की कक्षाओं में अंग्रेजी में पढ़ाता था तो विद्यार्थियों को अपनी कठिनाइयाँ उपस्थित करने में संकोच होता था। परन्तु जबसे हम लोगों ने हिन्दी में पढ़ाना आरम्भ किया है तबसे विद्यार्थी कक्षा में बेखटके प्रश्न करने लगे हैं। कारण यह है कि कोई कितनी भी अंग्रेजी क्यों न पढ़ जाय परन्तु एक विदेशी भाषा सदैव विदेशी ही रहेगी। वह विद्यार्थी की मातृभाषा का स्थान कदापि नहीं ले सकती। अपनी मातृभाषा अथवा प्रादेशिक भाषा एक विद्यार्थी माँ के दूध के साथ सीख कर आता है अतएव जितनी सुविधा उसे अपनी भाषा बोलने में होगी उतनी किसी विदेशी भाषा में कदापि नहीं हो सकती। सौ-दो-सौ में दो चार व्यक्ति ऐसे अवश्य निकल आयेंगे जिन्हें अँग्रेजी का बोध अपनी मातृभाषा से भी अधिक हो जाता है परन्तु अपवादों से किसी नियम का निराकरण नहीं होता।

कहने को तो हम लोग केवल अँग्रेजी के घंटों में ही अंग्रेजी पढ़ाते हैं परन्तु वास्तव में हम लोग न्यूनाधिक रूप में भी भौतिक विज्ञान, रसायन, गणित आदि के घंटों में भी अँग्रेजी की शिक्षा देते हैं। आए-दिन देखने में आता है कि विद्यार्थी प्रश्नों का मतलब समझ नहीं पाते, इसलिए कि उनमें अँग्रेजी के कठिन शब्द आ जाते हैं। प्रयोजित गणित और भौतिकी में कहीं-कहीं पर Disc और Saucer जैसे शब्द आ जाते हैं जिनका अर्थ भी विद्यार्थियों को बतलाना पड़ता है। यदि इन शब्दों के स्थान पर रकाबी या तश्तरी कहा जाय तो विद्यार्थियों को समझने में कोई कठिनाई न पड़े। एक बार एक प्रश्न में आया था: A caterpillar crawls। एक विद्यार्थी ने मुझसे आकर पूछा कि cat का अर्थ तो बिल्ली है और pillar का अर्थ खम्भा है, परन्तु caterpillar के क्या अर्थ हैं? यदि इस वाक्य के बदले पुस्तक में लिखा हो कि एक कीड़ा रेंगता है तो इसका अर्थ समझाने की कोई आवश्यकता ही न रह जाय। एक विद्यार्थी ने एक दिन मुझसे पूछा कि "अभी आपने कौन वर्डवा बोला था।" एक अन्य विद्यार्थी एक दिन मेरे पास कलन (calculus) का एक प्रश्न ले आया जिसमें एक सीमा (Limit) निकालनी थी। उसने मुझसे आकर पूछा कि मास्टर साहब इसकी 'लिमिटिया' कैसे निकलेगी? इन उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि यद्यपि विद्यार्थी अँग्रेजी द्वारा शिक्षा प्राप्त करते हैं परन्तु उनका मस्तिष्क ठेठ हिन्दुस्तानी ही बना रहता है और उनको अपनी मातृभाषा में ही अपने भाव व्यक्त करने में सुविधा होती है।

अँग्रेजी द्वारा एक हानि और हो रही है। चूँकि विद्यार्थियों को कालेजों और विश्वविद्यालयों में अँग्रेजी द्वारा शिक्षा प्राप्त करनी होती है इसलिए उन्हें स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षा बहुत ऊँचे स्तर की प्राप्त करनी होती है। अतएव स्कूल में उनको बहुत सा समय अँग्रेजी भाषा के जानने में ही लगाना पड़ता है। इधर दस-बीस वर्षों के अन्दर इस परिस्थिति में थोड़ा सा अन्तर हुआ है परन्तु दस-बीस वर्षों पहले तो यह दशा थी कि जितना समय किसी विद्यार्थी को अँग्रेजी पर लगाना पड़ता था उतना समय किसी अन्य विषय पर नहीं लगाना पड़ता था। यदि नीचे से ऊपर तक शिक्षा का माध्यम देशी भाषाएँ हो जाएँ तो विद्यार्थी का जो समय बच जायगा वह अन्य विषयों पर लगाया जायेगा और हम शिक्षा के स्तर को ऊँचा कर

सकेंगे। अभी तक यह स्थिति है कि इंग्लैंड का एक विद्यार्थी किसी विषय का जितना ज्ञान बी० एस-सी० कक्षा तक प्राप्त कर लेता है उतना ज्ञान इस देश का विद्यार्थी नहीं कर पाता। कारण यह है कि इंग्लैंड का विद्यार्थी आदि से अन्त तक अपनी मातृभाषा द्वारा शिक्षा ग्रहण करता है। यदि हमारे देश में भी शिक्षा का माध्यम देशी भाषाएँ हो जाएँ तो हमारे विद्यार्थियों का कम से कम एक वर्ष बच जाय। संभव है कि दो वर्ष बच जावें। इस प्रकार हम अपने देश की शिक्षा को उसी स्तर पर ला सकेंगे जिस स्तर पर इंग्लैंड अथवा अन्य पश्चिमी देशों में है।

अँग्रेजी के माध्यम के कारण हमारे युवकों में एक-दो दोष आ गए हैं। न वे शुद्ध अँग्रेजी बोल सकते हैं न शुद्ध रूप में अपनी मातृभाषा। मेरा सम्पर्क अधिकतर हिन्दी से रहा है अतएव मैं दो-एक उदाहरण हिन्दी से दूँगा। आजकल एक नए ढंग की बोली तैयार हो रही है, जो न हिन्दी है न अँग्रेजी वरन् दोनों की बेमेल खिचड़ी है। एक विद्यार्थी दूसरे से कहता है 'बस तुम मुझे एक letter drop कर देना।' दूसरा कहता है, "तुमने Find out नहीं किया, जरा Find out कर लेना।" एक तीसरा विद्यार्थी कहता है मैंने तो अभी इस Problem पर think ही नहीं किया है।" एक दिन मेरे एक मित्र एक तौलिया खरीद कर लाए थे। मैंने उनसे पूछा कि यह तौलिया कितने की है, तो बोले कि "Two rupees से मोर ही मोर है।"

इन तथ्यों से स्पष्ट है कि अँग्रेजी के माध्यम का हमारे विद्यार्थियों और हमारी भाषाओं पर घातक प्रभाव पड़ रहा है। मेरे विचार में किसी भी व्यक्ति का यह जन्मसिद्ध अधिकार है कि उच्च से उच्च शिक्षा अपनी मातृभाषा द्वारा प्राप्त करे। इस सिद्धान्त में केवल थोड़ी सी कठिनाई पड़ेगी। मान लीजिए कि एक बंगाली परिवार मद्रास में जाकर बसता है। मद्रास के स्कूलों और कालेजों में शिक्षा का माध्यम तमिल अथवा तेलगू होगा। उस बंगाली परिवार के बच्चों के लिए मद्रासी स्कूल बँगला में शिक्षा देने का प्रबन्ध नहीं कर सकेगा क्योंकि स्कूल में बंगाली बच्चों की संख्या बहुत कम होगी। अतएव मैं उप-रिलिखित सिद्धान्तों में केवल एक ही संशोधन करूँगा कि हमारे देश में शिक्षा का माध्यम प्रादेशिक भाषायें होनी चाहिए अर्थात् बंगाल में बँगला, गुजरात में गुजराती, महाराष्ट्र में मराठी तथा उत्तरी और मध्यप्रदेशों में हिन्दी।

अब मैं उन प्रश्नों को लेता हूँ जिन्हें मैंने आरम्भ में उठाया था। यह कहना सत्य है कि यदि हम लोग अँग्रेजी का बहिष्कार कर दें तो हमारा बाहरी दुनिया से सम्पर्क टूट जायगा। अँग्रेजी अब केवल अँग्रेजों की ही भाषा नहीं रह गई है, वह संसार भर की व्यापारिक भाषा होती जा रही है और अन्तर-राष्ट्रीय क्षेत्र में उसका बहुत ऊँचा स्थान है। आज से 40 वर्ष पहले योरुप भर में दो भाषायें प्रचलित थीं अग्रेजी और फ्रेंच। दोनों ही अन्तरराष्ट्रीय भाषाएँ कहलाती थीं परन्तु अब स्थिति बदल गई है। दिन पर दिन अँग्रेजी का महत्व बढ़ रहा है और फ्रेंच का महत्व घट रहा है। आज से 40 वर्ष पहले एक आन्दोलन उठा था एक सर्वमान्य सांसारिक भाषा बनाने का। एक नयी भाषा यसपरान्टो की नींव डाली गई थी और आशा की जाती थी कि कदाचित् यसपरान्टो सारे संसार की भाषा बन जाय। अब यसपरान्टो का आन्दोलन तो समाप्त हो चुका है और यह स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है कि किसी दिन कदाचित् अँग्रेजी ही सांसारिक भाषा बन जायगी।

अतएव अँग्रेजी का वहिष्कार करना मूर्खता होगी ; परन्तु क्या हम वास्तव में अँग्रेजी का बहिष्कार करने जा रहे हैं ? मेरा तो यह विचार नहीं है कि अँग्रेजी को बोरिया-बँधना उठाकर देश से बाहर निकाल दिया जाय । मैं समझता हूँ कि देश में बहुत कम विचारक ऐसे होंगे जो इस विचार के हों कि अँग्रेजी को पूर्ण रूप से टाट बाहर कर दिया जाय । जब हम यह कहते हैं कि अँग्रेजी हमारे देश में शिक्षा का माध्यम न रहे तो उसका अर्थ केवल इतना ही है कि भाषाओं को छोड़कर अन्य विषय—भौतिकी, रसायन, भौमिकी इत्यादि अँग्रेजी द्वारा न पढ़ाए जाएं । हमारा यह तात्पर्य कदापि नहीं है कि अँग्रेजी भाषा के रूप में भी न पढ़ाई जाय। लगभग 40 वर्ष पहले जब मैं जर्मनी में था, उस समय जर्मनी के स्कूलों में जर्मन के अतिरिक्त योरुप की दो अन्य भाषायें पढ़ाई जाती थीं । स्कूल के अन्तिम दो वर्षों में विद्यार्थी को योरुप की भाषाओं में से दो भाषायें अनिवार्य रूप से चुननी पड़ती थीं और मुझे वहाँ के एक विद्यार्थी ने बताया कि उन्हीं दिनों एक प्रस्ताव उपस्थित होने वाला था कि प्रत्येक विद्यार्थी को दो भाषाओं के बदले चार भाषाएँ पढ़नी पड़ेंगी । मैंने उस विद्यार्थी से पूछा कि तुम इस प्रस्ताव को कहाँ तक पसन्द करते हो ? उसने कहा कि हमारे लिए यह प्रस्ताव बहुत ही लाभदायक होगा, क्योंकि हमारा देश योरुप के मध्य में स्थित है । हमारा तो दिन-रात अपने पड़ोसी देशों से सम्पर्क रहता है । हम तो जितनी भी योरोपीय भाषायें सीख सकें, अच्छा ही है ।

मेरा तो विचार है कि अभी कम से कम दस-बीस वर्ष तक तो अँग्रेजी को हमारे स्कूलों और कालेजों में स्थान मिलना ही चाहिए और वह भी वैकल्पिक रूप में नहीं, वरन अनिवार्य रूप में । मेरा विचार है कि स्कूलों में पहले तीन-चार वर्षों तक तो केवल प्रादेशिक भाषा पढ़ाई जाय और छठी या सातवीं कक्षा से इंटरमीजिएट तक थोड़ी-सी अँग्रेजी अनिवार्य रूप से पढ़ाई जाय । इस प्रकार हमारी प्रादेशिक भाषाओं का महत्व भी बढ़ जायगा ; शिक्षा का माध्यम भी बदल जायगा और अँग्रेजी से हमारा सम्पर्क भी न टूटने पायेगा ।

दूसरा प्रश्न यह है कि हमारी प्रादेशिक भाषाओं में कोई वैज्ञानिक शब्दावली तैयार नहीं है । शब्दावली की दिशा में देश में कई स्थानों पर, विशेषकर केन्द्रीय सरकार द्वारा, प्रयत्न हो रहे हैं । यह कोई ऐसी कठिनाई नहीं है जिसका समाधान न हो सके। कुछ पारिभाषिक शब्द तो ऐसे हैं जिन्हें हम ज्यों-का-त्यों अँग्रेजी से ले सकते हैं । जैसे नाप-तोल की इकाइयाँ :—सेन्टीमीटर, इंच, टन, पौंड, अर्ग, डाइन । शेष शब्दों में से प्रारम्भिक विज्ञान के बहुत से शब्द तो अधिकतर देशी भाषाओं में विद्यमान हैं । शेष शब्द जो नये बनाने पड़ें वह हम संस्कृत मूल से बना लें । संस्कृत देश की आदि-भाषाओं में से है और अधिकांश प्रादेशिक भाषाओं से इसका घनिष्ट सम्बन्ध है । जो शब्द संस्कृत से बनेंगे वे देश की प्रायः सभी भाषाओं में प्रचलित हो सकते हैं । इस प्रकार वैज्ञानिक शब्दावली की समस्या बहुत कुछ हल हो जायगी ।

संकेतन और अक्षरांकन

वैज्ञानिक शब्दावली के साथ ही साथ हमें वैज्ञानिक संकेतन और अक्षरांकन की समस्याओं पर भी विचार करना है । इस विषय पर भी देश में बड़ा मत-वैभिन्य दिखाई दे रहा है । पिछले दस-बारह वर्षों से तो दोनों ओर से तर्क-वितर्क भी चल रहे थे किन्तु हाल ही में हमें आशा की एक किरण दिखाई

दी है कि कदाचित् दोनों प्रकार के विचारकों में समझौता हो जाय। केन्द्रीय सरकार ने यह निश्चय कर लिया है कि संकेतन तो हमें ज्यों-का-त्यों अँग्रेजी से ले लेना चाहिए क्योंकि वह अब प्रायः अन्तरराष्ट्रीय बन चुका है; किन्तु शब्दावली हमें अपनी ही बनानी चाहिए। शब्दावली के क्षेत्र में भी हमें ऐसे बहुत से शब्द लेने होंगे जो अन्तरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँच चुके हैं। इतना अवश्य है कि जहाँ कहीं आवश्यकता हो हम उन्हें थोड़ा-बहुत संशोधित करके भारतीय कलेवर प्रदान कर सकते हैं। इस संबंध में हम यहाँ वैज्ञानिक आयोग के उस निश्चय का उद्धरण देते हैं जो उन्होंने 18 नवम्बर 1961 को किया था:

1. जो अंक, संकेत और चिन्ह गणित और अन्य विज्ञानों में प्रयुक्त होते हैं उन्हें उनके वर्तमान अँग्रेजी रूप में ही लिखना चाहिए। जो रोमन और ग्रीक अक्षर गणितीय संक्रियाओं में प्रयुक्त होते हैं उन्हें भी उसी रोमन अथवा ग्रीक रूप में लिखना चाहिए।

2. अँग्रेजी और ग्रीक के कुछ शब्द स्थिरांकों का काम देते हैं, जैसे π, e, g, γ। इन्हें हिन्दी में भी इसी रूप में लिखना चाहिए।

3. ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय अक्षरों क, ख, ग, घ का प्रयोग करना चाहिए; किन्तु त्रिकोणमितीय सम्बंधों और सूत्रों आदि में अंग्रेजी और ग्रीक वर्णों को ही प्रयुक्त करना चाहिए।

इस निश्चय से तो ऐसा प्रतीत होता है कि हम उच्च ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय वर्णों का प्रयोग कर सकते हैं; किन्तु यहाँ तुरन्त एक कठिनाई आती है। मान लीजिये कि हम निर्देशांक ज्यामितीय (Coordinate Geometry) का कोई प्रारम्भिक साध्य प्रतिपादित कर रहे हैं और रेखाचित्र खींचकर उसमें नागरी अक्षरों का प्रयोग करते हैं। मान लीजिए कि हमें निम्नलिखित सूत्र देना है—

$$PQ^2=(x_1-x_2)^2+(y_1-y_2)^2.$$

उपर्युक्त निश्चय के अनुसार हमें यह सूत्र तो रोमन वर्णों में ही देना होगा; किन्तु चित्र में अक्षर दिए गए हैं नागरी के क, ख, ग, ...। अब प्रश्न यह है कि आकृति के अक्षरों और सूत्र के संकेतों में किस प्रकार सामंजस्य बिठाया जाय। स्पष्ट है कि कम से कम वैश्लेषिक ज्यामिति (Analytical Geometry) में तो हमें रोमन और ग्रीक वर्णों का ही प्रयोग करना पड़ेगा। इतना ही नहीं, ठोस मापिकी (Solid Mensuration) जैसे विषय में भी, जो हम माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ाते हैं, हमें इस प्रकार के सूत्रों का प्रयोग करना पड़ता है:

$$\text{गोले का आयतन}=\tfrac{4}{3}\pi r^3$$

अतः यहाँ भी हमें रोमन और ग्रीक वर्णों का ही प्रयोग करना होगा। वज्रानुपात ज्यामिति (Cross Ratio Geometry) में भी इस प्रकार के सूत्र बराबर आते रहते हैं।

$$\frac{(x_1-x_2)(x_3-x_4)}{(x_2-x_3)(x_4-x_1)}=-1$$

इन तथ्यों से यह निष्कर्ष अनिवार्य है कि उच्च ज्यामिति में हम भारतीय लिपियों के वर्णों का प्रयोग नहीं कर सकते। कदाचित् शुद्ध ज्यामिति (Pure Geometry) की कुछ पुस्तकों में यह सम्भव हो किन्तु व्यावहारिक दृष्टि से सुविधा इसी में होगी कि हम उच्च ज्यामिति के समस्त विषयों में रोमन और ग्रीक वर्णों का ही प्रयोग करें।

हम यहाँ उपरिलिखित तथ्यों का सारांश देते हैं:

(क) स्कूल अंकगणित में हमें अंग्रेजी अंकों का ही प्रयोग करना होगा जिन्हें अब लोग भारतीय अंकों का अन्तरराष्ट्रीय रूप कहने लगे हैं।

(ख) बीजगणित में हमें जिस दिन से विद्यार्थी उक्त विषय का आरम्भ करता है, उसी दिन से अँग्रेजी अक्षरों $a, b, c, \ldots x, y, z$ का प्रयोग करना होगा।

(ग) स्कूल की ज्यामिति में हम भारतीय अक्षरों का प्रयोग कर सकते हैं। उदाहरणार्थ हम त्रिभुजों को क ख ग और चतुर्भुजों को क ख ग घ से निरूपित कर सकते हैं।

(घ) त्रिकोणमिति में हमें त्रिकोणमितीय अनुपातों को उनके वर्तमान अँग्रेजी रूप में ही रखना होगा। जैसे—

$$\sin A, \quad \cos B, \quad \tan C, \ldots .$$

(ङ) कलन (Calculus) में हमें अवकलन (Differentiation) और समाकलन (Integration) के चिन्हों को ज्यों-का-त्यों अपनाना होगा। जैसे—

$$\frac{dy}{dx}, \int f(x)dx$$

(च) भौतिकी और रसायन के समस्त संकेत ज्यों-के-त्यों बने रहेंगे। उदाहरणार्थ

Silver के लिए पर्याय तो रजत रहेगा; किन्तु उसका संकेत Ag होगा जो argentum का संकेत है।

भारतीय भाषाओं की वैज्ञानिक पुस्तकों में water के लिए 'जल' का प्रयोग होगा किन्तु उसका संकेत H_2O रहेगा।

अतः रसायन के समस्त समीकरण अँग्रेजी रूप में ही दिए जायेंगे।

हम यहाँ प्रारम्भिक कलन के एक प्रश्न का हल देते हैं।

Find, from first principles, the differential coefficient of $\sin x$.

We have

$$\frac{d}{dx}\sin x = \operatorname*{Lt}_{h\to 0} \frac{\sin(x+h)-\sin x}{h}, \quad \text{by definition}$$

$$= \operatorname*{Lt}_{h\to 0} \tfrac{2}{h}\cos(x+\tfrac{1}{2}h)\sin\tfrac{1}{2}h = \operatorname*{Lt}_{h\to 0}\left\{\cos(x+\tfrac{1}{2}h)\,\frac{\sin\frac{1}{2}h}{\frac{1}{2}h}\right\}$$

But $$\operatorname*{Lt}_{h\to 0}\frac{\sin\frac{1}{2}h}{\frac{1}{2}h} = \operatorname*{Lt}_{h\to 0}\frac{\sin h}{h} = 1$$

$\because$ $$\frac{dy}{dx} = \operatorname*{Lt}_{h\to 0}\cos(x+\tfrac{1}{2}h) = \cos x, \text{ i.e. } \frac{d}{dx}(\sin x) = \cos x.$$

हिन्दी में यह प्रश्न इस प्रकार लिखा जायगा :

आदि सिद्धान्तों से sin x का अवकल गुणांक निकालो।

इस प्रश्न के हल में केवल निम्नलिखित तीन पदों का ही हिन्दी अनुवाद किया जायगा—

We have—हमें प्राप्त है by definition—परिभाषा से but—किन्तु

शेष सारा हल ज्यों-का-त्यों बना रहेगा।

जो शब्द अंग्रेजी से ले लेने हैं

1. अँग्रेजी के कई प्रकार के बहुत से ऐसे शब्द हैं जिन्हें हम ज्यों-का-त्यों अपना सकते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण तो वे हैं जिन्हें अन्तरराष्ट्रीय कहा जाता है। **शब्दावली आयोग** ने ऐसे शब्दों का वर्गीकरण किया है—

(क) तत्त्वों और संयोगों के नाम। जैसे—ऑक्सीजन, हीलियम, कार्बन-डाई-आक्साइड।

(ख) नाप तौल के मात्रक। जैसे—अर्ग, डाइन, कैलरी, एम्पियर, ओह्म, फैरेडे, पाउण्डल, सेण्टीमीटर, किलोग्राम।

(ग) वानस्पतिकी, प्राणिकी और भौतिकी जैसे विज्ञानों की द्विपद नामावली।

2. देश में बहुत से ऐसे शब्द प्रचलित हो गए हैं जिन्हें अन्तरराष्ट्रीय पद प्राप्त है। ऐसे शब्दों को भी हमें अपनाना ही होगा। जैसे—रेडियो, पेट्रोल, रडार, स्टेशन, रेल, इंजन, मोटर कार।

3. हमारे लिए नाम संबंधी शब्दों को भी अपनाना आवश्यक है। जैसे—

Raman Effect	—	रमन प्रभाव
Gibb's Phenomenon	—	गिब की परिवृत्ति
Newton's Theorem	—	न्यूटन का प्रमेय
Taylor's Series	—	टेलर की श्रेणी

विभक्ति वाले पदों में से हम विभक्ति को हटाकर उन्हें कुछ छोटा रूप दे सकते हैं। हम Newton's Theorem, को "न्यूटन प्रमेय," और Taylor's Series को "टेलर श्रेणी" कह सकते हैं।

यह उदाहरण है नामों से उत्पन्न पदों का। इसके अतिरिक्त कुछ पारिभाषिक शब्द ऐसे भी होते हैं जो नामों द्वारा उत्पन्न हुए हैं और स्वयं नाम बन गए हैं। जैसे—

Laplacian—लैप्लासियन Jacobian—जैकोबियन Wronskian—रॉन्स्कियन

Polonium—पॉलोनियम Europium—यूरोपियम

ऐसे शब्दों को भी हमें आत्मसात कर लेना है। इतना अवश्य है कि यह सब नागरी लिपि में लिखे जायँगे।

4. कई प्रकार के महत्त्वपूर्ण शब्द ऐसे होते हैं जो खगोलकीय पिण्डों (astronomical bodies), ठोसों, उपकरणों, वक्रों अथवा विषयों को द्योतित करते हैं। ऐसे शब्दों के लिए हमें जहाँ कहीं

भी कोई प्राचीन शब्द दिखाई पड़ा है, हमने उसे स्वीकार कर लिया है। खगोलिकीय पिंडों के लिए हमें जब कोई प्राचीन शब्द नहीं मिला तो हमने अँग्रेजी शब्द को अपना लिया है। जहाँ कहीं प्राचीन शब्द उपलब्ध है भी, हमने विकल्प रूप से उसका संगत अँग्रेजी शब्द भी दे दिया है। जैसे—

acubens (canceri) — अकूबेन्स (कर्क)
delta (—andromeda) — डेल्टा (—चतुर्थ देवयानी)
kiffa borealis (librae) — किफ्फा बोरियैलिस (—द्वितीय तुला)
porrima (verginis) — पोरिमा (तृतीय कन्या)
shelyak — लि० (=लिप्यन्तरण)
sualocin — लि०

वक्रों और ठोसों के लिए जब कभी हमें कोई प्राचीन शब्द नहीं मिला तो हमने यथासाध्य एक नए उपयुक्त शब्द का निर्माण किया है। किन्तु जब कभी हमें यह भान हुआ है कि नया शब्द उक्त संकल्पना का ठीक-ठीक अर्थ नहीं देता तो हमने विकल्प रूप में अँग्रेजी शब्द दे दिया है। जैसे—

helix—कुण्डलिनी spiral—सर्पिल parabola—परवलय, लि० cone—शंकु, लि०
cylinder — बेलन, लि० sphere — गोला

सिलिण्डर के लिए प्राचीन शब्द "बेलन" है जो संस्कृत "वेल्लन" से निकला है। इस शब्द को 'सिलिण्डर' के लिए प्रयुक्त करने में एक कठिनाई है। मान लीजिए कि हम ऐसे ठोस का वर्णन कर रहे हैं जो बहुत-कुछ हमारे रसोईघर वाले बेलन के ही आकार का है। उसके बीच का भाग सिलिण्डराकार है और दोनों छोरों के भाग शंक्वाकार (conical) हैं, तो हमें इस प्रकार के वाक्य का प्रयोग करना पड़ेगा—

"एक बेलन के बीच का भाग बेलनाकार और सिरों के भाग शंक्वाकार हैं।" अतएव स्पष्ट है कि हम "सिलिण्डर" के लिए समस्त स्थानों पर "बेलन" का प्रयोग नहीं कर सकते।

उपकरणों के विषय में हमने यह नीति अपनाई है कि यदि किसी उपकरण का नाम देश में प्रचलित हो गया है तो हमने उसका अँग्रेजी नाम और हिन्दी पर्याय दोनों दे दिए हैं। जैसे—

thermometer—लि०, तापमापी barometer—लि०, वायुदाबमापी abaeus—लि०, गिन्तारा

अन्य प्रकार के उपकरणों के विषय में हमने यह नीति निर्धारित की है कि यदि किसी उपकरण का कोई सार्थक नाम है जो उपकरणों के किसी वर्ग को द्योतित करता है तो हमने उसका अनुवाद कर दिया है। किन्तु विशेषित उपकरणों के नाम हमने अँग्रेजी से ज्यों-के-त्यों लिए हैं। जैसे—

slide rule—लि० T-Square—लि० gyrostat —घूर्णाक्षस्थायी
magic lantern—चित्रप्रक्षेपी लालटेन theodolite—लि०

ऐसे उपकरणों के विषय में, जिनके नाम वर्णनात्मक हों, हमने दोनों सिद्धान्तों का समन्वय कर दिया है। जैसे—

diving well — विमज्जन कोष्ठ, लि०

manometer — दाबान्तरमापी, लि०

compass — दिक्सूचक, लि०

विषयों के नामों का हमने सर्वत्र अनुवाद किया है किन्तु हम यह चाहते हैं कि हमारे छात्र विभिन्न विषयों के अँग्रेजी नामों से भी परिचित रहें; ताकि यदि उन्हें कभी उक्त विषयों पर अँग्रेजी में दिए गए व्याख्यानों को सुनने का अवसर मिले तो वे कम से कम शीर्षकों का अर्थ अवश्य समझ लें। अतएव विकल्प रूप में हमने विषयों के अँग्रेजी नाम भी दे दिए हैं। जैसे—

Differential Calculus — अवकलन गणित, लि०

Commutative Algebra — क्रमविनिमय बीजगणित, लि०

Trigonometry — त्रिकोणमिति, लि०

किन्तु यहाँ एक अनुबन्ध लगा दिया गया है। वह यह कि भारतीय भाषाओं में पुस्तकें लिखने में सदैव विषयों के भारतीय नामों का ही प्रयोग किया जाय।

इस प्रकार वैज्ञानिक शब्दावली की समस्या बहुत कुछ हल हो चुकी है, और धीरे-धीरे हल होती जायगी।

तीसरा प्रश्न है पुस्तकों का। पुस्तकें आकाश से तो टपका नहीं करतीं। पुस्तकें बाजार में तभी आती हैं जब उनकी माँग होती है। जिस दिन से हमारे विश्वविद्यालयों ने हिन्दी में शिक्षा देना आरम्भ किया है उसी दिन से हिन्दी की पाठ्य पुस्तकों की माँग बढ़ती जा रही है। बनारस में तो मैं आएदिन देखता हूँ कि पुस्तक-विक्रेता हम लोगों के पास आते हैं और हमसे हिन्दी में पुस्तकें तैयार करने के लिए अनुरोध करते हैं। परन्तु पुस्तकों के अभाव में भी तो कई विश्वविद्यालयों ने हिन्दी में शिक्षा देनी आरम्भ कर दी है। हम लोग कक्षाओं में अँग्रेजी की पुस्तकों का ही उपयोग करते हैं परन्तु विद्यार्थी को समझाते हिन्दी में हैं। इसका एक दुष्परिणाम यह अवश्य ही निकला है कि विद्यार्थी ऐसी भाषा में उत्तर लिखते हैं जिसमें पारिभाषिक शब्द और संकेत अँग्रेजी के होते हैं, शेष शब्द हिन्दी के रहते हैं जैसे—

A B, C D पर Perpendicular है

यह मैं मानता हूँ कि यह स्थिति अवांछनीय है परन्तु यह दशा तो दस-पाँच वर्ष ही रहेगी, जब तक देशी भाषाओं में पुस्तकें तैयार नहीं होतीं। जब तक शिक्षा का माध्यम देशी भाषायें नहीं होतीं तब तक बाजार में देशी भाषाओं की पुस्तकों की माँग नहीं बढ़ेगी और जब तक माँग नहीं बढ़ेगी तब तक पुस्तकें तैयार नहीं होंगी। अतएव पुस्तकों की तैयारी के लिए भी यह आवश्यक है कि प्रादेशिक भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बना दिया जाय।

बड़े हर्ष की बात है कि अब तक आर्ट्स के विषयों में तो बी० ए० तक की सभी शाखाओं में पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वैज्ञानिक विषयों में भी अधिकतर शाखाओं पर पुस्तकें उपलब्ध हैं, शेष शाखाओं में दो वर्ष के अन्दर उपलब्ध हो जायँगी, ऐसा विश्वास है।

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No. 1, January 1969, Pages 11-17

क्रियात्मक कलन सम्बन्धी कुछ प्रमेय

केo एसo सेवरिया,
गणित विभाग, गवर्नमेंट कालेज, अजमेर

[प्राप्त–नवम्बर 7, 1967]

सारांश

इस शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य लैप्लास तथा बेसेल परिवर्तों की कुछ प्रमेयों को सिद्ध करना है और उनके व्यवहार द्वारा लारिसेला फलन F_c सम्बन्धी समाकलों का मान ज्ञात करना है।

Abstract

Some theorems on operational calculus. *By* K. S. Sevaria, Department of Mathematics, Government College, Ajmer.

The object of this paper is to prove some theorems on Laplace and Bessel transforms and by using them we have evaluated integrals involving Lauricella's function F_c.

भूमिका :

किसी फलन $f(t)$ के लैप्लास, हैंकेल तथा माइजर परिवर्तों को

$$\phi(p)=p\int_0^\infty e^{-pt} f(t)\, dt$$

$$\psi(p)=p\int_0^\infty (pt)^{1/2} J_\nu (pt) f(t)\, dt$$

तथा
$$\phi(p)=\left(\frac{2}{\pi}\right)^{\frac{1}{2}} p \int_0^\infty (pt)^{1/2} K_\lambda(pt) f(t)\, dt$$

पारिभाषित किया जाता है और उन्हें सांकेतिक रूप में क्रमश:

$\phi(p) \doteqdot f(t)$, $\psi(p) \underset{\nu}{\overset{J}{=}} f(t)$ तथा $\phi(p) \underset{\lambda}{\overset{K}{=}} f(t)$ द्वारा व्यक्त किया गया है।

प्रमेय 1.

यदि $\phi(p) \frac{\mathcal{J}}{\lambda} f(t)$

तथा $$\psi(p) \frac{K}{\nu} t^{\sigma-3} \mathcal{J}_{\rho}(bt) \prod_{i=1}^{r} [\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)] \phi(t)$$

तो $$\psi(p) = \frac{2^{\sigma-3/2} b^{\rho} p^{-\rho-\lambda-m-\sigma+3/2} \Gamma\{\frac{1}{2}(\sigma+\lambda+\rho+m\pm\nu)\} \prod_{i=1}^{r} (a_i^{\mu i})}{\pi^{1/2} \Gamma(1+\lambda)\Gamma(1+\rho) \prod_{i=1}^{r} [\Gamma(1+\mu_i)]}$$

$$\times \int_0^\infty t^{\lambda+1/2} F_c\Big[\tfrac{1}{2}(\sigma+\rho+\lambda+m-\nu),\ \tfrac{1}{2}(\sigma+\rho+\lambda+m+\nu)\ ;\ 1+\mu_1, \ldots, 1+\mu_r$$

$$1+\rho,\ 1+\lambda\ ;\ -\frac{a_1^2}{p^2}, \ldots, -\frac{a_r^2}{p^2}, +\frac{b^2}{p^2}, -\frac{t^2}{p^2}\Big] f(t)\ dt \qquad (2\cdot1)$$

तभी हो सकता है जब समाकल अभिसारी हो तथा $|f(t)|$ का हैंकेल परिवर्त

एवं $|t^{\sigma-3} \mathcal{J}_{\rho}(bt) \prod_{i=1}^{r} \Big[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)\Big] \phi(t)|$ का माइजर परिवर्त विद्यमान हों

तथा $p>0,\ m=\sum_{i=1}^{r}(\mu_i),\ a_i>0,\ i=1, \ldots, r,\ b>0.$

उपपत्ति :

$$\psi(p) = \left(\frac{2}{\pi}\right)^{1/2} p \int_0^\infty (pt)^{1/2}\, t^{\sigma-3} \mathcal{J}_{\rho}(bt) \prod_{i=1}^{r} \Big[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)\Big] K_{\nu}(pt)\, \phi(t)\, dt$$

किन्तु $$\phi(t) = t \int_0^\infty (tx)^{1/2} \mathcal{J}_{\lambda}(tx) f(x)\, dx$$

$\therefore$ $$\psi(p) = \left(\frac{2}{\pi}\right)^{1/2} p^{3/2} \int_0^\infty t^{\sigma-1} \prod_{i=1}^{r} \Big[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)\Big] \mathcal{J}_{\rho}(bt)\, K_{\nu}(pt)\, dt \int_0^\infty x^{1/2} \mathcal{J}_{\lambda}(tx) f(x)\, dx$$

समाकलन के क्रम को बदलने पर

$$\psi(p) = \left(\frac{2}{\pi}\right)^{1/2} p^{3/2} \int_0^\infty x^{1/2} f(x)\, dx \int_0^\infty t^{\sigma-1} K_{\nu}(pt)\, \mathcal{J}_{\rho}(bt) \mathcal{J}_{\lambda}(xt) \prod_{i=1}^{r} \Big[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)\Big] dt$$

दाहिनी ओर सक्सेना के परिणाम [2] के अधार पर t समाकल का मान ज्ञात करने पर

$$\int_0^\infty t^{\sigma-1} K_\nu(pt)\, \mathcal{J}_\rho(bt) \mathcal{J}_\lambda((xt) \prod_{i=1}^{r} \Big[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)\Big] dt$$

$$=\frac{2^{\sigma-2}\, p^{-m-\rho-\lambda-\sigma} \Gamma\{\tfrac{1}{2}(\sigma+\rho+\lambda+m\pm\nu)\} \prod_{i=1}^{r} (a_i^{\mu i})\; b^\rho\; x^\lambda}{\Gamma(1+\rho)\; \Gamma(1+\lambda) \prod_{i=1}^{r} [\Gamma(1+\mu i)]}$$

$$\times F_c\Big[\tfrac{1}{2}(\sigma+\rho+\lambda+m-\nu),\, \tfrac{1}{2}(\sigma+\rho+\lambda+m+\nu);\, 1+\mu_1, \ldots, 1+\mu_r, \ldots, 1+\rho,$$

$$1+\lambda;\, -\frac{a_1^2}{p^2}, \ldots, -\frac{a_r^2}{p^2}, -\frac{b^2}{p^2}, -\frac{x^2}{p^2}\Big]$$

हमें (2.1) परिणाम की प्राप्ति होती है।

आगत समाकलों के पूर्ण अभिसरण के कारण इस प्रमेय के अन्तर्गत व्यक्त प्रतिबन्धों के अन्तर्गत समाकलन के क्रम का विलोमन सम्भव है।

उदाहरण : कुछ संशोधन के साथ सक्सेना के परिणाम [2] को लेने पर

$$f(t)=t^{\lambda+1/2} F_c\Big[\tfrac{1}{2}(l+M+\lambda-\mu),\, \tfrac{1}{2}(l+M+\lambda-\mu)\;;\, 1+\nu_1, \ldots, 1+\nu_n, 1+\lambda\;;$$

$$-\frac{c_1^2}{a^2}, \ldots, -\frac{c_n^2}{a^2},\, -\frac{t^2}{a^2}\Big]$$

$$\frac{\mathcal{J}}{\lambda}\, \frac{a^{M+l+\lambda}\, \Gamma(1+\lambda)\, p^{l-1/2} K_\mu(ap) \prod_{j=1}^{n} \Big[\Gamma(1+\nu_j)\Big] \prod_{j=1}^{n} \Big[\, \mathcal{J}\nu_j(c_j p)\, \Big]}{2^{l-2}\, \Gamma\{\tfrac{1}{2}(l+M+\lambda\pm\mu)\} \prod_{j=1}^{n} (c_j^{\nu i})}$$

$$=\phi(p),\; R(\lambda+1)>0,\; R(l+M\pm\mu)>\tfrac{1}{2},\; p>0,\; a>0$$

$$M=\sum_{j=1}^{n} (\nu_j),\; c_j>0, j=1, \ldots, n$$

तो सक्सेना के परिणाम [2] को किंचित संशोधन के साथ प्रयुक्त करने पर

$$t^{\sigma-2}\, \mathcal{J}_\rho(bt) \prod_{i=1}^{r} \Big[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)\Big] \phi(t)$$

$$=\frac{a^{M+l+\lambda}\, t^{\sigma+l-7/2}\, \Gamma(1+\lambda)\, \mathcal{J}_\rho(bt)\, K_\nu(at) \prod_{i=1}^{r}}{2^{l-2}\, \Gamma\{\frac{1}{2}(l+M\lambda\pm\mu)\} \prod_{j=1}^{n} (c_j^{\nu j})} [\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)] \prod_{j=1}^{n} [\Gamma(1+\nu_j)] \prod_{j=1}^{n} [\mathcal{J}_{\nu j}(c\,t)]$$

$$\underset{\nu}{\overset{K}{=}} \frac{2^{\sigma-5/2}\, a^{M+l+\lambda}\, \Gamma(1+\lambda)}{\Gamma\{\frac{1}{2}(l+m+\lambda\pm\mu)\}} \left\{ \sum_{\mu,-\mu} \frac{\Gamma(-\mu)\, \Gamma\{\frac{1}{2}(\sigma+\mu+\rho+\mathrm{m}+M+l-2\pm\nu)\} \prod_{i=1}^{r}(a_i^{\mu_i})\, b^\rho\, a^\mu}{\Gamma(1+\rho) \prod_{i=1}^{r} [\Gamma(1+\mu_i)]\, p^{l+m+M+\mu+\rho+\sigma-7/2}} \right.$$

$$\times F_c \Big[\tfrac{1}{2}(\sigma+\mu+\rho+m+M-\nu), \tfrac{1}{2}(\sigma+\mu+\rho+m+M+\nu)\,;\, 1+\mu_1, \ldots, 1+\mu_r,$$

$$\left. 1+\nu_1, \ldots, 1+\nu_n, 1+\mu, 1+\rho\,;\, -\frac{a_1^2}{p^2}, \ldots, -\frac{a_r^2}{p^2}, -\frac{c_1^2}{p^2}, \ldots, -\frac{c_n^2}{p^2}, \frac{a^2}{p^2}, -\frac{b^2}{p^2} \Big] \right\}$$

$$=\psi(p),\ R(\sigma+m+M+\mu+\rho\pm\nu+l-2)>0,\ R(a+p)>|Im\ b|+\sum_{i=1}^{r}|Im\, a_i|+\sum_{j=1}^{n}|Im\, c_j|$$

प्रमेय का प्रयोग करने पर हमें

$$\int_0^\infty t^{2\lambda+1} F_c \Big[\tfrac{1}{2}(\sigma+\rho+\lambda+m-\nu), \tfrac{1}{2}(\sigma+\rho+\lambda+m+\nu)\,;\, 1+\mu_1, \ldots, 1+\mu_r, 1+\rho, 1+\lambda;$$

$$-\frac{a_1^2}{p^2}, \ldots, -\frac{a_r^2}{p^2}, -\frac{b^2}{p^2}, -\frac{t^2}{p^2} \Big] F_c \Big[\tfrac{1}{2}(l+M+\lambda-\mu), \tfrac{1}{2}(l+M+\lambda+\mu)\,;$$

$$1+\nu_1, \ldots, 1+\nu_n, 1+\lambda; -\frac{c_1^2}{a^2}, \ldots, -\frac{c_n^2}{a^2}, -\frac{t^2}{a^2} \Big] dt$$

$$= \frac{[\Gamma(1+\lambda)]^2}{2\Gamma\{\frac{1}{2}(\sigma+\lambda+\rho+m\pm\nu)\}\, \Gamma\{\frac{1}{2}(l+M+\lambda\pm\mu)\}}$$

$$\sum_{\mu,-\mu} \frac{\Gamma(-\mu)\, \Gamma\{\frac{1}{2}(\sigma+\mu+\rho+m+M+l-2\pm\nu)\}}{p^{M+\mu+l-2}\, a^{-M-l-\lambda-\mu}} F_c \Big[\tfrac{1}{2}(\sigma+\mu+\rho+m+M+l-2-\nu),$$

$$\tfrac{1}{2}(\sigma+\mu+\rho+m+M+l-2+\nu)\,;\, 1+\mu_1, \ldots, 1+\mu_r, 1+\nu_1, \ldots, 1+\nu_n, 1+\mu, 1+\rho;$$

$$-\frac{a_1^2}{p^2}, \ldots, -\frac{a_r^2}{p^2}, -\frac{c_1^2}{p^2}, \ldots, -\frac{c_n^2}{p^2}, \frac{a^2}{p^2}, -\frac{b^2}{p^2} \Big]$$

की प्राप्ति होती है यदि

$$R(\lambda+1)>0, R(\sigma+\rho+m+l+M\pm\nu\pm\mu-2)>0,\ p>0,\ b>0,\ a>0,$$

$$a_i>0,\ i=1, \ldots, r,\ C_j>0, j=1, \ldots, n,\ m=\sum_{i=1}^{r}(\mu_i),\ M=\sum_{j=1}^{n}(\nu_j)$$

$a_i=0, i=1, \ldots, r$, $C_j=0, j=1, \ldots, n$, रखने पर हमें शर्मा द्वारा प्राप्त परिणाम [4, p. 111 (16)] प्राप्त होगा।

प्रमेय 2.

यदि $\phi(p) \doteqdot f(t)$

तथा $$\psi(p) \underset{\nu}{\overset{\mathcal{J}}{=}} t^{\lambda-5/2} e^{-ct} \prod_{i=1}^{r} [\mathcal{J}\mu_i(a_i t)\ \phi(t)]\ \phi(t)$$

तो $$\psi(p)=\frac{p^{\nu+3/2}\ \Gamma(m+\lambda+\nu) \prod_{i=1}^{r}(a_i^{\mu_i})}{2^{m+\nu}\ \Gamma(1+\nu) \prod_{i=1}^{r}[\Gamma(1+\mu_i)]}$$

$$\times \int_0^\infty (t+c)^{-\lambda-\nu-m} F_C\Big[\tfrac{1}{2}(\lambda+m+\nu), \tfrac{1}{2}(\lambda+m+\nu+1); 1+\mu_1, \ldots, 1+\mu_r, 1+\nu;$$

$$-\frac{a_1^2}{(t+c)^2}, \ldots, -\frac{a_r^2}{(t+c)^2}-\frac{p^2}{(t+c)^2}\Big] f(t)\ dt \qquad (2\cdot2)$$

तभी हो सकता है जब समाकल अभिसारी हो तथा $|f(t)|$ का लैप्लास परिवर्त एवं

$|t^{\lambda-5/2} e^{-ct} \prod_{i=1}^{r} [\mathcal{J}\mu_i(a_i t)]\ \phi(t)|$ का माइजर परिवर्त विद्यमान हों तथा

$$p>0, a_i>0,\ i=1. \ldots, r,\ R(c)>0,\ m=\sum_{i=1}^{r}(\mu_i)$$

उपपत्ति :

$$\psi(p)=p \int_0^\infty (pt)^{1/2} e^{-ct}\ t^{\lambda-5/2} \prod_{i=1}^{r} [\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)]\ \mathcal{J}\nu(pt)\ \phi(t)\ dt$$

किन्तु $$\phi(t)=t\int_0^\infty e^{-tx} f((x)\ dx$$

$\therefore$ $$\psi(p)=p^{3/2}\int_0^\infty t^{\lambda-1} e^{-ct} \prod_{i=1}^{r} [\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)]\ \mathcal{J}\nu(pt)\ dt \int_0^\infty e^{-tx} f(x)\ dx$$

समाकल के क्रम को बदलने पर

$$\psi(p)=p^{3/2}\int_0^\infty f(x)\,dx\int_0^\infty t^{\lambda-1}\,e^{-(x+c)t}\prod_{i=1}^{\tau}[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)]\,\mathcal{J}_\nu(pt)\,dt$$

दाहिनी ओर के समाकल का मान सक्सेना के परिणाम [2] की सहायता से निकालने पर तथा $\Gamma(2z)=\frac{2^{z-1}}{\pi^{1/2}}\Gamma(z)\,\Gamma(z+\frac{1}{2})$ का उपयोग करने पर (2·2) प्राप्त होगा।

उदाहरण : [1, p.278 (23)] को उदाहरण स्वरूप लेने पर

$$f(t)=\left(\frac{\pi}{2c}\right)^{1/2}(t^2+2ct)^{-1/2\rho-1/4}\,P_{\sigma-1/2}^{\rho+1/2}\left(1+\frac{t}{c}\right)$$

$$\doteqdot p^{\rho+1}\,e^{cp}\,K_\sigma(cp)$$

$$=\phi(p),\quad R(p)>0,\quad R(\rho)<\tfrac{1}{2},\ |\arg c|<\pi$$

हमें [2] की प्राप्ति होगी :

$$t^{\lambda-5/2}\,e^{-ct}\prod_{i=1}^{\tau}[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)]\,\phi(t)=t^{\lambda+\rho-3/2}\prod_{i=1}^{\tau}[\mathcal{J}_{\mu i}(a_i t)]\,K_\sigma(ct)$$

$$\underset{\nu}{\overset{\mathcal{J}}{=}}\frac{2^{\lambda+\rho-2}\,p^{\nu+3/2}\,\Gamma\{\frac{1}{2}(\lambda+\rho+m+\nu\pm\sigma)\}\prod_{i=1}^{\tau}(a_i^{\mu_i})}{c^{\lambda+\rho+m+\nu}\,\Gamma(1+\nu)\prod_{i=1}^{\tau}[\Gamma(1+\mu_i)]}$$

$$\times F_c\left(\frac{\lambda+\rho+m+\nu-\sigma}{2},\ \frac{\lambda+\rho+m+\nu+\sigma}{2};\ 1+\mu_1,\ \ldots,\ 1+\mu_\tau,\ 1+\nu;\ -\frac{a^2}{c^2},\ \ldots,\ -\frac{a_\tau^2}{c^2},\ -\frac{p^2}{c^2}\right)$$

$$=\psi(p),\quad R(\lambda+\rho+m+\nu\pm\sigma)>0,\quad R(c)\sum_{i=1}^{\tau}|Im\,a_i|+|Im\,p|,\ m=\sum_{i=1}^{\tau}(\mu_i)$$

प्रमेय को व्यवहृत करने पर हमें

$$\int_0^\infty (t+c)^{-\lambda-\nu-m}\,(t^2+2ct)^{-1/2\,\rho-1/4}\,P_{\sigma-1/2}^{\rho+1/2}\left(1+\frac{t}{c}\right)$$

$$\times F_c\Big[\tfrac{1}{2}(\lambda+m+\nu),\ \tfrac{1}{2}(\lambda+m+\nu+1);\ 1+\mu_1,\ \ldots,\ 1+\mu_r,\ 1+\nu;$$

$$-\frac{a_1^2}{(t+c)^2},\ \ldots,\ -\frac{a_r^2}{(t+c)^2},\ -\frac{p^2}{(t+c)^2}\Big]\,dt$$

$$=\frac{2^{\lambda+\rho+m+\nu-3/2}\,\Gamma\{\frac{1}{2}(\lambda+\rho+m+\nu\pm\sigma)\}}{\pi^{1/2}\,c^{\lambda+\rho+m+\nu-1/2}\,\Gamma(m+\lambda+\nu)}$$

$$\times F_c\Big(\frac{\lambda+\rho+m+\nu-\sigma}{2},\ \frac{\lambda+\rho+m+\nu+\sigma}{2};\ 1+\mu_1,\ \ldots,\ 1+\mu_r,\ 1+\nu;$$

$$-\frac{a_1^2}{c^2},\ \ldots,\ -\frac{a_r^2}{c^2},\ -\frac{p^2}{c^2}\Big)$$

प्राप्त होगा यदि

$$R(\lambda+\rho+m+\nu\pm\sigma)>0,\quad R(\rho)<\tfrac{1}{2},\quad p>0,\quad a_i>0,\quad i=1,\ \ldots,\ r,$$

$$R(c)>0,\ m=\sum_{i=1}^{r}\mu_i$$

$a_i=0,\ i=1,\ \ldots,\ n$ रखने पर हमें शर्मा द्वारा प्रस्तुत परिणाम [3] प्राप्त होगा ।

निर्देश

1. एर्डेल्यी, ए० । Tables of Integral transforms, **भाग** 1, **मैकग्राहिल, न्यूयार्क**, 1954.
2. सक्सेना, आर० के० । **मोनेटशेफ्टे फुर मैथ०**, 1966, **70**, 161–63.
3. शर्मा, के० सी० । **प्रोसी० ग्लास्गो०मैथ०एसो०**, 1957, **3** 111-18.
4. शर्मा, के० सी० । **वही**, 1963, **6**, 197-12.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No 1. January 1969, Pages 19-24

ϕ_m^q परिवर्त के प्रसार प्रमेय

ए० एन० गोयल

गणित विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

[प्राप्त—सितम्बर 18, 1967]

सारांश

प्रस्तुत शोध पत्र में शर्मा के ϕ_m^q परिवर्त के लिये 8 प्रसार प्रमेय दिये गये हैं।

Abstract

Expansion theorems of ϕ_m^q transform. *By* A. N. Goyal, Department of Mathematics, Rajasthan University, Jaipur.

In the present paper eight expansion theorems for the Sharma ϕ_m^q transform are given

1. शर्मा[1] ने ϕ_m^q परिवर्त को निम्नांकित समाकल समीकरण द्वारा पारिभाषित किया है :

$$\phi_m^q\left[f(x):p:\begin{matrix}at;\, \alpha_s\\ bi;\, \beta_j\end{matrix}\right]=\int_0^\infty e^{-1/4qpx}\, G^{4,\, q}_{m+q,\, m+q+2}\left(\frac{p^2x^2}{4}\middle|\begin{matrix}a_1,\, \ldots a_q;\; \alpha_1\, \ldots \alpha_m\\ b_1,\, \ldots b_4;\; \beta_1\, \ldots \beta_{m+q-2}\end{matrix}\right) f(x)dx \tag{1·0}$$

$$|\arg p| \leqslant \min\left(\frac{\pi}{2},\, \frac{3-m\pi}{2}\right) \text{ तथा } x^{2bi}\, f(x)\epsilon\, !\, (O,\, R) \quad (A)$$

जहाँ $G^{m,\, n}_{p,\, q}\left(x\middle|\begin{matrix}a_r\\ b_s\end{matrix}\right)$ माइजर G-फलन है। उपर्युक्त समाकल तभी विद्यमान हो सकता है जब m तथा q ऐसी अनृणात्मक पूर्ण संख्यायें हों कि $0\leqslant m\leqslant 3$, $q\geqslant 0$, $m+q \geqslant 2$ तथा (A)

हम (1·0) की दाहिनी दिशा को निम्नांकित प्रकार प्रदर्शित करेंगे

$$\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\; (\alpha_m)\\ (b_4);\; (\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)$$

जहाँ (a_q) द्वारा $a_1, a_2, a_3, \ldots, a_q$, प्राचलों को प्रदर्शित किया गया है ।

2. उपपत्ति में निम्नांकित ज्ञात सूत्र की ग्रवश्यकता होगी

$$\Gamma(mz)=(2\pi)^{1/2(1-m)}m^{mz-1/2}\prod_{i=0}^{m-1}\Gamma(z+i/m),\ m \text{ धनात्मक पूर्णसंख्या है} \quad (1\cdot1)$$

$$\prod_{i=0}^{m-1}\Gamma\left(\frac{a+r-i}{m}\right)=m^{-r}(a-m+1)_r\prod_{i=0}^{m-1}\Gamma\left(\frac{a-i}{m}\right) \text{ रूप ग्रहण करेगा,} \quad (1\cdot2)$$

जहाँ r धनात्मक पूर्ण संख्या है तथा जहाँ $(a)_r$ ऋमगुणित फलन है जिसे

$$(a)_r=a(a+1)(a-2)\ldots\ldots(a+r-1) \quad (1\cdot3)$$

द्वारा व्यक्त किया जा सकता है ।

व्हिपल तथा गॉस (मैकराबर्ट[2]) के ग्रनुसार हमें निम्नांकित सूत्र प्राप्त होंगे

$$F\left(\begin{matrix}a, \frac{1}{2}a+1, \beta, \gamma\\ \frac{1}{2}a, a-\beta+1, a-\gamma+1\end{matrix}; -1\right)=\frac{\Gamma(a-\beta+1)\Gamma(a-\gamma+1)}{\Gamma(a+1)\,\Gamma(a-\beta-\gamma+1)} \quad (1\cdot4)$$

जहाँ $R(a-2\beta-2\gamma)>-2.$

$$F(a, b; c; 1)=\frac{\Gamma(c)\Gamma(c-a-b)}{\Gamma(c-a)(\Gamma(c-b)},$$

जहाँ $R(c-a-b)>0,$ (1·5)

प्रमेय 1. यदि $R(a_m)<0$, m तथा q ऐसी ऋणात्मक पूर्णसंख्यायें हैं कि $0\leqslant m\leqslant 3, q\geqslant 0,$ $m+q\geqslant 2$, तथा प्रतिबन्ध (A),

तो

$$\sum_{r=0}^{\infty}\frac{(a_q-a_m)_r}{r!\,\Gamma(a_q-a_1+1+r)}\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}a_1-r, a_2, \ldots a_q; (a_m)\\ (b_4); (\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)$$

$$=\frac{1}{\Gamma(a_m-a_1+1)}\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q); (a_{m-1}), a_q\\ (b_4); (\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right) \quad (1\cdot6)$$

उपपत्ति : (1·6) में बाईं ग्रोर (1·0) में से मान रखने पर G फलन को कंटूर समाकलन के रूप में व्यक्त करने पर, समाकलन का क्रम बदलने पर तथा संकलन करने पर सरल होकर

$$\int_0^{\infty}e^{-1/4qpx}f(x)dx\left[\frac{1}{2\pi i}\int_L\frac{\prod_{j=1}^{4}\Gamma(b_j-s)\prod_{j=1}^{q}\Gamma(1-a_j+s)\,F\left(\begin{matrix}a_q-a_m, 1-a_1+s\\ a_q-a_1+1\end{matrix}; 1\right)}{\prod_{j=1}^{m+q-2}\Gamma(1-\beta_j+s)\prod_{j=1}^{m}\Gamma(a_j-s)\,\Gamma(a_q-a_1+1)}\left(\frac{p^2x^2}{4}\right)^s ds\right]$$

की प्राप्ति होगी। (1·5) का उपयोग करते हुये (1·0) की सहायता से विवेचना करने पर (1·6) की दाहिनी दिशा प्राप्त होगी।

प्रमेय 2. यदि $|h|<1$, m तथा q ऐसी ऋनृणात्मक पूर्णसंख्यायें हैं कि $0\leqslant m\leqslant 3$, $q\geqslant 0$, $m+q\geqslant 2$ तथा प्रतिबन्ध (A),

तो

$$\sum_{r=0}^{\infty}\frac{(-h)^r}{r!}\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_{m-1}),\,a_{m-r}\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)=(1-h)^{a_{m}-1}\phi\left(\frac{p^2}{4(1-h)}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_m)\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right) \quad (1\cdot7)$$

उपपत्ति : (1·7) के बाईं ओर (1·0) में से मान रखने पर समाकलन तथा संकलन का क्रम बदलने पर, तथा सरल करने पर $F(1-a_m+s;\,h)=(1-h)^{a_m-1-s}$ का प्रयोग करने पर, तथा पुनः (1·0) की सहायता से विवेचना करने पर (1·7) की दाहिनी दिशा प्राप्त होती है।

प्रमेय 3. यदि $R(\lambda+2\beta_{m+q-2})<2$, m तथा q ऐसी ऋनृणात्मक पूर्णसंख्यायें हैं कि $0\leqslant m\leqslant 3$, $q\geqslant 2$, $m+q\geqslant 2$ तथा (A), तो

$$\sum_{r=0}^{\infty}\frac{\lambda(\frac{1}{2}\lambda+1)_r\,\Gamma(\lambda+r)(\beta_{m+q-2}-\lambda)_r(-1)^r}{(\frac{1}{2}\lambda)_r\Gamma(2\lambda-\beta_{m+q-2}+1+r)\;r!}\;\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_m)\\2\lambda+r,\,b_2,\,\ldots b_4;\,(\beta_{m+q-3})\end{matrix},\,\lambda-r\right)$$

$$=\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_m)\\2\lambda,\,b_2,\,\ldots b_4;\,(\beta_{m+q-3})\end{matrix},\,\lambda\right) \quad (1\cdot8)$$

उपपत्ति : (1·8) में बाईं ओर (1·0) में से मान रखने पर, समाकलन तथा संकलन का क्रम बदलने पर, सरल करने से

$$\int_0^{\infty}e^{-1/4qpx}f(x)dx\left[\frac{1}{2\pi i}\int_L\frac{\prod_{j=2}^{4}\Gamma(b_j-s)\prod_{j=1}^{q}\Gamma(1-a_j+s)\Gamma(\lambda+1)\Gamma(2\lambda-s)\left(\frac{p^2x^2}{4}\right)^s}{\prod_{j=1}^{m+q-3}\Gamma(1-\beta_j+s)\prod_{j=1}^{m}(a_j-s)\Gamma(2\lambda-\beta_{m+q-2}+1)\Gamma(1-\lambda+s)}\right.$$

$$\left.\times F\left(\begin{matrix}\lambda,\,\frac{1}{2}\lambda+1,\,\beta_{m+q-2}-\lambda,\,2\lambda-s\\\frac{1}{2}\lambda,\,2\lambda-\beta_{m+q-2}+1,\,1-\lambda+s\end{matrix};\,-1\right)ds\right]$$

प्राप्त होता है। अब (1·4) का उपयोग करते हुये पुनः (1·0) की सहायता से विवेचना करने पर (1·8) की दाहिनी दिशा प्राप्त होती है।

प्रमेय 4. यदि $|h/\lambda|<1$, m तथा q ऐसी ऋनृणात्मक पूर्णसंख्यायें हैं कि $0\leqslant m\leqslant 3$, $q\geqslant 0$, $m+q\geqslant 2$ तथा प्रतिबन्ध (A), तो

$$\sum_{r=0}^{\infty}\frac{(-h)^r}{r!}\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}\triangle(\lambda,\,1-a+r),\,a_{\lambda+1},\cdots a_q;\,(a_m)\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2}\end{matrix}\right)$$

$$=\left(1+\frac{h}{\lambda}\right)^{-b}\phi\left(\frac{p^2}{4(1+h/\lambda)^{\lambda}}\middle|\begin{matrix}\triangle(\lambda,1-a),a_{\lambda+1}\ldots a_q;(a_m)\\(b_4);(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right) \tag{1·9}$$

जहाँ $\triangle(\lambda, a)$ द्वारा $a/\lambda, \frac{a+1}{\lambda}, \frac{a+2}{\lambda} \ldots\ldots \frac{a+\lambda-1}{\lambda}$ तथा λ, प्राचल अभिव्यक्त होते हैं और r धनात्मक पूर्ण संख्यायें हैं।

उपपत्ति : (1·9) में बाईं ओर (1·0) में से मान रखने पर, समाकलन तथा संकलन का क्रम बदलने पर, (1·2) का उपयोग करने पर तथा सरल करने पर

$$\int_0^\infty e^{-1/4qpx}f(x)\,dx\left[\frac{1}{2\pi i}\int_L\frac{\prod_{j=1}^{4}\Gamma(b_j-s)\prod_{j=1}^{q}\Gamma(1-a_j+s)\prod_{k=0}^{\lambda-1}\Gamma\left(\frac{a+K}{\lambda}+s\right)F(b+\lambda s;\,;-h/\lambda)}{\prod_{j=1}^{m+q-2}\Gamma(1-\beta_j+s)\prod_{j=1}^{m}(a_j-s)}\times\left(\frac{p^2x^2}{4}\right)^s ds\right]$$

प्राप्त होता है। $F(b+\lambda s;\,;-h/\lambda)=(1+h/\lambda)^{-b-\lambda s}$, का उपयोग करते हुये (1·0) की सहायता से विवेचना करने पर (1·9) की दाहिनी दिशा प्राप्त होती है।

प्रमेय 5. यदि n, r धनात्मक पूर्णसंख्यायें हैं, $R(a_m)<n+1$, m तथा q ऐसी अनृणात्मक पूर्ण-संख्यायें हैं कि $0\leqslant m\leqslant 3$, $q\geqslant 0$, $m+q\geqslant 2$ तथा (A),

तो
$$\sum_{r=0}^{n}\frac{{}^nc_r(-1)^{n+r}}{\Gamma(1+b_1-a_m+r)}\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);(a_m)\\b_1+r,b_2,\ldots b_4;(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)$$
$$=\frac{1}{\Gamma(1+b_1-a_m+n)}\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);(a_{m-1}),a_m-n\\(b_4);(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right) \tag{2·0}$$

उपपत्ति : (2·0) में बाईं ओर (1·0) में से प्रतिस्थापित करने पर, समाकलन तथा संकलन का क्रम बदलने पर तथा सरल करने पर

$$\int_0^\infty e^{-1/4qpx}f(x)\,dx\left[\frac{1}{2\pi i}\int_L\frac{\prod_{j=1}^{4}\Gamma(b_j-s)\prod_{j=1}^{q}\Gamma(1-a_j+s)(-1)^nF\left(\begin{matrix}-n,b_1-s\\1+b_1-a_m\end{matrix};1\right)\left(\frac{p^2x^2}{4}\right)^s ds}{\prod_{j=1}^{m+q-2}\Gamma(1-\beta_j+s)\prod_{j=1}^{m}\Gamma(a_j-s)\Gamma(1+b_1-a_m)}\right]$$

प्राप्त होता है। अब (1·5) को

$$\Gamma(1-a_m+s+n)[\Gamma(1-a_m+s)]^{-1}=(-1)^n\Gamma(a_m-s)[\Gamma(a_m-s-n)]^{-1}$$

के साथ उपयोग करने पर तथा (1·0) की सहायता से विवेचना करने पर (1·0) की दाहिनी दिशा प्राप्त होती है।

उपप्रमेय I. यदि $n=1$, तो उपर्युक्त प्रमेय से आवर्ती सम्बन्ध

$$(1+b_1-a_m)\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_m)\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)=\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_m)\\b_1+1,\,b_2,\,\ldots b_4;\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)$$
$$-\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_{m-1}),\,a_m-1\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right) \qquad (2\cdot1)$$

प्राप्त होगा।

प्रमेय 6. यदि n, r धनात्मक पूर्णसंख्याएँ हों, $R(b_1-a_m)<n$, m तथा q ऐसी अनृणात्मक पूर्ण संख्यायें हों कि $0\leqslant m\leqslant3$; $q\geqslant0$, $m+q\geqslant2$ तथा (A),

तो
$$\sum_{r=0}^{n} {}^nc_r(-1)^{n+r}\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_{m-1}),\,a_m+r\\b_1+r,\,b_2,\ldots b_4;\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)$$
$$=\frac{\Gamma(1-a_m+b_1)}{\Gamma(1+b_1-a_m-n)}\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_{m-1}),\,a_m+n\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right) \qquad (2\cdot2)$$

उपपत्ति : (2·2) में बाईं ओर (1·0) में से प्रतिस्थापित करने पर, समाकलन तथा संकलन के क्रम को बदलने पर, (1·4) का उपयोग करके सरल करने तथा (1·0) की सहायता से विवेचना करने पर (2·2) की दाहिनी दिशा प्राप्त होती है।

उपप्रमेय I. यदि $n=1$, तो उपर्युक्त प्रमेय से आवर्ती सम्बन्ध

$$\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_m)\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)=\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_{m-1}),\,a_m+1\\b_1+1,\,b_2,\ldots\,b_4;\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)$$
$$-(b_1-a_m)\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_{m-1}),\,a_m+1\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right) \qquad (2\cdot3)$$

प्राप्त होगा।

प्रमेय 7. यदि n, r धनात्मक पूर्णसंख्यायें हों, m तथा q ऐसी अनृणात्मक पूर्णसंख्यायें हैं कि $0\leqslant m\leqslant3$, $q\geqslant0$, $m+q\geqslant2$ तथा (A), $R(a_m-\beta_{m+q-2})>-n$,

तो

$$\sum_{r=0}^{n} {}^nc_r\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_{m-1}),\,a_m+r\\(b_4);\,(\beta_{m+q-3}),\,\beta_{m+q-2}+r\end{matrix}\right)$$
$$=\frac{\Gamma(a_m-\beta_{m+q-2}+n)}{\Gamma(a_m-\beta_{m+q-2})}\,\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\,(a_{m-1}),\,a_m+n\\(b_4);\,(\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right) \qquad (2\cdot4)$$

उपपत्ति : (2·4) में बाईं ओर (1·0) में से प्रतिस्थापित करने पर, समाकलन तथा संकलन का क्रम बदलने पर, सरल करके (1·4) के साथ

$$[\Gamma(1-\beta_{m+q-2}-r+s)]^{-1}=(-1)^r(\beta_{m+q-2}-s)_r[\Gamma(1-\beta_{m+q-2}+s)]^{-1}$$

सम्बन्ध को व्यवहृत करने तथा (1·0) की सहायता से विवेचना करने पर (2·4) की दाहिनी दिशा प्राप्त होगी।

प्रमेय 8. यदि n, r घनात्मक पूर्ण संख्यायें हैं, $R(\beta_{m+q-2}+n)>0$, m तथा q ऐसी अनृणात्मक पूर्ण संख्यायें हैं कि

$$\sum_{r=0}^{n}\frac{{}^nc_r(-1)^{n+r}}{\Gamma(1-a_1+\beta_{m+q-2}+r)}\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}a_1-r,\ a_2,\ \ldots a_q;\ (a_m)\\(b_4);\ (\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)$$

$$=\frac{1}{\Gamma(1-a_1+\beta_{m+q-2}+n)}\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\ (a_m)\\(b_4);\ (\beta_{m+q-3}),\ \beta_{m+q-2}+n\end{matrix}\right)\quad(2\cdot5)$$

उपपत्ति : (2·5) में बाईं ओर (1·0) में से प्रतिस्थापित करने पर, समाकलन तथा संकलन का क्रम बदलने पर, (1·4) का व्यवहार

$$\Gamma(1-\beta_{m+q-2}+s-n)\Gamma(\beta_{m+q-2}-s+n)=(-1)^n\Gamma(\beta_{m+q-2}-s)\Gamma(1+s-\beta_{m+q-2})$$

सम्बन्ध के साथ करने तथा (1·0) की सहायता से विवेचना करने पर (2·5) की दाहिनी दिशा प्राप्त होती है। $n=1$ पर निम्नांकित रोचक उपप्रमेय प्राप्त होती है।

$$(1-a_1+\beta_{m+q-2})\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);\ (a_m)\\(b_4);\ (\beta_{m+q-2})\end{matrix}\right)$$

$$=\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}a_1-1,\ a_2,\ \ldots\ a_q;\ (a_m)\\(b_4);\ (a_{m+q-2})\end{matrix}\right)-\phi\left(\frac{p^2}{4}\middle|\begin{matrix}(a_q);(a_m)\\(b_4);\ (\beta_{m+q-3}),\ (\beta_{m+q-2}+1\end{matrix}\right)$$

निर्देश

1. शर्मा, के० सी०। मैथ० जाइटश्र०, 1965, **89**, 94-97.
2. मैकराबर्ट, टी० एम०। Function of Complex variables. 1958, p. 368, 363.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No. 1, January 1969, Pages 25-30

H-फलन - IV

के० सी० गुप्ता,
गणित विभाग, एम० आर० इंजीनियरिंग कालेज, जयपुर
तथा
यू० सी० जैन
गणित विभाग, उदयपुर विश्वविद्यालय, उदयपुर

[प्राप्त—नवम्बर 10, 1967]

सारांश

इस टिप्पणी में H फलन का सूत्र स्थापित किया गया है। राइट के सार्वीकृत बेसेल तथा हाइपर-ज्यामितीय फलनों के कुछ सूत्र तथा H फलन और माइजर के G फलन को सम्बन्धित करने वाला समान्य सूत्र हमारे द्वारा प्राप्त परिणाम की विशिष्ट दशाओं के रूप में प्राप्त होते हैं।

Abstract

The H-function IV. *By* K. C. Gupta, Department of Mathematics, M. R. Engg. College, Jaipur, and U. C. Jain, Department of Mathematics, University of Udaipur, Udaipur.

The aim of this note is to establish a formula for the H-function. Certain formulae for Wright's generalized Bessel and hypergeometric functions as well as a general formula connecting the H-function and Meijer's G-function follow as particular cases of our result.

1. **H-फलन :** फाक्स [3, p 408] द्वारा प्रचलित H फलन को निम्नांकित प्रकार अंकित एवं पारिभाषित किया जावेगा

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x \left|\begin{matrix}(a_1, \alpha_1), (a_2, \alpha_2), \ldots, (a_p, \alpha_p)\\(b_1, \beta_1), (b_2, \beta_2), \ldots, (b_q, \beta_q)\end{matrix}\right.\right]$$

$$=\frac{1}{2\pi i}\int_L \frac{\prod_{j=1}^{m}\Gamma(b_j-\beta_j\xi)\prod_{j=1}^{n}\Gamma(1-a_j+\alpha_j\xi)}{\prod_{j=m+1}^{q}\Gamma(1-b_j+\beta_j\xi)\prod_{j=n+1}^{p}\Gamma(a_j-\alpha_j\xi)}\, x^{\xi}\, d\xi \tag{1.1}$$

जहाँ x शून्य के तुल्य नहीं है तथा रिक्त गुणनफल को इकाई के बराबर माना जावेगा; p, q, m, n ऐसी पूर्ण सख्यायें हैं कि $1 \leqslant m \leqslant q$, $0 \leqslant n \leqslant p$; $\alpha_j (j=1. \ldots, p)$, $\beta_j (j=1, \ldots, q)$, धनात्मक संख्यायें हैं तथा $a_j (j=1, \ldots, p)$, $b_j (j=1, \ldots, q)$ ऐसी संकीर्ण संख्यायें हैं कि $\Gamma(b_h - \beta_h \xi)(h=1, \ldots, m)$, का कोई भी पोल (pole) $\Gamma(1-a_i+\alpha_i \xi)(i=1, \ldots, n)$ से संगमित नहीं होता।

अर्थात्
$$\alpha_i(b_h+\nu) \neq (a_i-\eta-1) \tag{1.2}$$

$(\nu, \eta=0, 1 \ldots; h=1, \ldots, m; i=1, \ldots, n)$

साथ ही, कंटूर L $\sigma-i^\infty$ से $\sigma+i^\infty$ तक इस प्रकार प्रसरित है कि बिन्दु

$$\xi = \frac{(b_h+\nu)}{\beta_h}(h=1, \ldots, m; \nu=0, 1, \ldots;) \tag{1.3}$$

जो $\Gamma(b_h - \beta_h \xi)$ के पोल हैं वे L के दाहिनी ओर स्थित हैं और बिन्दु

$$\xi = \frac{(a_i-\eta-1)}{\alpha_i}(i=1, \ldots, n; \eta=0, 1, \ldots;) \tag{1.4}$$

जो $\Gamma(1-a_i+\alpha_i \xi)$ के पोल हैं वे बाईं ओर स्थित हैं। ऐसा कंटूर (1.1) के कारण सम्भव है। H फलन सम्बधी इन मान्यताओं पर पूरे शोधपत्र में अटल रहा जावेगा।

2. इस अनुभाग में निम्नांकित सूत्र सिद्ध किया जावेगा

$$H^{m,\, n}_{n+r,\, m+k}\left[x \left| \begin{matrix}(a_1, \alpha_1), \ldots, (a_u, \alpha_n), \ldots, (c_1, \gamma_1), \ldots, (c_r, \gamma_r) \\ (b_1, \beta_1), \ldots, (b_m, \beta_m), \ldots, (d_1, \delta_1), \ldots, (d_k, \delta_k)\end{matrix}\right.\right]$$
$$=(2\pi)^{1/2(m+n-k-r+K+R-M-N)}$$

$$\times \prod_{j=1}^{n} (N_j)^{1/2-a_j} \prod_{j=1}^{r} (R_j)^{1/2-c_j} \prod_{j=1}^{m} (M_j)^{b_j-1/2} \prod_{j-1}^{k} (K_j)^{d_j-1/2}$$

$$\times H^{M,\, N}_{N+R,\, M+K}\left[\frac{x\alpha\gamma}{\beta\delta} \left| \begin{matrix}\{(\triangle(N_n, a_n), (\alpha_n/N_n)\}, & \{(\triangle(R_r\, c_r), \gamma_r/R_r)\} \\ \{(\triangle(M_m, b_m), (\beta_m/M_m)\}, & \{(\triangle(K_r, d_k), \delta_k K_k)\}\end{matrix}\right.\right] \tag{2.1}$$

जहाँ $M_1, \ldots, M_m$; $N_1 \ldots, N_n$; $K_1, \ldots, K_k$ तथा $R_1 \ldots, R_r$ धनात्मक पूर्ण संख्यायें हैं तथा

(i) $\sum_{j=1}^{m} (M_j)$, $\sum_{j=1}^{n} (N_j)$, $\sum_{j=1}^{k} (K_j)$ तथा $\sum_{j=1}^{r} (R_j)$ के लिये क्रमशः M, N, K, R

(ii) $\sum_{j=1}^{n} (N_j)\alpha_j$; $\sum_{j=1}^{m} (M_j)\beta_j$; $\sum_{j=1}^{r} (R_j)\gamma_j$; तथा $\sum_{j=1}^{k} (K_j)\delta_j$ के लिये क्रमशः $\alpha, \beta, \gamma, \delta$

(iii) $\left(\triangle(M_m, b_m), \frac{\beta_m}{M_m}\right)$ M_m युग्मों के लिए

$$\left(\frac{b_m}{M_m}, \frac{\beta_m}{M_m}\right), \left(\frac{b_m+1}{M_m}, \frac{\beta_m}{M_m}\right), \ldots, \left(\frac{b_m+M_m-1}{M_m}, \frac{\beta_m}{M_m}\right)$$

(iv) तथा $\left\{\left(\triangle(M_m, b_m), \frac{\beta_m}{M_m}\right)\right\}$ M युग्मों के लिये

$$\left(\triangle(M_1, b_1), \frac{\beta_1}{M_1}\right), \left(\triangle(M_2\ b_2), \frac{\beta_2}{M_2}\right), \ldots, \left(\triangle(M_m, b_m), \frac{\beta_m}{M_m}\right)$$ लिखेंगे।

उपपत्ति : H-फलन की परिभाषा से

$$H^{m,\ n}_{n+r,\ m+k}\left[\ x \left|\begin{matrix}(a_1, a_1), \ldots, (a_n, a_n),\ (c_1, \gamma_1), \ldots, (c_r, \gamma_r) \\ (b_1, \beta_1), \ldots, (b_m, \beta_m)\ (d_1, \delta_1), \ldots, (d_k, \delta_k)\end{matrix}\right.\right]$$

$$= \frac{1}{2\pi i} \int_L \frac{\prod_{j=1}^{m} \Gamma(b_j-\beta_j\xi) \prod_{j=1}^{n} \Gamma(1-a_j+a_j\xi)}{\prod_{j=1}^{k} \Gamma(1-d_j+\delta_i\xi) \prod_{j=1}^{r} \Gamma(c_j-\gamma_j\xi)} x^\xi\ dx \qquad (2.2)$$

प्राप्त होता है। गामा फलन [2 p. 4] के लिये गुणन सूत्र के बल पर हमें

$$\Gamma(b_j-\beta_j\xi) = \Gamma M_j\left(\frac{b_j}{M_j} - \frac{\beta_j}{M_j}\xi\right)$$

$$= (2\pi)^{1/2(1-M_j)} (M_j)^{b_j-1/2-\beta_j\xi} \prod_{i=0}^{Mj-1} \Gamma\left(\frac{b_j+i}{M_j} - \frac{\beta_j}{M_j}\xi\right)$$

प्राप्त होगा।

अत :

$$\prod_{j=1}^{m} \Gamma(b_j-\beta_j\xi) = (2\pi)^{1/2(m-M)} \prod_{j=1}^{m} (M_j) b_j^{-1/2-\beta_j\xi})$$

$$\times \left[\prod_{j=0}^{M_1-1} \Gamma\left(\frac{b_1+i}{M_1} - \frac{\beta_1}{M_1}\xi\right)\right]\left[\prod_{i=0}^{M_2-1} \Gamma\left(\frac{b_2+i}{M_2} - \frac{\beta_2}{M_2}\xi\right)\right] \ldots \left[\prod_{i=0}^{M_m-1} \Gamma\left(\frac{b_m+i}{M_m} - \frac{\beta_m}{M_m}\right)\right]$$

ऊपर दी गई विधि के अनुसार हम

$$\prod_{j=1}^{n} \Gamma(1-a_j+a_j\xi), \prod_{j=1}^{k} \Gamma(1-d_j+\delta_j\xi), \text{ तथा } \prod_{j=1}^{r} \Gamma(c_j-\gamma_j\ \xi)$$

के भी मान प्राप्त करेंगे और इन मानों को (2.2) के समाकल्य में रखेंगे। इस प्रकार बने नवीन समाकल को (1.1) की सहायता से समझने पर हमें वांछित फल की प्राप्ति होगी।

3. (2.1) **की विशिष्ट दिशाएँ** : निम्नांकित श्रेणियों द्वारा व्यक्त फलनों की खोज राइट [5] द्वारा की गई :

$$\sum_{r=0}^{\infty}\frac{1}{\Gamma(1+\nu+\mu r)}\frac{(-x)^r}{r!} \tag{A}$$

तथा

$$\sum_{r=0}^{\infty}\frac{\prod_{j=1}^{p}\Gamma(a_j+\alpha_j r)}{\prod_{j=1}^{q}\Gamma(b_j+\beta_j r)}\frac{(-x)^r}{r!} \tag{B}$$

हम इन फलनों को क्रमश :

$\mathcal{J}_{\nu}^{\mu}(x)$ तथा ${}_p\psi_q\left[\begin{matrix}(a_1,\alpha_1),\ldots,(a_p,\alpha_p)\\(b_1,\beta_1),\ldots,(b_q,\beta_q)\end{matrix};x\right]$ संकेतों द्वारा व्यक्त करेंगे और इन्हें राइट के सार्वीकृत बेसेल तथा सार्वीकृत हाइपरज्यामितीय फलनों के नाम से पुकारेंगे। (A) तथा (B) श्रेणियों की तुलना ब्राक्स्मा द्वारा दिये गये H फलन की निम्नांकित श्रेणियों [1, p. 279] से करने पर

$$H_{p,q}^{m,n}\left[x\,\begin{matrix}(a_1,\alpha_1),\ldots,(a_p,\alpha_p)\\(b_1,\beta_1),\ldots,(b_q,\beta_p)\end{matrix}\right]$$

$$=\sum_{h=1}^{m}\sum_{r=0}^{\infty}\frac{\prod_{j=1}^{m}\Gamma\left(b_j-\frac{\beta_j(b_h+r)}{\beta_h}\right)\prod_{j=1}^{n}\Gamma\left(1-a_j+\frac{\alpha_j(b_h+r)}{\beta_h}\right)(-1)^r x^{\frac{b_h+r}{\beta_h}}}{\prod_{j=m+1}^{q}\Gamma\left(1-b_j+\beta_j\frac{(b_h+r)}{\beta_h}\right)\prod_{j=n+1}^{p}\Gamma\left(a_j-\alpha_j\frac{(b_h+r)}{\beta_h}\right)r!\,\beta_h} \tag{3·1}$$

जहाँ $\sum_{j=1}^{m'}$ का तात्पर्य गुणकों के गुणनफल से है जिसमें $j=1,\ldots,j=m,\ j=h$;

हमें राइट के फलनों एवं H-फलन के मध्य निम्नांकित सम्बन्ध प्राप्त होते हैं

$$\mathcal{J}_{\nu}^{\mu}(x)=H_{0,2}^{1,0}\left[x\,\middle|(0,1),(-\nu,\mu)\right] \tag{3·2}$$

$$\begin{aligned}&{}_p\psi_q\left[\begin{matrix}(a_1,\alpha_1),\ldots,(a_p,\alpha_p)\\(b_1,\beta_1),\ldots,(b_q,\beta_q)\end{matrix};-x\right]\\&=H_{p,q+1}^{1,p}\left[x\,\middle|\begin{matrix}(1-a_1,\alpha_1),\ldots,(1-a_p,\alpha_p)\\(0,1),(1-b_1,\beta_1)\ldots,(1-b_q,\beta_q)\end{matrix}\right]\end{aligned} \tag{3·3}$$

(2.1) में प्राचलों के विशिष्टीकरण पर (3.2) तथा (3.3) सम्बन्धों के बल पर हमें निम्नांकित परिणाम प्राप्त होते है :

(a)
$$\mathcal{J}_{\nu}^{\mu}(x)=(2\pi)^{1/2(K_1-M_1)}\ M_1^{-1/2}\ K_1^{-\nu-1/2}$$

$$\times H_{0,\ M_1+K_1}^{M_1,\ 0}\left[\frac{x}{M_1K_1\mu}\left(\triangle(M_1,0),\frac{1}{M_1}\right),\ \left(\triangle(K_1,-\nu),\frac{\mu}{K_1}\right)\right] \qquad (3\cdot4)$$

जहाँ M_1 तथा K_1 धनात्मक पूर्ण संख्यायें हैं तथा (3·4) के बाईं ओर के शेष संकेतों को समीकरण (2·1) के अन्तर्गत (iii) में दिये गये संकेतों से समझा जा सकता है।

(b)
$${}_p\psi_q\left[\begin{matrix}(a_1,\alpha_1),\ \ldots,\ (a_p,\alpha_p)\\(b_1,\beta_1),\ \ldots,\ (b_q,\beta_q)\end{matrix};\ -x\right]=(2\pi)^{1/2(p-P+Q-q)}$$

$$\times\prod_{j=1}^{p}(P_j)^{a_j-1/2}\prod_{j=1}^{q}(Q_j)^{1/2-b_j}\ {}_p\psi_q\left[\begin{matrix}\{(\triangle(P_p,a_p),\ \alpha_p/P_p)\}\\\{(\triangle(Q_q,b_q),\beta_q/Q_q)\}\end{matrix};\ \frac{-x\prod_{j=1}^{p}(P_j)^{\alpha_j}}{\prod_{j=1}^{q}(Q_j)^{\beta_j}}\right] \qquad (3\cdot5)$$

जहाँ $P_1, \ldots, P_p$ तथा $Q_1, \ldots, Q_q$ धनात्मक पूर्ण संख्याएँ हैं; P तथा Q क्रमशः $\sum_{j=1}^{p}(P_j)$, $\sum_{j=1}^{q}(Q_j)$ के लिये प्रयुक्त हैं और शेष संकेतों का अर्थ (2.1) के अन्तर्गत (iii) तथा (iv) में आये संकेतों से निकाला जा सकता है।

(c) यदि हम मान लें कि (2·1) में $\alpha_1=N_1$, $\alpha_2=N_2$, ..., $\alpha_n=N_m$; $\beta_1=M_1$, $\beta_2=M_2$,..., $B_m=M_m$; $\gamma_1=R_1$, $\gamma_2=R_2$...., $\gamma_r=R_r$; $\delta_1=K_1$, $\delta_2=K_2$, ..., $\delta_k=K_k$ तो लेखक [4] द्वारा प्राप्त ऐसे परिणाम की प्राप्ति होगी जो H फलन तथा माइजर के G फलन को सम्बन्धित करता है

$$H_{n+r,\ m+k}^{m,\ n}\left[x\left|\begin{matrix}(a_1,N_1),\ \ldots,\ (a_n,N_n),\ (c_1,R_1),\ \ldots,\ (c_r,R_r)\\(b_1,M_1),\ \ldots,\ (b_m,M_m),\ (d_1,K_1),\ \ldots,\ (d_k,K_k)\end{matrix}\right.\right]$$

$$=(2\pi)^{1/2(m+n-k-r+K+R-M-N)}$$

$$\times\prod_{j=1}^{n}(N_j)^{1/2-a_j}\prod_{j=1}^{r}(R_j)^{1/2-c_j}\prod_{j=1}^{m}(M_j)^{b_j-1/2}\prod_{j=1}^{k}(K_j)^{d_j-1/2}$$

$$\times G_{N+R,\ M+k}^{M,\ N}\left[\frac{x\prod_{j=1}^{n}(N_j)^{N_j}\prod_{j=1}^{r}(R_j)^{R_j}}{\prod_{1}^{m}(M_j)^{M_j}\prod_{1}^{k}(K_j)^{k_j}}\left|\begin{matrix}\{\triangle(N_n,a_n)\},\ \{\triangle(R_r,c_r)\}\\\{\triangle(M_m,b_m)\},\{\triangle(K_k,d_k)\}\end{matrix}\right.\right] \qquad (3\cdot6)$$

जहाँ

(i) $\triangle(M_m, b_m)$ का प्रयोग

$$\frac{b_m}{M_m}, \frac{b_m+1}{M_m}, \ldots, \frac{b_m+M_m-1}{M_m}$$ प्राचलों के लिये

(ii) $\{\triangle(M_m, b_m)\}$ का प्रयोग

$\triangle(M_1, b_1), \triangle(M_2, b_2), \ldots, \triangle(M_m, b_m)$, के लिये हुआ है।

(3.6) में दिये गये शेष संकेतों का वही अर्थ एवं वही सीमायें हैं जो (2.1) में दी हैं।

निर्देश

1. ब्राक्स्मा, बी॰ जे॰ एल॰। Compos. Maths. 1963, **15**, 279.
2. एर्डेल्यी, ए॰ तथा अन्य। Higher Transcendental function, **भाग** 1, **मैकग्राहिल न्यूयार्क**, 1953, **पृ॰** 4, 207.
3. फाक्स, सी॰। **ट्रांजे॰ अमे॰ मैथ॰ सोसा॰**, 1961, **98,** 408.
4. गुप्ता, के॰ सी॰ तथा जैन, यू॰ सी॰। **प्रोसी॰ नेश॰ एके॰ साइंस (इंडिया) में प्रकाशनार्थ स्वीकृत।**
5. राइट, ई॰ एन॰। **प्रोसी॰ लन्दन मैथ॰ सोसा॰**, 1935, **38**, 257.
6. वही। **जर्न॰ लन्दन मैथ॰ सोसा॰**, 1935, **10**, 287.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No. 1, January, 1969, Pages 31-33

5-सल्फोसैलिसिलिक अम्ल द्वारा निर्मित नीले परक्रोमेट के पी-एच का अध्ययन

बी० उपाध्याय,

रसायन विभाग, सतीशचन्द्र कालेज, बलिया

[प्राप्त–मार्च 21, 1968]

सारांश

5-सल्फोसैलिसिलिक अम्ल के द्वारा तैयार किये गये ईथरीय नीले परक्रोमेट का पी–एच मापन जल में इसके विघटन के विभिन्न समयान्तरों पर किया गया। यह स्पष्टतः ज्ञात हुआ कि ईथरीय नीला यौगिक एवं जल में इसके अपघटन से प्राप्त उत्पाद क्रमशः क्रोमियम परक्रोमेट तथा क्रोमियम डाइक्रोमेट हैं।

Abstract

Study of pH of blue perchromate prepared with 5-sulphosalicylic acid. *By* B. Upadhyay, Department of Chemistry, Satish Chandra College, Ballia.

The pH of ethereal blue perchrmoate prepared with 5-sulphosalicylic acid has been measured during its decomposition in water at different time intervals and its water decomposition product at different dilutions. It is clear from the observations that ethereal blue compound and its water decomposition product in water are chromium perchromate and chromium dichromate respectively.

बैरेस्विल[1] तथा रीजेनफेल्ड[2] ने पोटैशियम डाइक्रोमेट तथा हाइड्रोजन पराँक्साइड के अम्लीकृत विलयन के तैयार किये गये नीले यौगिक को अम्लीय प्रकृति का बताया। श्वार्ज तथा गीज[3] ने नीले यौगिक के लिये CrO_5 सूत्र प्रदान किया जिसकी प्रकृति पराक्साइडीय है और इसके विघटन उत्पाद का सूत्र CrO_3 है। इधर राय[4] ने अम्लीय तथा पराक्साइड प्रकृति का निराकरण किया है और इसके लिये $Cr_2(Cr_2O_{10})_3$ सूत्र प्रस्तावित करते हुये अन्य पर-लवणों की तुलना में इसका नाम क्रोमियम परक्रोमेट रखा है। उन्होंने यह भी प्रस्तावित किया है कि जल में इसका विघटन-उत्पाद क्रोमियम डाइक्रोमेट $Cr_2(Cr_2O_7)_3$ होगा।

विभिन अवस्था के अन्तर्गत ईथरीय नीले यौगिक के विघटन के समय पी-एच मापन सम्बन्धी यथेष्ट आँकडे प्राप्त नहीं हैं फलतः यह उचित समझा गया कि 5-सल्फोसैलिसिलिक अम्ल के द्वारा तैयार

किये गये ईथरीय नीले परक्रोमेट के जल में विघटन के विभिन्न कालान्तरों पर पी-एच का अध्ययन किया जाय। साथ ही जल में अपघटन उत्पाद के पी-एच का भी अध्ययन विभिन्न सान्द्रताओं पर किया जाय जिससे इस यौगिक की विवादग्रस्त प्रकृति एवं सही सूत्र की सम्पुष्टि की जा सके। 5-सल्फोसैलिसिलिक अम्ल H^+ तथा जटिल निर्मायक सल्फोसैलिसिलेट आयन (Su'') दोनों ही प्रदान कर सकता है।

प्रयोगात्मक

सभी प्रयुक्त रसायन वैश्लेषिक कोटि के थे और उन्हें मिश्रित करने के पूर्व ठंडा कर लिया गया। ईथरीय नीले परक्रोमेट के विघटन के लिये चालकता-जल का प्रयोग किया गया।

ईथरीय नीला परक्रोमेट तैयार करने के लिये 20 मिली० पोटैशियम डाइक्रोमेट, 0·4 N सल्फो-सैलिसिलिक अम्ल (250 मिली०), ईथर (60 मिली०) तथा 10 आयतन वाले हाइड्रोजन पराक्साइड (5 मिली०) को मिलाया गया। ईथरीय तह को पृथक करके उसे हिमशीतल जल से कई बार (4–5 बार) धोया गया जिससे अशुद्धियाँ दूर हो जायँ। अन्त में इसे हिमशीतित्र में 2–3 घंटे तक रखा गया जिससे यदि कोई जल शेष हो तो वह जम जाये।

पी-एच मापन:—20 मिली० नीले परक्रोमेट को 25 मिली० चालकता-जल के साथ मिलाया गया। इसके पूर्व चालकता-जल का पी-एच ज्ञात पर किया जा चुका था। विभिन्न समयान्तरों पर जो परिवर्तन हुये उन्हें तब तक अंकित किया गया जब तक नीला परक्रोमेट पूर्णतया विघटित (पीला) नहीं हो गया। विभिन्न तनुताओं पर जल में विघटन उत्पाद के पी-एच परिवर्तनों को भी मापा गया। इन मापनों के लिये फिलिप्स पी० आर० 9400 पी-एच मापी उपयोग में लाया गया। प्राप्त परिणाम सारणी-1 में दिये गये हैं।

सारणी 1

ताप=30°C, 5 मिली० नीले परक्रोमेट के लिये 6·25 मिली० $N/300$ सोडियम थायोसल्फेट लगा

समय, मिनट में	विघटन के समय जल का pH	जल की विद्युत चालकता	जल में pH
00	6·900	0	3·350
6	4·100	5	3·450
10	3·900	10	3·450
20	3·750	15	3·500
30	3·650	20	3·575
50	3·500	25	3·625
60	3·425	30	3·675
75	3·404	40	3·725
90	3·375	50	3·800
115	3·350	60	3·850
120	3·350	75	3·975
		100	4·000
			4·100

विवेचना

विघटन के समय जल के पी-एच मान 3·35 तथा 4·10 के मध्य पाये गये जो कि डाइक्रोमेट विलयन के लिये बाबटेल्सकी इत्यादि [5] द्वारा प्रस्तावित मान, 4·500, के निकट हैं। यदि विलयन में क्रोमिक अम्ल होता तो ये मान और न्यून होते और तनूकरण पर पी-एच मानों में ऐसा अन्तर नहीं देखा जाता (हार्टफोर्ड [6] के अनुसार)। जब जल विघटन उत्पाद को चालकता-जल द्वारा तन्वित कर दिया जाता है तो पी-एच काफी बदल जाता है। यह हार्टफोर्ड के प्रेक्षणों के विपरीत है। फलतः ईथरीय नीला यौगिक न तो अम्लीय हो सकता है और न जल विघटन उत्पाद क्रोमिक अम्ल हो सकता है। यह डाइक्रोमेट विलयन है जैसा कि राय [4] ने प्रस्तावित किया है।

पी-एच का परास (3·35–4·18) आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि यूमुरा तथा स्यूडा [7] ने यह देखा है कि क्रोमियम के जटिल तथा क्लोरीन प्रतिस्थापित ऐमीनों का पी-एच $\frac{1}{300}$ से $\frac{1}{500}$ आणुक सान्द्रता पर 3–4 के परास में होता है।

अतः यह निष्कर्ष निकाला गया कि 5-सल्फोसैलिसिलिक अम्ल द्वारा तैयार किये गये ईथरीय नीले यौगिक एवं उसके जलविघटन-उत्पाद क्रमशः क्रोमियम परक्रोमेट तथा क्रोमियम डाइक्रोमेट हैं जिनके संघटन क्रमशः $(Cr\,Su)_3\,[Cr\,(Cr_2\,O_{10})_3]$ तथा $(Cr\,Su)_3\,[Cr\,(Cr_2\,O_7)_3$ होंगे[8]। ये राय[4] द्वारा प्रस्तावित नीले परक्रोमेट के सूत्र $Cr_2\,(Cr_2\,O_{10})_3$ की समता पर निर्दिष्ट किये गये हैं। इस प्रकार पी-एच मापनों के आधार पर यह कहना तर्कसंगत होगा कि नीला यौगिक CrO_5 न होकर क्रोमियम परक्रोमेट $Cr_2(Cr_2O_{10})_3$ है।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक विद्यालय के प्राधानाचार्य श्री पारस नाथ का आभारी है जिन्होंने सुविधायें प्रदान कीं।

निर्देश

1. बैरेस्विल, सी० एल० ए०। **एना० किम० फिजि०** 1848, **20**, 364.
2. रीजेनफेल्ड, ई० एच०। **बेरि० दवाश० केम०**, 1905, **38**, 4068.
3. श्वार्ज, आर० तथा गीज़, एच०। वही, 1932, **65 बी**, 871.
4. राय, आर० सी०। **डी० एस-सी० थीसिस, इलाहाबाद विश्वविद्यलय,** 1962.
5. बाबटेल्स्की, एम०, ग्लास्नर, ए० तथा चैकिन, एल०। **जर्न० अमे० केमि० सोसा०**, 1945, **67**, 966.
6. हार्टफोर्ड, डब्लू० एच०। **इंड० इंजी० केमि० (एनालि०)**, 1942, **14**, 174.
7. यूमुरा, आई० टी० तथा स्यूडा, एम०। **बुले० फैकल्टा मेटियर्स**, 1935, **4**, 29.
8. उपाध्याय, वी०। **बुले० केमि० सोसा० जापान में प्रकाशनार्थ प्रेषित।**

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 1, No. 1, January 1969, Pages 35-40

दो चरों वाले माइजर-लैपलास परिवर्त की शृंखला

एन० सी० जैन

गणित विभाग, श्री जी० एस० टक्नालाजिकल इंस्टीच्यूट, इंदौर

[प्राप्त—नवम्बर 7,1967]

सारांश

प्रस्तुत शोध पत्र में दो चरों वाले माइजर-लैपलास परिवर्त की शृंखला प्राप्त की गयी है जो अन्य परिवर्तों के रूप में रोचक परिणाम प्रदान करती है।

Abstract

On chains of Meijer-Laplace transform of two variables. *By* N. C. Jain, Department of Mathematics, Shri G.S. Technological Institute, Indore.

In this paper we have obtained a chain of Meijer-Laplace transform of two variables which yield interesting results in other transforms to which it reduces.

1. **भूमिका :** समाकल समीकरण द्वारा माइजर-लैप्लास परिवर्त की परिभाषा [2, p. 57] निम्नांकित रूप में की जाती है

$$F(p)=p\int_0^\infty G^{m+1,\,0}_{m,\,m+1}\left(px\,\Big|\,\begin{matrix}\xi_1+\alpha_1,\,\ldots,\,\xi_m+\alpha_m\\ \xi_1,\,\ldots,\,\xi_{m+1}\end{matrix}\right)f(x)\,dx,\quad R(p)>0. \tag{1·1}$$

लेखक [4] ने दो चरों वाले माइजर-लैपलास परिवर्त को

$$F(p,q)=pq\int_0^\infty\!\!\int^* G^{m+1,\,0}_{m,\,m+1}\left(px\,\Big|\,\begin{matrix}\xi_1+\alpha,\,\ldots,\,\xi_m+\alpha_m\\ \xi_1,\ldots,\,\xi_{m+1}\end{matrix}\right)\times$$
$$G^{n+1,\,0}_{n,\,n+1}\left(qy\,\Big|\,\begin{matrix}\eta_1+\beta_1,\ldots,\eta_n+\beta_n\\ \eta_1;\,\ldots,\,\eta_{n+1}\end{matrix}\right)f(x,y)\,dx\,dy,$$
$$R^*(p,q)>0. \tag{1·2}$$

---

*संक्षेपण की दृष्टि से $\int_0^\infty\!\int$ संकेत द्वारा $\int_0^\infty\!\int_0^\infty$ को तथा $R(p,q)>0$ संकेत द्वारा $R(p)>0$, $R(q)>0$ को अंकित किया गया है।

रूप में प्रचलित किया है। हम इस समाकल समीकरण को निम्न प्रकार से अंकित करेंगे।

$$F(p, q)=G[f(x, y)].$$

यदि

$$a_j=0,\ j=1, 2, \ldots, (m-1);\ \beta_j=0,\ j=1, 2, \ldots, (n-1)$$

तथा

(a) $a_m=\xi_{m+1}=0;\quad \beta_n=\eta_{n+1}=0,\ G_{0,1}^{1,0}\left(z\,\middle|\,\begin{matrix}-\\0\end{matrix}\right)=e^{-z}$, का प्रयोग करें

तो (1·2) से

$$F(p, q)=\int_0^\infty\!\!\int e^{-px-qy} f(x,y)\,dx\,dy,\quad R(p, q)>0, \tag{1·3}$$

प्राप्त होगा जिसे संकेत रूप में

$$F(p, q)\doteqdot f(x, y)$$

द्वारा प्रदर्शित करेंगे और यह दो चरों वाले [3, p. 39] लैपलास परिवर्त के नाम से ज्ञात है।

(b) $a_m=-m-k,\ \xi_m=m-k, \xi_{m+1}=-m-k;\ \beta_n=-m_1-k_1$

$\eta_n=m_1-k_1,\ \eta_{n+1}=-m_1-k_1$

तो (1·2) से

$$F(p, q)=pq\int_0^\infty\!\!\int e^{-1/2px-1/2qy}\,(px)^{-k-1/2}\,(qy)^{-k_1-1/2}W_{k+1/2, m}(px)W_{k_1+1/2, m}(qy)\,f(x,y)\,dx\,dy,\quad R(p, q)>0, \tag{1·4}$$

प्राप्त होगा और यह दो चरों वाले [5, p. 83] माइजर परिवर्त के नाम से ज्ञात है।

(c) $\xi_m=2m,\ a_m=\frac{1}{2}-m-k,\ \xi_{m+1}=0;\ \eta_n=2m_1,\ \beta_n=\frac{1}{2}-m_1-k_1,\ \eta_{n+1}=0,$

तो (1·2) से

$$F(p, q)=pq\int_0^\infty\!\!\int e^{-1/2px-1/2qy}(px)^{m-1/2}(qy)^{m_1-1/2}W_{k,m}(px)\,W_{k_1, m_1}(qy)\,f(x,y)\,dx\,dy,\quad R(p, q)>0, \tag{1·5}$$

प्राप्त होगा जिसे हम दो चरों वाला वर्मा-परिवर्त [6] कहेंगे।

इस टिप्पणी में हमने दो चरों वाले माइजर-लैपलास परिवर्त की श्रृंखला प्राप्त की है जिससे अन्य परिवर्तों से सम्बन्धित रोचक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

2. हमें निम्नांकित परिणामों की आवश्यकता पड़ेगी जो सक्सेना [7, p. 401] द्वारा दिये गये परिणामों का अनुसरण करते हैं।

$$\int_0^\infty t^{\sigma-1}\, G_{q,\,r}^{h,\,l}\left(pt\,\middle|\begin{matrix}a_1,\,\ldots,\,a_q\\ \beta_1,\,\ldots,\,\beta_r\end{matrix}\right)\; G_{\nu,\,\delta}^{\alpha,\,\beta}\left(zt^n\,\middle|\begin{matrix}a_1,\,\ldots,\,a_\nu\\ b_1,\,\ldots,\,b_\delta\end{matrix}\right)dt$$

$$=p^{-\sigma}(2\pi)^{(1-n)(h+l-1/2q-1/2r)}\; n^{\sum\limits_{r=1}^{r}\beta_i-\sum\limits_{r=1}^{q}a_i+(\sigma-\frac{1}{2})(r-q)}$$

$$\times G_{\nu+nr,\;\delta+nq}^{\alpha+nl,\;\beta+nh}\left(\frac{z}{p^n n^{n(q-r)}}\,\middle|\begin{matrix}a_1,\,\ldots,\,a_\beta,\,\triangle(n,-\beta_1-\sigma+1),\,\ldots,\,\triangle(n,-\beta_r-\sigma+1),\,a_{\beta+1},\,\ldots,\,a_\nu\\ b_1,\,\ldots,\,b_\alpha,\,\triangle(n,-a_1-\sigma+1),\,\ldots,\,\triangle(n,-a_q-\sigma+1),\,b_{\alpha+1},\,\ldots,\,b_\delta\end{matrix}\right) \tag{2·1}$$

यदि $R(p)>0,\ 0\leqslant nq\leqslant nr<nq+\delta-\nu\ ;\ q+r<2h\leqslant 2r\ ;\ 0\leqslant\beta\leqslant\nu\ ;\ 1\leqslant\alpha\leqslant\delta\ ;\ l=0,$ $R(\min\,\beta_i+n\min\,b_j)>R(-\sigma),$

$$i=1,2,\ldots,h,\quad j=1,2,\ldots,\alpha\ ;\quad |\arg p|<(h+l-\tfrac{1}{2}q-\tfrac{1}{2}r)\pi,\quad \arg z$$

कोई भी मान ग्रहण करे ।

$$G_{2\alpha,\,0}^{0,\,2\alpha}\left(\frac{2\alpha}{ps}\right)^{2\alpha}\Big/\triangle(2\alpha,\,2\alpha)\ \Big)=2^{3\alpha-2}\,\pi^{\alpha-1/2}\,\alpha^{2\alpha-3/2}(ps)^{1-2\alpha}\,e^{-ps}, \tag{2·2}$$

जहाँ α धनात्मक पूर्ण संख्या है ।

पूरे निवन्ध में $\triangle(n,\theta)$ संकेत का प्रयोग $\frac{\theta}{n},\frac{\theta+1}{n},\ldots,\frac{\theta+n-1}{n}$, प्राचल-समुच्चय को व्यक्त करने के लिए हुआ है जिसमें n धनात्मक पूर्ण संख्या है; $\triangle(n,\theta_r)$ संकेत द्वारा $\triangle(n,\theta_1),\ \triangle(n,\theta_2),\ \ldots\ldots,\ \triangle(n,\theta_r)$ प्राचल-समुच्चय का बोध होता है तथा (θ_r) संकेत द्वारा $\theta_1,\theta_2,\ldots,\theta_r$ प्राचल-समुच्चय का ।

3. प्रमेय : यदि

$$F_1(p,q)=G[f(x,y)], \tag{3·1}$$

$$F_2(p,q)=G\left[(xy)^{-1/2}\,F_1\left(\frac{1}{x},\frac{1}{y}\right)\right] \tag{3·2}$$

$$F_3(p,q)=G\left[\frac{4(xy)^{1/2}}{\pi}\,F_2\left(\frac{1}{4x^2},\frac{1}{4y^2}\right)\right], \tag{3·3}$$

$$F_4(p,q)=G\left[\frac{4(xy)^{1/2}}{\pi}\,F_3\left(\frac{1}{4x^2},\frac{1}{4y^2}\right)\right], \tag{3·4}$$

....

....

$$E_r(p,q)=G\left[\frac{4(xy)^{1/2}}{\pi}F_{r-1}\left(\frac{1}{4x^2},\frac{1}{4y^2}\right)\right], \tag{3·5}$$

तो

$$F_r\left(\frac{p^2}{4},\frac{q^2}{4}\right)=2^{3r+2\alpha-4r\alpha-4}\,\pi^{2-2\alpha}\prod_{r=2}^{r}\left[a^{\xi_{m+1}+\eta_{n+1}-\sum_{i=1}^{m}a_i-\sum_{i=1}^{n}\beta_i}\right](pq)^{2\alpha+1} \tag{3·6}$$

$$\times\int_0^\infty\int G^{0,\,2\alpha(m+1)}_{2\alpha(m+1),\,2\alpha m}\left[\left(\frac{2\alpha}{ps}\right)^{2\alpha}\Bigg/\begin{matrix}(1-\xi_{m+1}),\ \triangle(1,-\xi_{m+1}+\frac{3}{2}),\ldots,\ \triangle\left(\alpha,-\xi_{m+1}+\left(\frac{2\alpha+1}{2}\right)\right)\\ \triangle\left(\alpha,-\xi_m-a_m+\left(\frac{2\alpha+1}{2}\right)\right),\ldots,\ \triangle(1,-\xi_m-a_m+\frac{3}{2}),\ (1-\xi_m-a_m)\end{matrix}\right]$$

$$\times G^{0,\,2\alpha(n+1)}_{2\alpha(n+1),\,2\alpha m}\left[\left(\frac{2\alpha}{qt}\right)^{2\alpha}\Bigg/\begin{matrix}(1-\eta_{n+1}),\ \triangle(1-\eta_{n+1}+\frac{3}{2}),\ \ldots,\ \triangle\left(\alpha,-\eta_{n+1}+\frac{2\alpha+1}{2}\right)\\ \triangle\left(\alpha,-\eta_n-\beta_n+\frac{2\alpha+1}{2}\right),\ldots,\ \triangle(1,-\eta_n-\beta_n+\frac{3}{2}),(1-\eta-\beta_n)\end{matrix}\right]$$

$$\times(st)^{2\alpha-1}f(s^{2\alpha},\ t^{2\alpha})\ ds\ dt,$$

यदि $R(p,q)>0$, $|f(x^{2^{n-1}},y^{2^{n-1}})|$, $n=1,2,\ldots,r$, का माइजर-लैपलास परिवर्त सभी विद्यमान हों तथा प्रयुक्त समाकल पूर्णरूपेण अभिसारी हों। यहाँ α द्वारा 2^{r-2} तथा $\prod_{r=2}^{r}$ द्वारा कोष्ट के भीतर खंडों का गुणनफल का बोध होता है, ($r=2$ के लिए जहाँ r का मान कोई पूर्ण संख्या हो सकती है)।

उपपत्ति :

(3·2) में (3·1) से $F_1(1/x)$ का मान प्रतिस्थापित करने पर, [1, p. 209,(9)] का प्रयोग करने पर, द्विगुण समाकलन का क्रम बदल देने पर (जो द्विगुण समाकलों के पूर्णरूपेण अभिसरण के कारण न्यायसंगत है) तथा (2·1) की सहायता से बाद के द्विगुण समाकल का मान निकालने पर, p के स्थान पर $(p^2/4)$, q के स्थान पर $(q^2/4)$ रखने पर तथा S के स्थान पर S^2 तथा t के स्थान पर t^2 रखने पर हमें

$$F_2\left(\frac{p^2}{4},\frac{q^2}{4}\right)=\frac{p^3q^3}{2^4}\int_0^\infty\int G^{0,\,2(m+1)}_{2(m+1),\,2m}\left[\left(\frac{2}{ps}\right)^2\middle|\begin{matrix}(1-\xi_{m+1}),\ \triangle(1,-\xi_{m+1}+\frac{3}{2})\\ \triangle(1,-\xi_m-a_m+\frac{3}{2}),\ (1-\xi_m-a_m)\end{matrix}\right]$$

$$\times G^{0,\,2(n+1)}_{2(n+1),\,2n}\left[\left(\frac{2}{qt}\right)^2\middle|\begin{matrix}(1-\eta_{n+1}),\ \triangle(1,-\eta_{n+1}+\frac{3}{2})\\ \triangle(1,-\eta_n-\beta_n+\frac{3}{2}),(1-\eta_n-\beta_n)\end{matrix}\right]st\,f(s^2,\ t^2)\ ds\ dt.$$

प्राप्त होगा।

अब उपर्युक्त व्यंजक को (3·3) में व्यवहृत करने पर तथा उपर्युक्त प्रकार से आगे बढ़ने पर

$$F_3(p,q)=2^{-15+\xi_{m+1}+\eta_{n+1}-\sum_{i=1}^{m}a_i-\sum_{i=1}^{n}\beta_i}\pi^{-2}p^5q^5$$
$$\times\int_0^\infty\int G^{0,\,4(m+1)}_{4(m+1),\,4m}\left[\left(\frac{4}{ps}\right)^4\Big/\begin{matrix}(1-\xi_{m+1}),\triangle(1,-\xi_{m+1}+\frac{3}{2}),(2,-\xi_{m+1}+\frac{5}{2})\\ \triangle(2,-\xi_m-a_m+\frac{5}{2}),\triangle(1,-\xi_m-a_m+\frac{3}{2}),(1-\xi_m-a_m)\end{matrix}\right]$$
$$\times G^{0,\,4(n+1)}_{4(n+1),\,4n}\left[\left(\frac{4}{qt}\right)^4\Big/\begin{matrix}(1-\eta_{n+1}),\triangle(1,-\eta_{n+1}+\frac{3}{2}),\triangle(2,-\eta_{n+1}+\frac{5}{2})\\ \triangle(2,-\eta_n-\beta_n+\frac{5}{2}),\triangle(1,-\eta_n-\beta_n+\frac{3}{2}),(1-\eta_n-\beta_n)\end{matrix}\right]$$
$$\times s^3t^3f(s^4,t^4)\,ds\,dt$$

प्राप्त होगा। इस क्रिया को क्रमशः (3·4) के संगत दुहराने पर हमें (3·6) की प्राप्ति होगी।

विशिष्ट दशा :

$$a_j=0,\ j=1,2,\ldots,m,\quad \xi_{m+1}=0;\quad \beta_j=0,\ j=1,2,\ldots,n,\quad \eta_{n+1}=0,$$

मानने पर तथा (2·2) का उपयोग करने पर हमें दो चरों वाले लैपलास परिवर्त की शृंखला प्राप्त होगी।

यदि
$$F_1(p,q)\doteqdot f(x,y)$$
$$F_2(p,q)\doteqdot(xy)^{-1/2}F_1\left(\frac{1}{x},\frac{1}{y}\right),$$
$$F_3(p,q)\doteqdot\frac{4(xy)^{1/2}}{\pi}F_2\left(\frac{1}{4x^2},\frac{1}{4y^2}\right),$$
$$F_4(p,q)\doteqdot\frac{4(xy)^{1/2}}{\pi}F_3\left(\frac{1}{4x^2},\frac{1}{4y^2}\right),$$

....

....

तथा
$$F_n(p,q)\doteqdot\frac{4(xy)^{1/2}}{\pi}F_{n-1}\left(\frac{1}{4x^2},\frac{1}{4y^2}\right),$$

तो
$$\frac{4}{\pi pq}F_n\left(\frac{p^2}{4},\frac{q^2}{4}\right)\doteqdot f(x^{2^{r-1}},\ y^{2^{r-1}}),$$

यदि $R(p,q)>0$, तथा $|f(x^{2^{n-1}},y^{2^{n-1}})|$, $n=1,2,\ldots,r$, का लैपलास परिवर्त, सभी विद्यमान हों।

यदि हम (3·1) से (3·6) तक $a_j=0$, $j=1,2,\ldots,m-1$, $a_m=-m-k$, $\xi_m=m-k$, $\xi_{m+1}=-m-k$; $\beta_j=0$, $j=1,2,\ldots,n-1$, $\beta_n=-m_1-k_1$, $\eta_n=m_1-k_1$, $\eta_{n+1}=-m_1-k_1$ मानें तो हमें दो चरों वाले माइजर परिवर्त की संगत शृंखला प्राप्त होगी।

(3·1) से (3·6) तक $a_j=0$, $j=1,2,\ldots,m-1$ $a_m=\frac{1}{2}-m-k$, $\xi_m=2m$, $\xi_{m+1}=0$; $\beta_j=0$, $j=1,2,\ldots,n-1$, $\beta_n=\frac{1}{2}-m_1-k_1$, $\eta_n=2m_1$, $\eta_{n+1}=0$ रखने पर हमें दो चरों वाले

वर्मा-परिवर्त की शृंखला प्राप्त होगी

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक इस टिप्पणी के लेखन में पथप्रदर्शन हेतु डा० आर० के० सक्सेना का आभारी है ।

निर्देश

1. बेटमान एम० प्रोजेक्ट । Higher Transcendental Functions. **भाग** I, **मैकग्राहिल, न्यूयार्क,** 1953.
2. भिसे, वी० एम० । **जर्न० विक्रम यूनि०** 1959, **3**(3), 57-63.
3. दितकिन, वी० ए० तथा प्रुदनिकोव, ए० पी० । Operational Calculus in two variables and its application. **पर्गमान प्रेस,** 1962.
4. जैन, एन० सी० । **(प्रेषित)**
5. मेहरा, ए० एन० । **बुले० कलकत्ता मैथ० सोसा०,**1956, **48** (2), 83-94.
6. मुकर्जी, एस० एन० । **विज्ञान परिषद अनु० पत्रिका,** 1962. **5,** 49-55.
7. सक्सेना, आर० के० । **प्रोसी० नेश० इंस्टी० साइंस (इंडिया),** 1960, **26 A,** 400-413.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No. 1, January 1969, Pages 41-50

उत्तर प्रदेश की लवणीय तथा क्षारीय मिट्टियों का अध्ययन

शिवगोपाल मिश्र, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा

तथा

तौहीद खाँ

कृषि रसायन शाखा, रसायन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय

[प्राप्त–जनवरी 4,1968]

सारांश

उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद तथा ग्रास पास के स्थानों से प्राप्त 14 लवणग्रस्त मिट्टियों का ग्राकृतिक एवं रासायनिक ग्रध्ययन किया गया। ऐसी मिट्टियों को वर्गीकृत करने के लिये रिचार्ड के विनिमेय सोडियम तथा विद्युत चालकता, ग्राइवानोव तथा रोजानोवा के धनायन ग्रनुपात, क्लोराइड-सल्फेट ग्रनुपात तथा जल विलेय बोरान की मात्रा को ग्राधार बनाया गया। लवणीय तथा क्षारीय मिट्टियों के वर्गीकरण की उपयोगिता के ग्रार्थिक तथा सुधार सम्बन्धी पहलुग्रों पर बल दिया गया है।

Abstract

Studies on saline and sodic soils of U. P. *By* S. G. Misra, D. P. Sharma and T. Khan, Agricultural Chemistry Section, Department of Chemistry, University of Allahabad.

Detailed morphological and chemical properties of 14 salt-damaged soils collected from important 'Usar' tracts of Allahabad and parts of adjoining places have been described. Soils have been classified on the basis of Richard's exchangeable Na and EC, Ivanova and Rozanova's cationic ratios, ratio of Cl/SO_4 and water-soluble boron content. The usefulness of these systems has been emphasized for economic and sound reclamation of such problem soils.

लवणीय तथा क्षारीय मिट्टियों का वर्गीकरण किसी एक प्रचलित विधि के ग्राधार पर नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे न तो मिट्टी के लवणों का ही पता चलता है ग्रौर न प्राप्त परिणामों से उनका सुधार ही किया जा सकता है। सोडियम के हानिकारक प्रभावों के ग्रतिरिक्त इन मिट्टियों में बोरान की बहुलता तथा विनिमेय मैगनीशियम तथा पोटैशियम की मात्रा का ज्ञान ग्रावश्यक है। साथ ही थास

मानचित्र 1 : उत्तर प्रदेश के तीन जनपदों की लवणीय तथा क्षारीय मिट्टियों के क्षेत्र

ऋणायन संघटन तथा उनके अनुपातों का भी इन मिट्टियों में अत्यन्त महत्व है क्योंकि इसके द्वारा उनके सम्भावी सुधार एवं रासायनिक सुधारकों द्वारा विलेय तत्वों के निक्षालन की शक्यता पर प्रभाव पड़ता है।

प्रस्तुत अध्ययन में आयन के विषाक्त प्रभावों को ज्ञात करने के लिये विभिन्न स्थानों से प्राप्त मिट्टियों का वर्गीकरण कई उपयोगी आधारों पर किया गया है।

प्रयोगात्मक

प्रस्तुत अध्ययन के लिये इलाहाबाद, फतेहपुर तथा प्रतापगढ़ जनपदों के चौदह स्थानों से क्षारीय मिट्टियाँ एकत्र की गई (देखो मानचित्र 1)। प्रमुख क्षेत्र जिनसे नमूने लिये गये वे थे—कटोघन, भरवारी, मेजा, घूरपुर, फूलपुर, हँडिया, चायल, सोरांव, भोपियामऊ, गौरा। सतही आकृति, प्राकृतिक वनस्पति तथा भूजल स्तर के अतिरिक्त इन मिट्टियों के कई रासायनिक गुणों का अध्ययन किया गया। जलविलेय बोरान की मात्रा करकुमिन विधि (जैक्सन)[3] द्वारा ज्ञात की गई।

सारणी 1

मिट्टी के नमूने तथा नमूना लिये जाने वाले स्थानों का विवरण

मिट्टी का प्रयोगशाला अंक	क्षेत्र का नाम	गाँव	तहसील/खंड	जनपद
KS_1	कटोघन	कटोघन	खागा	फतेहपुर
KS_2	कटोघन	अमाऊँ	खागा	,,
BS_1	भरवारी	गौरा	मनिहानपुर	इलाहाबाद
MS_1	मेजा	डरवा	मेजा	,,
MS_2	मेजा	डरवा	मेजा	,,
MS_3	मेजा	कोटहा	मेजा	,,
PS_1	फूलपुर	फूलपुर	फूलपुर	,,
SS_1	सोराँव	दालपुर	सोराँव	,,
SS_3	सोराँव	ददोली	सोराँव	,,
BMS_1	भोपियामऊ	भोपियामऊ	सदर	प्रतापगढ़
GS_1	गौरा	गौरा	गौरा	,,
CP_1	चायल	सचवारा	चायल	इलाहबाद
HP_1	हँडिया	हँडिया	हँडिया	,,
GP_1	घूरपुर	गोहनिया	घूरपुर	,,

विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित मिट्टियों के प्राकृतिक अभिलक्षण

मिट्टी का प्रयोगशाला निर्देशांक	विवरण
KS_1	ऊपरी सतह भूरे राख के रंग की, कणहीन, तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ बुदबुदाहट, 2 फुट नीचे कंकड़ की उपस्थिति, जाड़े में जल की सतह 12 फुट तथा वर्षाकाल में 5 फुट तक, कुछ स्थानों पर दूब तथा उसरौटा घासों की बहुलता अन्यथा वनस्पतिहीन ।
KS_2	ऊपरी सतह की मिट्टी शिथिल तथा हलके भूरे रंग की किन्तु 2 फुट की गहराई पर कड़े कंकड़ तथा मिट्टी भी कड़ी है, तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ बुदबुदाहट, फिनाल्फथैलीन से साथ गुलाबी रंग, पूरे क्षेत्र की मिट्टी बंजर ।
BS_1	मिट्टी सफेद भूरे रंग की, कुछ स्थानों में मृतिका युक्त भी, क्षरित तथा निचले स्थानों की मिट्टी में कंकड़, तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल तथा फिनाल्फथैलीन से कार्बोनेट तथा क्षारीयता की क्रिया, इस क्षेत्र की मिट्टी अनुपजाऊ एवं जहाँ तहाँ कुछ फसलें उगीं ।
MS_1	रेह मिट्टियों की तरह ऊपरी सतह की मिट्टी तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से (कार्बोनेट पर) क्रिया करती है, अत्यन्त क्षारीय, जलस्तर 10–15 फुट के बीच घटता-बढ़ता हुआ, वनस्पतिरहित ।
MS_2	ऊपरी सतह पर रेह का सफेद भूरा आवरण, अत्यन्त क्षारीय, गहराई पर मिट्टी कठोर, दूब तथा उसरौटा घासों की बहुलता ।
MS_3	ऊपरी सतह हलके वयन की, रंग सफेद भूरा, तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से मन्द अभिक्रिया, फिनाल्फथैलीन के साथ गुलाबी रंग, कहीं कहीं कुछ वनस्पतियाँ, लवणसह धान की किस्में उगी हुई ।
PS_1	मिट्टी की ऊपरी सतह पर कहीं कहीं काली मिट्टी, MS_3 से मिलती-जुलती ।
SS_1	रंग हलका भूरा, कण विन्यास नष्टप्राय, नम, जुताई के उपयुक्त, यह भी MS_3(A) के समान ।
SS_3	रंग सफेद भूरा, जुताई के योग्य, किन्तु अम्ल के साथ तीव्र बुदबुदाहट, गेहूँ की फसल किन्तु असंतोषजनक, SS_1 (A) के समान ।

मिट्टी का प्रयोगशाला निर्देशांक	विवरण
BMS_1	हलके भूरे रंग की, कृषि योग्य, फिनाल्फथैलीन के साथ कोई रंग नहीं किन्तु अम्ल के साथ तीव्र बुदबुदाहट ।
GS_1	ऊपरी सतह BMS_1 (A) की तरह किन्तु फिनाल्फथैलीन के साथ गुलाबी रंग, घास की कुछ किस्में उगी हुई ।
CP_1	ऊपरी सतह सफेद भूरे रंग की, छोटे छोटे कंकड़-कणों की उपस्थिति, अम्ल तथा फिनाल्फथैलीन के साथ क्रमशः बुदबुदाहट तथा गुलाबी रंग, जलोत्सारण उपयुक्त नहीं ।
HP_1	ऊपरी सतह लवण के आवरण से युक्त, छूने में शुष्क किन्तु भुरभुरी, 1–2 फुट की गहराई तक की मिट्टी नम, अत्यन्त क्षारीय ।
GP_1	ऊपरी सतह सफेद लवण से युक्त, शिथिल तथा कणहीन, तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ कोई क्रिया नहीं, वनस्पतिहीन ।

सारणी 2

मिट्टियों के जल निष्कर्ष का रासायनिक संघटन

मिट्टी का निर्देशांक	धनायन me/l				ऋणायन me/l				बोरान
	Ca	Mg	K	Na	CO_3	HCO_3	Cl	SO_4	ppm.
KS_1	0·22	1·55	0·97	10·01	0.85	5·55	0·80	6·77	0·42
KS_2	0·43	...	1·20	19·14	2·98	4·90	3·60	8·44	1·56
BS_1	0·32	0·41	0·82	12·62	4·68	3·19	0·80	3·12	1·14
MS_1	0·22	0·21	0·45	6·63	1·70	5·98	1·60	1·35	0·23
MS_2	0·32	0·21	0·35	12·62	1·60	6·40	1·55	1·35	0·14
MS_3	0·38	0·15	0·15	0·87	...	1·80	0·25	0·78	0·24
PS_1	0·32	0·41	0·67	13·92	5·11	6·16	0·60	6·97	2·38
SS_1	0·11	0·10	...	8·70	3·41	5·75	1·20	1·04	0·56
SS_3	0·11	...	0·30	0·87	...	0·43	0·40	0·01	0·26
BMS_1	0·54	0·82	0·37	2·18	...	3·40	1·20	0·31	0·26
GS_1	0·11	1·03	0·30	10·44	4·26	5·31	0·80	1·51	0·12
HP_1	0·32	0·45	0·48	13·00	4·45	5·62	0·40	5·2	...
CS_1	0·28	0·12	0·11	6·67	3·2	4·08	0·20	0·10	...
GP_1	0·68	2·10	...	0·28	...	0·10	5·00	10·1	...

रिचार्ड[5] ने मिट्टियों का वर्गीकरण E.S.P. तथा EC के अधार पर किया। अतः यदि इस प्रकार से वर्गीकरण किया जाय तो MS तथा SS_3 मिट्टियाँ क्षारीय मिट्टियों के वर्ग में रखी जा सकती हैं ; GP_1 को लवणीय तथा शेष मिट्टियाँ लवणीय–क्षारीय वर्ग में रखा जावेगा। आइवानोवा तथा रोजानोवा के धनायन अनुपात[1] के अनुसार MS_3 मिट्टी को Na-Ca लवणबहुल (Solonchak) श्रेणी में रखेंगे क्योंकि Na+K/Ca+Mg=1—4 के बीच में है।

सारणी 3

ऊसर मिट्टियों में विनिमेय धनायन

मिट्टी का निर्देशांक	पी-एच०	विद्युत चालकता मिली मोह्रोज प्रति से० मी० 25°C पर	$CaCO_3$ प्रतिशत	E.S.P.	विनिमेय धनायन me/l			
					Ca	Mg	K	Na
KS_1	10·0	11·80	2·76	81·54	2·81	1·15	0·06	8·04
KS_2	10·4	18·16	2·55	73·38	2·91	0·98	...	7·03
BS_1	10·4	13·85	3·82	70·31	3·51	0·75	0·10	7·60
MS_1	10·0	9·79	9·32	74·85	3·48	1·32	...	9·91
MS_2	10·4	13·41	5·94	57·53	3·98	1·03	0·64	6·87
MS_3	8·5	2·81	1·27	20·86	5·53	1·34	0·37	1·74
PS_1	10·6	13·55	4·24	89·64	1·96	0·77	0·39	9·17
SS_1	10·5	9.54	2·72	83·98	4·23	1·16	...	8·68
SS_3	9·2	4·09	1·69	18·71	5·96	1·67	...	0·65
BMS_1	9·1	5·44	11·87	51·70	4·75	1·57	0·36	5·32
GS_1	10·5	10·90	1·69	62·69	3·89	0·85	0·21	5·65
HP_1	10·4	5·0	15·1	57·7	4·24	1·50	0·26	6·00
CS_1	10·4	3·2	17·4	48·0	4·12	1·35	...	9·12
GP_1	8·2	10·5	1·7	10·5	5·82	2·10	0·10	2·02

सारणी 2 में मिट्टियों के जल-निष्कर्ष के रासायनिक संघटन (मिट्टी-जल 1 : 5 के अनुपात) दिये गये हैं जिनमें विनिमेय धनायन, विद्युत चालकता (EC), विनमय-सोडियम प्रतिशत (E.S.P.), पी-एच० (pH) तथा कैलशियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) की मात्रा आदि सम्मिलित हैं।

प्राप्त परिणामों से स्पष्ट है कि सभी मिट्टियों में EC तथा E.S.P. की मात्रा भिन्न भिन्न है अतः रिचार्ड के वर्गीकरण के आधार पर मिट्टियों को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया गया है :

लवणीय	लवणीय-क्षारीय				क्षारीय
GP_1	KS_1	KS_2	BS_1	MS_1	MS_3
	MS_2	PS_1	SS_1		SS_3
	BMS_1	GS_1	HP_1		CS_1

इस प्रकार हम देखते हैं कि अधिकांश मिट्टियाँ लवणीय-क्षारीय वर्ग की हैं क्योंकि इनमें EC का मान 4 से अधिक है तथा विनिमेय-सोडियम प्रतिशत भी 15 से अधिक है। आइवानोवा तथा रोजानोवा[1] ने धनायनों के अनुपात के आधार पर बहुलवण मिट्टियों (Solonchak) को निम्न प्रकार से पाँच भागों में रखा है—

1. Na-Solonchak $(Na+K)/(Ca+Mg)=4$
2. Na-Mg Solonchak $(Na+K)/(Ca+Mg)=1$ में 4 तथा $Ca/Mg<1$
3. Na-Ca Solonchak $(Na+K)/(Ca+Mg)=1$ से 4 तथा $Ca/Mg>1$
4. Ca-Solonchak $(Na+K)/(Ca+Mg)=1$ तथा $Ca/Mg>1$
5. Mg-Solonchak $(Na+K)/(Ca+Mg)=1$ तथा $Ca/Mg<1$

इस आधार पर हमने लवण-बहुल मिट्टियों को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया है :—

मिट्टियाँ	$(Na+K)/(Ca+Mg)$ अनुपात	Ca/Mg अनुपात	वर्गीकरण
KS_1	6·2	...	Na-Solonchak
KS_2	47·3	...	,,
BS_1	18·4	...	,,
MS_1	16·4	...	,,
MS_2	24·4	...	,,

मिट्टियाँ	(Na+K)/(Ca Mg) अनुपात	Ca/Mg अनुपात	वर्गीकरण
			Na-Solonchak
PS_1	19·9	...	,,
SS_1	41·4	...	,,
SS_3	10·6	...	,,
GS_1	9·4	...	,,
HP_1	16·1	...	,,
CS_1	16·9	0·6	,,
MS_3	1.9	2·5	Ca-Solonchak
BMS_1	1·9	0·6	Mg-Solonchak
GP_1	0·1	...	,,

इसके अतिरिक्त मिट्टियों को उनकी लवण मात्रा के अधार पर वर्गों में विभाजित गया है। वे मिट्टियाँ जिनमें ऊपरी 1 मीटर में 0·2 प्रतिशत लवणीयता है उन्हें अलवणीय मिट्टी कहा गया है तथा जिनमें 0·2–0·5 प्रतिशत लवणीयता है उन्हें अल्प लवणीय मिट्टी के वर्ग में रखा गया। 0·5 प्रतिशत की लवणीय मिट्टी को अति–लवणीय मिट्टी की संज्ञा दी गई है। इलाहाबाद के आसपास की मिट्टियाँ निम्न प्रकार से वर्गीकृत की जा सकती हैं :–

अलवणीय	अल्प-लवणीय	अति-लवणीय
MS_3	KS_1	KS_2
SS_3	BS_1	GP_1
BMS_1	MS_1	
CS_1	MS_2	
	PS_1	
	SS_1	
	GS_1	
	HP_1	

बोरान विषाक्तता के अनुसार U.S. Salinity Laboratory अनुसंधानकर्ताओं (1954) ने लवणीय तथा क्षारीय मिट्टियों को उपयुक्त, कम उपयुक्त तथा अनुपयुक्त वर्गों में विभाजित किया है। बोरान की ppm सान्द्रता के आधार पर निम्न प्रकार से मिट्टियों को वर्गीकृत किया गया है।

सुरक्षित (<0·7 ppm)	सीमान्तीय (0·7—1·5 ppm)	असुरक्षित (>1·5 ppm)
KS_1	BS_1	KS_2
MS_1		PS_1
MS_2		
SS_1		
SS_3		
BMS_1		
GS_1		

विवेचना

सारणी 2 के परिणामों के अधार पर KS_2 तथा PS_1 मिट्टियों को असुरक्षित वर्ग में रखा गया है क्योंकि बोरान के अतिरिक्त सोडियम आयन की भी मात्रा अधिक है जो क्रमशः 19·14 तथा 13·92 m.e/l है। ऐसी मिट्टियों को सुधारने के लिये यह आवश्यक है कि बोरान विलेय अवस्था में भूमि से बाहर निकाल दिया जाय। यद्यपि बोरान जल में कम विलेय है किन्तु सिचाई-जल द्वारा बारम्बार उपयोग से इसकी विषाक्त सीमा को कम किया जा सकता है।

सारणी 3 से पता चलता है कि सभी मिट्टियों में कैलशियम कार्बोनेट की मात्रा उनकी लवणीयता तथा क्षारीयता के साथ साथ कम तथा अधिक है। केवल GP_1 में ही कैलशियम कार्बोनेट की मात्रा 2·5 से कम है तथ शेष मिट्टियों में 20·72 प्रतिशत तक कैलशियम कार्बोनेट उपस्थित है।

Cl/SO_4 के अधार पर जो वर्गीकरण किया गया वह भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके आधार पर KS_1, KS_2, BS_1, MS_3, तथा PS_1 मिट्टियाँ SO_4 कोटि की देखी जाती हैं जिससे यह प्रकट होता है कि इन मिट्टियों में सल्फेट आयन की प्रचुरता है। अतः यह आवश्यक है कि इन मिट्टियों को जलमग्न होने से बचाया जाय क्योंकि केली[2] (Kelley) के अनुसार जीवांश की उपस्थिति में सल्फेट आयन अवकरण होने की आशंका रहती है जिसके फलस्वरूप भूमि में और भी क्षारीयता बढ़ सकती है।

GP_1 में HP_1 तथा CP_1 मिट्टियों की अपेक्षा सल्फेट तथा कैलशियम कार्बोनेट की मात्रायें कम हैं। HP_1 मिट्टी में कैल्सियम कार्बोनेट की मात्रा 23 प्रतिशत तक तथा GP_1 में 2-3 प्रतिशत से अधिक नहीं है। GP_1 तथा HP_1 को SO_4—Cl तथा CP_1 को Cl—प्रकार की मिट्टी कहा जा सकता है।

धनायन अनुपात के आधार पर किये गये वर्गीकरण से इन मिट्टियों के बारे में और भी उपयोगी परिणाम प्राप्त हुये हैं। उदाहरणार्थ, MS_3 मिट्टी में विनमेय सोडियम की मात्रा 20 प्रतिशत है अतः इसे $Na\text{-}Ca\text{-}SO_4$ प्रकार के लवणीय मृदा कहा जा सकता है। इससे स्पष्ट है कि इस प्रकार की मृदा में Ca^{2+} प्राप्य रूप में है जिसका उपयोग सिंचाई-जल द्वारा विनिमेय सोडियम को विस्थापित करने में किया जा सकता है। अतः ऐसे क्षेत्र की मिट्टियाँ जो इस प्रकार के स्वभाव की हों उन्हें 'ऊसर' बनने से बचाया जा सकता है।

निर्देश

1. आइवानोवा, ई० एन० तथा रोजानोवा, ए० एन०। **पेडॉलाजी** (USSR), 1939 No. 7, 44-52
2. केली, डब्लू० पी०। Alkali Soils, Their formation, Properties and Reclamation **रेनहोल्ड पब्लिशर्स न्यूयार्क**, 1951.
3. जैक्सन, एम० एल०। Soil Chemical Analysis **एशिया पब्लिशिंग हाउस बम्बई**, 1962.
4. मिश्र, एस० जी० तथा शर्मा, डी० पी०। **जर्न० इन्डियन सोसा० स्वायल साइंस**, 1968 **16**, 271-275.
5. रिचार्ड, एल० ए०। **यूनाइटेड स्टेट डिपा० एग्री०** Hand Book No 60. (1954)

विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका

भाग 12 | अप्रैल 1969 | संख्या 2

विषय-सूची

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No. 2 April 1969, Pages 51-59

दो चरों वाले G-फलन का लघुकरण

एस० सी० गुप्त
गणित विभाग, राजकीय विद्यालय, कोटा

[प्राप्त—जून 10, 1968]

सारांश

प्रस्तुत शोध पत्र में अग्रवाल द्वारा पारिभाषित दो चरों वाले G-फलन की कतिपय दशाओं का उल्लेख है जिनमें यह माइजर के G-फलन में लघुकरित हो जाती है। कतिपय रोचक विशिष्ट दशायें भी दी गई हैं।

Abstract

Reduction of G-function of two variables. *By* S. C. Gupta, Department of Mathematics, Government College, Kotah.

In this paper a few cases have been dealt in which the *G*-funtion of two variables recently defined by Agrawal reduces to Meijer's *G*-function. Some interesting particular cases have also been given.

1. इधर अग्रवाल[1] तथा शर्मा[6] ने दो चरों वाले फलन को निम्नांकित प्रकार से पारिभाषित किया है :

$$G^{n,\ \nu_1,\ \nu_2,\ m_1,\ m_2}_{p,\ [t\ :\ t'],\ s,\ [q\ :\ q']}\left[\begin{matrix} x \\ \\ y \\ \end{matrix}\left|\begin{matrix} (\epsilon_p) \\ (\gamma_t) : (\gamma' t') \\ (\delta_s) \\ (\beta_q) : (\beta' q') \end{matrix}\right.\right]$$

$$\frac{1}{(2\pi i)^2}\int_{-i\infty}^{i\infty}\int_{-i\infty}^{i\infty}\frac{\prod_{j=1}^{n}\Gamma(1-\epsilon_j+\xi+\eta)\prod_{j=1}^{\nu_1}\Gamma(\gamma_j+\xi)\prod_{j=1}^{\nu_2}\Gamma(\gamma'_j+\eta)\prod_{j=1}^{m_2}\Gamma(\beta'_j-\eta)\prod_{j=1}^{m_1}\Gamma(\beta_j-\xi)}{\prod_{j=n+1}^{p}\Gamma(\epsilon_j-\xi-\eta)\prod_{j=1}^{s}\Gamma(\delta_j+\xi+\eta)\prod_{j=\nu_1+1}^{t}\Gamma(1-\gamma_j-\xi)\prod_{j=m_1+1}^{q}\Gamma(1-\beta_j+\xi)}$$

$$\times\frac{x^{\xi}y^{\eta}}{\prod_{j=\nu_2+1}^{t'}\Gamma(1-\gamma_j'-\eta)\prod_{j=m_2+1}^{q'}\Gamma(1-\beta'_j+\eta)}\,d\xi\,d\eta \tag{1.1}$$

$$p+q+s+t<2(m_1+\nu_1+n), \quad p+q'+s+t'<2(m_2+\nu_2+n)$$

$$|\arg x|<\pi[m_1+\nu_1+n-\tfrac{1}{2}(p+q+p+t)] \text{ तथा } |\arg|y|<\pi[m_2+\nu_2+n-\tfrac{1}{2}(p+q'+s+t')]$$

जिसमें (a_p) संकेत के द्वारा $a_1, a_2, \ldots, a_p$ अवयवों का अनुक्रम व्यक्त होता है ।

अग्रवाल[1] ने कुछ ऐसी दशायें दी हैं जिसमें यह फलन एक चर वाले माइजर के G-फलन में लघुकरित हो जाता है । इस शोध पत्र का उद्देश्य कुछ ऐसी और दशायें प्रस्तुत करना है जब (1·1) एक चर वाले G-फलन में लघुकरित हो जाता है । अनुभाग 2 में चार मुख्य फल सिद्ध किये गये हैं और अनुभाग 3 में कुछ विशिष्ट दशाये दी गई हैं । आगे $n, m, p, q, r, s, h, \alpha, \beta, \gamma, \delta, A, B, C, D$ अनृण-पूर्णांक होंगे ।

पूरे शोधपत्र में निम्नांकित संकेत प्रयुक्त होंगेः—

$\triangle(n, a)$ से $\frac{a}{n}, \frac{a+1}{n}, \ldots\ldots, \frac{a+n-1}{n}$ प्राचलों का समूह

$[\triangle(n, a_\nu)]$ से $\triangle(n, a_1), \triangle(n, a_2); \ldots\ldots\ldots, \triangle(n, a_\nu);$

$\triangle(n, a\pm b)\equiv\triangle(n, a+b), \triangle(n, a-b)$ तथा $\Gamma(a\pm b)\equiv\Gamma(a-b)\Gamma(a-)$ द्योतित होंगे

उपपत्ति में निम्नांकित सूत्रों ([2] pp 4, 209; [6], p 737; [3]) की आवश्यकता होगी

$$\Gamma nz=(2\pi)^{1/2-1/2n}\, n^{nz-1/2} \prod_{R=0}^{n-1} \Gamma\left(z+\frac{R}{n}\right) \tag{1·2}$$

$$G_{pq}^{mn}\left(z\,\middle|\,\begin{matrix}(a_p)\\(b_q)\end{matrix}\right)=(2\pi)^{1/2(p+q)-m-n}\, 2^{1/2(p-q)+1-a_1\cdots-a_p+b_1\cdots b_q} \times G_{2p,\ 2q}^{2m,\ 2n}\left(2^{2p-2q}X^2\,\middle|\,\begin{matrix}(\frac{1}{2}a_p),\ (\frac{1}{2}a_p+\frac{1}{2})\\(\frac{1}{2}b_s),\ (\frac{1}{2}b_s+\frac{1}{2})\end{matrix}\right) \tag{1·3}$$

$$G_{22}^{22}\left(z\,\middle|\,\begin{matrix}1-\alpha, & 1-\beta\\ \gamma, & \delta\end{matrix}\right)=2^{\gamma}\frac{\Gamma(\alpha+\gamma)\Gamma(\beta+\gamma)\Gamma(\beta+\delta)\Gamma(\alpha+\delta)}{\Gamma(\alpha+\beta+\gamma+\delta)} \times {}_2F_1\left(\begin{matrix}\alpha+\gamma, \beta+\gamma\\ \alpha+\beta+\gamma+\delta\end{matrix}; 1-z\right) \tag{1·4}$$

$${}_2F_1\left(\begin{matrix}a, b\\1+a-b\end{matrix}; -1\right)=2^{-a}\frac{\Gamma(1+a-b)\Gamma\frac{1}{2}}{\Gamma(1-b+\frac{1}{2}a)\Gamma(\frac{1}{2}+\frac{1}{2}a)} \tag{1·5}$$

$$\int_0^\infty x^{\lambda-1} G^{A\,B}_{C\,D}\left(ax\left|\begin{matrix}(e_C)\\(e^D)\end{matrix}\right.\right) G^{h\,o}_{q\,r}\left(bx\left|\begin{matrix}(a_q)\\(\beta_r)\end{matrix}\right.\right) G^{\alpha\beta}\left(c x^{n/m}\left|\begin{matrix}(a_\gamma)\\(b_\delta)\end{matrix}\right.\right) dx \tag{1·6}$$

$$=(2\pi)^{(1-n)(h-1/2q-r/2)+(1-m)(\alpha+\beta-1/2\gamma-1/2\delta)+(1-n)(A+B-1/2C-1/2D)}$$

$$\times\, {}_n\Sigma\beta_i-\Sigma\alpha_j+(\lambda-1/2)(r-q)+\Sigma b_i-\Sigma a_i+1/2\gamma-1/2\delta+1\ {}_m\Sigma b_j-\Sigma a_j+1/2\gamma-1/2\delta+1\ b^{-\lambda}$$

$$\times G^{nh,\,nB,\,m\beta,\,nA,\,m\alpha}_{nr,\,[nc\,:\,m\gamma],\,nq,\,[nD\,:\,m\delta]}\left[\begin{matrix} n^{\,n(C-D)} \\ \dfrac{a\ n}{b^n n^{n(q-r)}} \\ \dfrac{c^m m^{m(\gamma-\delta)}}{b^n n^{n(q-r)}}\end{matrix}\left|\begin{matrix}[\triangle(n,\,1-\beta_r-\lambda)]\\ [\triangle(n,1-e_c)];\ [\triangle(m,\,1-a\gamma)]\\ [\triangle(n,\,a_q+\lambda)\\ [\triangle(n,f_D);\quad \triangle(m,\,b\delta)]\end{matrix}\right.\right]$$

यदि $2(h+A+B)>q+r+C+D,\ 2(nh+m\beta+m\alpha)>nq+nr+m\gamma+m\delta$

$$\left|\arg\frac{a}{b}\right|<\pi(h+A+B-\tfrac{1}{2}q-\tfrac{1}{2}r-\tfrac{1}{2}C-\tfrac{1}{2}D)$$

$$\left|\arg\frac{c^m}{b^n}\right|<\pi(nh+m\beta+m\alpha-\tfrac{1}{2}nq-\tfrac{1}{2}nr-\tfrac{1}{2}m\gamma-\tfrac{1}{2}m\delta).$$

2. नीचे, हम सिद्ध किये गये चार प्रमुख फल दे रहे हैं :—

प्रथम प्रमुख फल :

$$G^{n,\,\nu_1,\,\nu_2,\,m_1,\,m_2}_{p,\,[t\,:\,t'],\,s,\,[q\,:\,q']}\left[\begin{matrix}x\\ \\ y\\ \end{matrix}\left|\begin{matrix}(\epsilon_p)\\(\gamma_t)\,:\,(\gamma'_{t'})\\(\delta_s)\\(\beta_q)\,:\,(\beta'_{q'})\end{matrix}\right.\right] \tag{2.1}$$

$$=(2\pi)^{(1-r)(n+\nu_1+\nu_2+m_1+m_2-p/2-t/2-t'/2-s/2-q/2-q'/2}$$

$$\times\, {}_r\Sigma\gamma_j+\Sigma\gamma'_j+\Sigma\beta_j+\Sigma\beta'_j-\Sigma\epsilon_j-\Sigma\delta_j+p/2-t/2-t'/2-q/2-q'/2+2$$

$$\times G^{rn,\,r\nu_1,\,r\nu_2,\,rm_1,\,rm_2}_{rp,\,[rt\,:\,rt'],\,rs,\,[rq\,:\,rq']}\left[\begin{matrix}x^r r^{r(2n+t-p-s-q)}\\ \\ y^r r^{r(2n+t'-q-s-q')}\\ \\ \end{matrix}\left|\begin{matrix}[\triangle(r,\,\epsilon_p)]\\ [\triangle(r,\,\gamma_t)];\ [\triangle(r,\,\gamma'_{t'})]\\ [\triangle(r,\,\delta_s)]\\ [\triangle(s,\,\beta_q)[;\ [\triangle(r,\,\beta'q')]\end{matrix}\right.\right]$$

उपपत्तिः दो चारों वाले G-फलन की परिभाषा (1·1) से इस फल को गुणन सूत्र (1.2) के सम्प्रयोग द्वारा सरलता से प्राप्त किया जा सकता है।

उपर्युक्त फल G-फलन के फल (1·3) को सार्वीकृत कर देता है जिसे (2.1) से $n=p=s=0$ होने पर प्राप्त किया जा सकता है।

द्वितीय प्रमुख फलः

$$G^{2r,\ 2r,\ s\beta,\ 4r,\ s\alpha}_{2r,\ [2r\,:\,s\gamma],\ o,\ [4r\,:\,s\delta]}\left[\begin{matrix}2^{2r}\\ y\end{matrix}\left|\begin{matrix}\triangle(r,\epsilon),\ \triangle(r,\epsilon+\frac{1}{2})\\ \triangle(r,o),\ \triangle(r,\frac{1}{2});[\triangle(s,1-e_\gamma)]\\ \triangle\left(r,\frac{1}{4}\pm\frac{\lambda}{2}\right),\ \triangle\left(r,\frac{3}{4}\pm\frac{\lambda}{2}\right);[\triangle(s,f_\delta)]\end{matrix}\right.\right] \tag{2.2}$$

$$=(2\pi)^{3r-3/2}(2r)^{-1/2}\Gamma(\tfrac{1}{2}\pm\lambda)\,G^{s\alpha,\ s\beta+2r}_{s\gamma+2r,\ s\delta}\left(y\left|\begin{matrix}\triangle\left(r,\ \epsilon+\frac{1}{4}\pm\frac{\lambda}{2}\right),[\triangle(s,e_\gamma)]\\ [\triangle(s,f_\delta)]\end{matrix}\right.\right)$$

यदि $s\alpha+s\beta+r>\frac{1}{2}s\gamma+\frac{1}{2}s\delta,\ |\arg y|<\pi[s\alpha+s\beta+r-\frac{1}{2}(s\gamma+\frac{1}{2}s\delta)]$

उपपत्तिः $G\left[\begin{matrix}2^{2r}\\ y\end{matrix}\right]$ को कंटूर समाकल (1·1) में व्यक्त करते हुये एवं समाकलन के क्रम को बदल देने पर

$$\frac{1}{(2\pi i)}\int_{-i\infty}^{i\infty}\frac{\prod\limits_{i=1}^{\beta}\left\{\Gamma\left(1-\frac{e_j}{s}+\eta\right)\dots\Gamma\left(\frac{1-e_j}{s}+\eta\right)\right\}\prod\limits_{j=1}^{\alpha}\left\{\Gamma\left(\frac{f_j}{s}-\eta\right)\dots\Gamma\left(\frac{f_j+s-1}{s}-\eta\right)\right\}}{\prod\limits_{j=1}^{\gamma}\left\{\Gamma\left(\frac{e_j}{s}-\eta\right)\dots\Gamma\left(\frac{e_j+s-1}{s}+\eta\right)\right\}\prod\limits_{j=\alpha+1}^{\delta}\left\{\Gamma\left(1-\frac{\delta_j}{s}+\eta\right)\dots\Gamma\left(\frac{1-\delta_j}{s}+\eta\right)\right\}}\,y^n d\eta$$

$$\times\frac{1}{(2\pi i)}\int_{-i\infty}^{i\infty}\left[\left\{\Gamma\left(1-\frac{\epsilon}{s}+\xi+\eta\right)\dots\Gamma\left(\frac{1-\epsilon}{r}+\xi+\eta\right)\right\}\left\{\Gamma\left(1-\frac{\epsilon+\frac{1}{2}}{r}+\xi+\eta\right)\dots\right.\right.$$

$$\left.\Gamma\left(\frac{\frac{1}{2}-\epsilon}{s}+\xi+\eta\right)\right\}$$

$$\times\left\{\Gamma\left(\frac{\frac{1}{2}}{r}+\xi\right)\dots\Gamma\left(\frac{r-\frac{1}{2}}{r}+\xi\right)\right\}\left\{\Gamma\left(\frac{\frac{1}{4}\pm\frac{1}{2}\lambda}{r}-\xi\right)\dots\Gamma\left(\frac{\frac{1}{4}\pm\frac{1}{2}\lambda+r-1}{r}-\xi\right)\right\}$$

$$\left.\times\left\{\Gamma\left(\frac{\frac{3}{4}\pm\frac{1}{2}\lambda}{r}-\xi\right)\dots\dots\Gamma\left(\frac{\frac{3}{4}\pm\frac{1}{2}\lambda+r-1}{r}-\xi\right)\right\}2^{2r\xi}\right]d\xi$$

ξ समाकल में (1.2) के सम्प्रयोग से तथा उसके बाद (1·4) एवं (1·5) का व्यवहार करने पर फल की प्राप्ति सरलता से हो जाती है।

समाकलन का क्रम परिवर्तन न्यायसंगत है यदि r तथा s अनृण-पूर्णांकों से सर्वसमिका $s\alpha+s\beta>r>\frac{1}{2}s\gamma+\frac{1}{2}s\delta$ तथा $|\arg y|<\pi[s\alpha+s\beta+r-\frac{1}{2}(s\gamma+\frac{1}{2}s\delta)]$ की तुष्टि हो।

तृतीय प्रमुख फल :

$$G^{2r,\ 2r,\ s\beta,\ 4r,\ s\alpha}_{2r,\ [2r:s\gamma],\ 0,\ [4r,\ s\delta]}\left[\begin{matrix}1\\ \\ y\end{matrix}\left|\begin{matrix}\triangle(r,\epsilon),\ \triangle(r,\epsilon+\frac{1}{2})\\ \triangle(r,a),\ \triangle(r,a+\frac{1}{2});[\triangle(s,1-e_\gamma)]\\ [\triangle(r,b_2)];[\triangle(s,f_\delta)]\end{matrix}\right.\right]$$

$$=\frac{\Gamma(2a+2b_1)\Gamma(2a+2b_2)}{(2\pi)^{3/2-3r}(2r)^{4a+2b_1+2b_2-1/2}}$$

$$\times G^{s\alpha,\ s\beta+4r}_{s\gamma+4r,\ r\delta+2r}\left[y\left|\begin{matrix}[\triangle(2r,2\epsilon-2b_2)],[\triangle(s,e_\gamma)]\\ [\triangle(s,f_\delta)],\ \triangle(2r,2\epsilon-2a-2b_1-2b_2)\end{matrix}\right.\right] \tag{2.3}$$

यदि $s\alpha+s\beta+r>\frac{1}{2}(s\gamma+s\delta)$ तथा $|\arg y|<\pi[s\alpha+s\beta+r-\frac{1}{2}(s\gamma+s\delta)]$

(2·3) की उपपत्ति (2·2) की भाँति है ।

चतुर्थ प्रमुख फल :

$$G^{r,\ 0,\ s\beta,\ r,\ s\alpha}_{r,\ [0,\ s\gamma],\ o,\ [r,\ s\delta]}\left[\begin{matrix}x^r\\ \\ y\end{matrix}\left|\begin{matrix}\triangle(r,\epsilon)\\ --;[\triangle(s,1-e_\gamma)]\\ \triangle(r,0);[\triangle(s,f_\delta)]\end{matrix}\right.\right]$$

$$=(2\pi)^{1/2(r-1)}r^{-1/2}(x+1)^{\epsilon-1}G^{s\alpha,\ s\beta+s}_{s\gamma+r,\ s\delta}\left(\frac{y}{(1+x)^r}\left|\begin{matrix}\triangle(r,\epsilon),[\triangle(s,e_\gamma)]\\ [\triangle(s,f_\sigma)]\end{matrix}\right.\right) \tag{2.4}$$

यदि $s\delta+s\gamma<2s\alpha+2s\beta+r$, $|\arg y|<\pi[s\alpha+s\beta+\frac{1}{2}r-\frac{1}{2}s\delta-\frac{1}{2}s\gamma]$, $|\arg x|<\pi$

उपपत्ति: यदि (1·6) में $A=1, B=0, C=0, D=1, f_1=0, h=1, q=0, r=1, \beta_1=0$ रखें तो

$$\int_0^\infty z^{\lambda-1}e^{-(a+b)z}G^{\alpha\ \beta}_{\gamma\ \delta}\left(cz^{n/m}\left|\begin{matrix}(a_\gamma)\\ (b_\gamma)\end{matrix}\right.\right)dz$$

$$=K\frac{(2\pi)^{1-n/2}n^{1/2}}{b^\lambda}\ G^{n,\ 0,\ m\beta,\ n,\ m\alpha}_{n,\ [0,\ m\gamma],\ 0,\ [n:m\delta]}\left[\begin{matrix}\frac{a^n}{b^n}\\ \\ \frac{c^m m^{m(\gamma-\delta)}}{b^n n^{-n}}\end{matrix}\left|\begin{matrix}\triangle(n,1-\lambda)\\ --;[\triangle(m,1-a_\gamma)]\\ \triangle(n,0,);[\triangle(m,b_\delta)]\end{matrix}\right.\right] \tag{2.5}$$

का मान प्राप्त होगा जिसमें $K=(2\pi)^{1/2(1-n)+(1-m(\alpha+\beta-1/2\gamma-1/2\delta)}n^{\lambda-1/2}m^{\Sigma b_j-\Sigma a_i+1/2\gamma-1/2\delta+1}$

(2.5) समाकल को भी सक्सेना [4 p. 401] की विधि से सिद्ध किया जा सकता है कि

$$=K\frac{1}{(a+b)^\lambda}G^{m\alpha,\ m\beta+n}_{m\gamma+n,\ m\delta}\left[\frac{c^m m^{m(\gamma-\delta)}}{(a+b)^n n^{-n}}\left|\begin{matrix}\triangle(n,1-\lambda),[\triangle(m,a_\gamma)]\\ [\triangle(m,b_\delta)]\end{matrix}\right.\right] \tag{2.0}$$

(2.5) तथा (2.6) के फलों केसमतुल्य से प्राचलों में कतिपय हेर-फेर के साथ (2.4) फल की प्राप्ति होगी ।

3. अनुभाग B

नीचे हम कुछ विशिष्ट दशायें दे रहे हैं जिनकी प्राप्ति प्राचलों को उपयुक्त मान देकर की गई है :—

$$G^{n,\, \nu_1,\, \nu_2,\, m_1,\, m_2}_{p,\, [t\,:\,t'],\, s,\, [q\,:\,q']}\left[\begin{array}{c|c} x & (\epsilon_p) \\ & (\gamma_t):(\gamma'_{t'}) \\ y & (\delta_s) \\ & (\beta_q):(\beta'_{q'}) \end{array}\right]$$

$$=\pi^{1/2p+1/2t+1/2t+1/2s+1/2q+1/2q'-n-\nu_1-\nu_2-m_1-m_2}$$

$$\times\, 2^{\Sigma\gamma_j+\Sigma\gamma_j'+\Sigma\beta_j+\Sigma\beta_j'-\Sigma\epsilon_j-\delta_j+p+1/2s-n-\nu_1-\nu_2-m_1-m_2+2}$$

$$\times\, G^{2n,\, 2\nu_1,\, 2\nu_2,\, 2m_1,\, 2m_2}_{2p,\, [2t\,:\,2t'],\, 2s,\, [2q\,:\,2q']}\left[\begin{array}{c|c} x^2\, 2^{2(2n+t-p-s-q)} & [\triangle(2,\, \epsilon_p)] \\ y^2\, 2^{2(2n+t'-p-s-q')} & [\triangle(2,\, \gamma_t)];\ [\triangle[2,\, \gamma'_{t'})] \\ & [\triangle(2,\, \delta_s)] \\ & [\triangle(2,\, \beta_q)];\ [\triangle(2,\, \beta'_{q'})] \end{array}\right] \tag{3.1}$$

$$G^{2,\, 2,\, 0,\, 4,\, 2}_{2,\, [2,\, 0],\, 0,\, [4\,:\,4]}\left[\begin{array}{c|l} 2^2 & \triangle(2,\, 2\epsilon) \\ & \triangle(2,\, 0,);\ - \\ y & \overline{} \\ & \triangle(2,\, \tfrac{1}{2}\pm\lambda),\ \tfrac{1}{2}\nu,\ -\tfrac{1}{2}\nu,\ \tfrac{1}{4}+\epsilon+\tfrac{1}{2}\lambda \end{array}\right]$$

$$=4\pi^{3/2}\Gamma(\tfrac{1}{2}\pm\lambda)K_\nu(2\sqrt{y}) \tag{3.2}$$

$$G^{2,\, 2,\, 0,\, 4,\, 1}_{2,\, [2\,:\,1],\, 0,\, [4\,:\,4]}\left[\begin{array}{c|l} 2^2 & \triangle(2,\, 2\epsilon) \\ & \triangle(2,\, 0);\ - \\ y & \overline{} \\ & \triangle(2,\, \tfrac{1}{2}\pm\lambda);\ \tfrac{1}{2}\nu,-\tfrac{1}{2}\nu,\ \tfrac{1}{4}+\epsilon\pm\tfrac{1}{2}\lambda \end{array}\right]$$

$$=2\pi^{3/2}\Gamma(\tfrac{1}{2}\pm\lambda)J_\nu(2\sqrt{y}) \tag{3.3}$$

$$G^{2,\, 2,\, 0,\, 4,\, 2}_{2,\, [2\,:\,1],\, 0,\, [4\,:\,4]}\left[\begin{array}{c|l} 2^2 & \triangle(2,\, 2\epsilon) \\ & \triangle(2,\, 0);\ 1-g_1 \\ y & \overline{} \\ & \triangle(2,\, \tfrac{1}{2}\pm\lambda); f_1, f_2,\ \tfrac{1}{4}+\epsilon\pm\tfrac{1}{2}\lambda \end{array}\right]$$

$$=2\pi^{3/2}\Gamma(\tfrac{1}{2}\pm\lambda\}y^{1/2(-1+f_1+f_2)}e^{-1/2y}W_{k,m}(y) \tag{3.4}$$

जहाँ $$K=\tfrac{1}{2}(1+f_1+f_2)-g_1,\ m=\tfrac{1}{2}(f_1-f_2)$$

$$G^{2,\, 2,\, 0,\, 4,\, 1}_{2,\, [2\,:\,0],\, 0,\, [4\,:\,2]}\left[\begin{array}{c|l} 2^2 & \triangle(2,\, 2\epsilon) \\ & \triangle(2,\, 0);\ - \\ y & \overline{} \\ & \triangle(2,\, \tfrac{1}{2}\pm\lambda);\ a-1,\ -b \end{array}\right]$$

$$=2\pi^{3/2}\Gamma(\tfrac{1}{2}\pm\lambda)\left\{\frac{\Gamma(a-\epsilon-\tfrac{1}{4}\pm\lambda)}{\Gamma(a+b)}y^{a-1}{}_2F_1\left(\begin{matrix}a-\epsilon-\tfrac{1}{4}\mp\lambda \\ a+b\end{matrix};\ -y\right)\right. \tag{3.5}$$

$$G^{2,\ 2,1,\ 4,\ 1}_{2,\ [2\,:\,1],\ 0,\ [4\,:\,5]}\left[\begin{array}{c|l} 2^2 & \triangle(2,\ 2\epsilon) \\ & \triangle(2,\ 0,);\ \tfrac{1}{2}-\tfrac{1}{2}\nu \\ & \qquad\text{---} \\ y & \triangle(2,\ \tfrac{1}{2}\pm\lambda):\ \tfrac{1}{2}+\tfrac{1}{2}\nu,\ -\tfrac{1}{2}\nu,\ \tfrac{1}{2}\nu,\ \epsilon+\tfrac{1}{4}\pm\tfrac{1}{2}\lambda \end{array}\right]$$

$$=2\pi^{3/2}\Gamma(\tfrac{1}{2}\pm\lambda)H_\nu(2\sqrt{y}) \qquad (3.6)$$

$$G^{2,\ 2,\ 0,\ 4,\ 2}_{2,\ [2\,:\,1],\ 0,\ [4\,:\,5]}\left[\begin{array}{c|l} 2^2 & \triangle(2,\ 2\epsilon) \\ y & \triangle(2,\ 0);\ \tfrac{1}{2}+\tfrac{1}{2}\nu \\ & \qquad\text{---} \\ & \triangle(2,\ \tfrac{1}{4}\pm\lambda);\ -\tfrac{1}{2}\nu,\ \tfrac{1}{2}\nu,\ -\tfrac{1}{2}-\tfrac{1}{2}\nu,\ \epsilon+\tfrac{1}{4}\pm\tfrac{1}{2}\lambda \end{array}\right]$$

$$=2\pi^{3/2}\Gamma(\tfrac{1}{2}\pm\lambda)Y_\nu(2\sqrt{y}) \qquad (3.7)$$

$$G^{2,\ 2,\ 2,\ 4,\ 2}_{2,\ [2\,:\,2],\ 0,\ [4\,:\,6]}\left[\begin{array}{c|l} 1 & \triangle(2,\ 2\epsilon) \\ & \triangle(2,\ a);\ \triangle(2,\ 1-2\epsilon+a+b_1+b_2) \\ y & \qquad\text{---} \\ & [\triangle(2,\ b_2)];\ \tfrac{1}{2}\nu,-\tfrac{1}{2}\nu,\ [\triangle(2,\ 2\epsilon-b_2)] \end{array}\right]$$

$$=2^{3-2a-b_1-b_2}\pi^{3/2}\Gamma(a+b_1)\Gamma(a+b_2)K_\nu(2\sqrt{y}) \qquad (3.8)$$

$$G^{2,\ 2,\ 2,\ 4,\ 1}_{2,\ [2\,:\,2],\ 0,\ [4\,:\,6]}\left[\begin{array}{c|l} 1 & \triangle(2,\ 2\epsilon) \\ & \triangle(2,\ a);\ \triangle(2,\ 1-2\epsilon+a+b_1+b_2) \\ y & \qquad\text{---} \\ & [\triangle(2,\ b_2)];\ \tfrac{1}{2}\nu,\ -\tfrac{1}{2}\nu,\ [\triangle(2,\ 2\epsilon-b_2)] \end{array}\right]$$

$$=2^{2-(2a+b_1+b_2)}\,\pi^{3/2}\Gamma(a+b_1)\,\Gamma(a+b_2)\,J_\nu(2\sqrt{y}) \qquad (3.9)$$

$$G^{2,\ 2,\ 2,\ 4,\ 2}_{2,\ [2\,:\,3],\ 0,\ [4\,:\,6]}\left[\begin{array}{c|l} 1 & \triangle(2,\ 2\epsilon) \\ & \triangle(2,a);\ \triangle(2,\ 1-2\epsilon+a+b_1+b_2),\ 1-g_1 \\ y & \qquad\text{---} \\ & [\triangle(2,\ b_2)];f_1,\ f_2,\ [\triangle(2,\ 2\epsilon-b_2)] \end{array}\right]$$

$$=2^{2-2a-b_1-b_2}\pi^{3/2}\Gamma(a+a_2)\,\Gamma(a+b_2)y^{\frac{1}{2}(f_1+f_2-1)}e^{-1/2y}\,W_{k,\,m}(y) \qquad (3.10)$$

$$\frac{d}{dS}\left[\frac{1}{S^2}\ {}_2F_1\left[\begin{matrix}\rho+m+\frac{5}{2},\ \rho-m+\frac{5}{2}\\ \rho-k+2\end{matrix};\ -\frac{t}{S}\right]=(-1)2.\ S^{-3}\,{}_2F_1\left[\begin{matrix}\rho+m+\frac{5}{2},\ \rho-m+\frac{7}{2}\\ m-k+\frac{5}{2}\end{matrix};\ -t/S\right]\right.$$

तथा

$$\lim_{a\to 1/2-0} f^n(S)=(-1)^n\frac{\Gamma(\rho+m+\frac{5}{2})}{\Gamma(m-k+\frac{5}{2})}\ (n+1)!\times S^{-n-2}\int_0^\infty {}_2F_1\left[\begin{matrix}\rho+m+\frac{3}{2},\ n+2\\ m-k+\frac{5}{2}\end{matrix};\ -t/S\right]\alpha(t)\ dt$$

पिछली प्रमेय से उपर्युक्त समाकलन अभिसारी होगा ।

कृतज्ञता-ज्ञापन

मैं डा० ब्रजमोहन का आभारी हूँ जिन्होंने इस शोध पत्र की तैयारी में सहायता पहुँचाई ।

निर्देश

1. एर्डेल्यी ए० तथा अन्य । Higher Transcendental functions. **भाग** I, 1953.

2. वर्मा, आर० एस० । **प्रोसी० नेश० एके० साइंस (इंडिया)**, 1951.

3. विडर, डी० वी० । The Laplace transform. **प्रिंसटन**, 1946

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No 2, April 1969, Pages 93-97

गोलाकार पृष्ठ पर विभव तथा माइजर का G-फलन

एस० डी० बाजपेयी
प्रयुक्त गणित विभाग, श्री जी० एस० टेक्नालाजिकल इंस्टीच्यूट, इंदौर

[प्राप्त—अगस्त 11, 1967]

सारांश

प्रस्तुत शोध पत्र में किसी गोलाकार पृष्ठ के परिवृत्त विभव सम्बन्धी प्रश्न को हल करने के लिये माइजर के G-फलन का व्यवहार किया गया है और यह दिखाया गया है कि किस प्रकार माइजर के G-फलन का उपयोग प्रयुक्त गणित के प्रश्नों के हल के लिये उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

Abstract

The potential about a spherical surface and Meijer's G-function. *By* S. D. Bajpai, Department of Applied Mathematics, Shri G. S. Technological Institute, Indore.

In this paper we have employed Meijer's G-function to solve a problem of the potential about a spherical surface and shown how Meijer's G-function may be found useful in solving certain problems of applied mathematics.

1. विभव सिद्धान्त (potential theory) में माइजर के G-फलन के उपयोग के लिये उदाहरण स्वरूप हम गोलाकार पृष्ठ के परिवृत विभव ज्ञात करने के प्रश्न पर विचार करेंगे।

माना कि गोलाकार पृष्ठ पर वैद्युत विभव $V=F(\theta)$, ज्ञात रूप से वितरित है जिसमें r, ϕ, θ गोलाकार निर्देशांक हैं जिनका मूलबिन्दु गोले के केन्द्र में है। यह मानते हुये कि दिक् में समस्त बिन्दुओं पर जो पृष्ठ के अन्दर तथा बाहर हैं, आवेशरहित हैं विभव का निश्चयन करना है। यह स्पष्टतया ϕ से मुक्त होगा अतः इसे लैपलास समीकरण में गोलाकार निर्देशांकों में निम्नांकित दशा की तुष्टि करनी होगी :

$$r \frac{\partial^2}{\partial r^2}(rV)+\frac{1}{\sin\theta}\frac{\partial}{\partial\theta}\left(\sin\theta\frac{\partial V}{\partial\theta}\right)=0. \tag{1·1}$$

$V(r, \theta)$ विभव को अपने द्वितीय कोटिक व्युत्पन्नों सहित प्रत्येक क्षेत्र में, जिसमें पृष्ठ का बिन्दु स्थित न हो, शतत होना होगा तथा पृष्ठ से अनन्त दूरी के बिन्दुओं पर लोप होना होगा। अतः सीमा प्रतिबन्ध निम्नांकित प्रकार होंगे :

$$\operatorname*{Limt}_{r\to C} V(r, \theta)=F(\theta) \qquad (0<\theta<\pi), \tag{1·2}$$

जहाँ C गोलाकार पृष्ठ की त्रिज्या है तथा

$$\operatorname*{limt}_{r\to\infty} V(r, \theta)=0. \tag{1·3}$$

संक्षेपण की दृष्टि से $a_1, \ldots, \ldots, a_p$ के लिये a_p, δ धनात्मक पूर्णसंख्या के लिए तथा $\frac{\alpha}{\delta}, \frac{\alpha+1}{\delta}, \ldots, \frac{\alpha+\delta-1}{\delta}$ प्राचलों के समुच्चय के लिये संकेत $\triangle(\delta, \alpha)$ का प्रयोग हुआ है।

प्रस्तुत शोध पत्र में हम

$$F(\theta)=\sin^{2\sigma-2}\theta\, G^{m, n}_{p, q}\left(z \sin^{2\delta}\theta \,\middle|\, \begin{matrix} a_p \\ b_q \end{matrix}\right), \tag{1·4}$$

तथा

$$F(\theta)=(1-\cos\theta)^{\sigma} G^{m, n}_{p, q}\left(z(1-\cos\theta)^{\delta} \,\middle|\, \begin{matrix} a_p \\ b_q \end{matrix}\right) \tag{1·5}$$

पर विचार करेंगे।

उपपत्तियों में निम्नांकित सूत्रों की आवश्यकता पड़ेगी :—

$$\int_0^{\pi} \sin^{2\sigma-1}\theta P_\nu(\cos\theta) G^{m, n}_{p, q}\left(z\sin^{2\delta}\theta \,\middle|\, \begin{matrix} a_p \\ b_q \end{matrix}\right) d\theta \tag{1·6}$$

$$=\frac{\pi\,\delta^{-1}}{\Gamma\left(\frac{2+\nu}{2}\right)\Gamma\left(\frac{1-\nu}{2}\right)} G^{m, n+2\delta}_{p+2\delta, q+2\delta}\left(z \,\middle|\, \begin{matrix} \triangle(\delta, 1-\sigma), \triangle(\delta, 1-\sigma)\, a_p \\ b_q, \triangle(\delta, -\sigma-\frac{1}{2}\nu), \triangle(\delta, 1-\sigma+\frac{1}{2}\nu) \end{matrix}\right),$$

जहाँ $2(m+n)>p+q$, $|\arg z|<(m+n-\frac{1}{2}p-\frac{1}{2}q)\pi$, $Re\,(\sigma+\delta b_j)>0$, $j=1, 2, \ldots, m$, जो [1, (2.1)] से निकलता है।

$$\int_0^{\pi} \sin\theta\,(1-\cos\theta)^{\sigma} P_\nu(\cos\theta) G^{m, n}_{p, q}\left(z(1-\cos\theta)^{\delta} \,\middle|\, \begin{matrix} ap \\ pq \end{matrix}\right) d\theta \tag{1·7}$$

$$=\frac{2^{\sigma+1}}{\delta} G^{m+\delta, n+\delta}_{p+2\delta, q+2\delta}\left(2^{\delta} z \,\middle|\, \begin{matrix} \triangle(\delta, -\sigma), a_p, \triangle(\delta, -\sigma) \\ \triangle(\delta, \nu-\sigma), b_q, \triangle(\delta, -1-\sigma-\nu) \end{matrix}\right),$$

जहाँ $2(m+n)>p+q$, $|\arg z|<(m+n-\frac{1}{2}p-\frac{1}{2}q)\pi$, $Re\,(\sigma+\delta b_j)>0$, $j=1, 2, \ldots, m$, जो [4, 198, (3.2)] से प्राप्त होगा।

$$\int_0^\pi \sin\theta(P_n\cos\theta)^2\, d\theta=\frac{2}{2n+1}, \tag{1·8}$$

जो [3, p. 277, (13)] से मिलता है।

$$\int_0^\pi \sin\theta P_n(\cos\theta)P_m(\cos\theta)\, d\theta=0, \text{ यदि } m\neq n, \tag{1·9}$$

जो [3, p. 277, (14)] से निकलता है।

2. गोले के अन्दर बिन्दुओं से सम्बन्धित प्रश्न का हल

जिन हलों को सम्पन्न करना है वे हैं :

$$V(r,\theta)=\frac{\pi}{\delta}\sum_{N=0}^{\infty}\frac{(2N+1)}{2}\left(\frac{r}{C}\right)^N\frac{P_N(\cos\theta)}{\Gamma\left(\frac{2+N}{2}\right)\Gamma\left(\frac{1-N}{2}\right)}$$

$$\times G^{m,\, n+2\delta}_{p+2\delta,\, q+2\delta}\left(z\,\Bigg|\,\begin{matrix}\triangle(\delta,1-\sigma),\ \triangle(\delta,1-\sigma),\ a_p\\ b_q,\ \triangle(\delta,\sigma-\frac{1}{2}N),\ \triangle(\delta,1-\sigma+\frac{1}{2}N)\end{matrix}\right), \tag{2·1}$$

$$V(r,\theta)=\frac{2^{\sigma+1}}{\delta}\sum_{N=0}^{\infty}\frac{(2N+1)}{2}\left(\frac{r}{C}\right)^N P_N(\cos\theta)$$

$$\times G^{m+\delta,\, n+\delta}_{p+2\delta,\, q+2\delta}\left(2^\delta z\,\Bigg|\,\begin{matrix}\triangle(\delta,-\sigma),\ a_p,\ \triangle(\delta,-\sigma)\\ \triangle(\delta,-\sigma),\ b_q\triangle(\delta,1-\sigma-N)\end{matrix}\right), \tag{2·2}$$

जहाँ $2(m+n)>p+q$, $|\arg z|<(m+n-\frac{1}{2}p-\frac{1}{2}q)\pi$, $r\leqslant C$, $Re\,(\sigma+\delta b_j)>0, j=1,2,\ldots\ldots,m$

उपपत्ति : प्रश्न का जैसा हल [2, p. 195] में दिया है

$$V(r,\theta)=\sum_{N=0}^{\infty}B_N r^N P_N(\cos\theta) \qquad (r<c). \tag{2·3}$$

यदि $r=C$, तो (1·4), के आधार पर

$$\sin^{2\sigma-2}\theta\, G^{m,\,n}_{p,\,q}\left(z\sin^{2\delta}\theta\,\Bigg|\,\begin{matrix}a_p\\ b_q\end{matrix}\right)=\sum_{N=0}^{\infty}B_N C^N P_N(\cos\theta) \quad (0<\theta<\pi). \tag{2·4}$$

(2·4) में दोनों ओर $\sin\theta P_\nu(\cos\theta)$ से गुणा करने पर तथा 0 से π तक θ के प्रति समाकलित करने पर

$$\int_0^\pi \sin^{2\sigma-1}\theta P_\nu(\cos\theta)G^{m,\,n}_{p,\,q}\left(z\sin^{2\delta}\theta\,\Bigg|\,\begin{matrix}a_p\\ b_q\end{matrix}\right)d\theta$$

$$=\sum_{N=0}^{\infty}B_N C^N\int_0^\pi \sin\theta P_\nu(\cos\theta)P_N(\cos\theta)\, d\theta. \tag{2·5}$$

(1·6), (1·8) तथा (1·9) को प्रयुक्त करने पर

$$B_\nu=\frac{\pi(2\nu+1)}{2\delta C^\nu\Gamma\left(\frac{2+\nu}{2}\right)\Gamma\left(\frac{1-\nu}{2}\right)}G^{m,\,m+2\delta}_{p+2\delta,\,q+2\delta}\left(z\,\middle|\,\begin{matrix}\triangle(\delta,1-\sigma),\ \triangle(\delta,1-\sigma),\ a_p\\ b_q,\ \triangle(\delta,-\sigma-\nu/2),\ \triangle(\delta,1-\sigma+\nu/2)\end{matrix}\right),\tag{2.6}$$

जहाँ $2(m+n)>p+q$, $|\arg z|<(m+n-\frac{1}{2}p-\frac{1}{2}q)\pi$, $Re\,(\sigma+\delta b_j)>0, j=1, 2, \ldots, m.$

अब (2·3) तथा (2·6) की सहायता से (2.1) हल तुरन्त निकल आता है।

इसी प्रकार (2·2) हल भी (1·6) के स्थान पर (1·7) का उपयोग करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

3. गोले से बाहर बिन्दुओं वाले प्रश्न के हल

जिन हलों की प्राप्ति करनी है वे हैं ;

$$V(r,\theta)=\frac{\pi}{\delta}\sum_{N=0}^{\infty}\frac{(2N+1)}{2}\left(\frac{C}{r}\right)^{N+1}\frac{P_N(\cos\theta)}{\Gamma\left(\frac{2+N}{2}\right)\Gamma\left(\frac{1-N}{2}\right)}$$

$$\times G^{m,\,n+2\delta}_{p+2\delta,\,q+2\delta}\left(z\,\middle|\,\begin{matrix}\triangle(\delta,1-\sigma),\ \triangle(\delta,1-\sigma),\ a_p\\ b_q,\ \triangle(\delta,-\sigma-\frac{1}{2}N),\ \triangle(\delta,1-\sigma+\frac{1}{2}N)\end{matrix}\right),\tag{3·1}$$

$$V(r,\theta)=\frac{2^{\sigma+1}}{\delta}\sum_{N=0}^{\infty}\frac{(2N+1)}{2}\left(\frac{C}{r}\right)^{N+1}P_N(\cos\theta)$$

$$\times G^{m+\delta,\,n+\delta}_{p+2\delta,\,q+2\delta}\left(2^\delta z\,\middle|\,\begin{matrix}\triangle(\delta,-\sigma),\ a_p,\ \triangle(\delta,-\sigma)\\ \triangle(\delta,N-\sigma),\ b_q,\ \triangle(\delta,-1-\sigma-N)\end{matrix}\right),\tag{3·2}$$

जहाँ $2(m+n)>p+q$, $|\arg z|<(m+n-\frac{1}{2}p-\frac{1}{2}q)\pi$, $r\geqslant C$, $Re\,(\sigma+\delta b_j)>0, j=1, 2, \ldots, m.$

उपपत्ति : इस प्रश्न का हल [2, p. 195, (6)] में दिये गये हल के समान है :

$$V(r,\theta)=\sum_{N=0}^{\infty}A_N\frac{C^{N+1}}{r^{N+1}}P_N(\cos\theta)\qquad(r>C).\tag{3·3}$$

यदि $r=C$, तो (1.4) के बल पर

$$\sin^{2\sigma-2}\theta\,G^{m,\,n}_{p,\,q}\left(z\sin^{2\delta}\theta\,\middle|\,\begin{matrix}a_p\\ b_q\end{matrix}\right)=\sum_{N=0}^{\infty}A_NP_N(\cos\theta)\qquad(0<\theta<\pi).\tag{3·4}$$

(3.4) में दोनों ओर $\sin\theta P_\nu(\cos\theta)$ द्वारा गुणा करने पर तथा 0 से π तक θ के प्रति समाकलित करने पर और तब (1·6), (1·8) तथा (1·9) का उपयोग करने पर

$$A_\nu = \frac{\pi(2\nu+1)}{2\delta C^\nu \Gamma\left(\frac{2+\nu}{2}\right)\Gamma\left(\frac{1-\nu}{2}\right)} G^{m,\ n+2\delta}_{p+2\delta,\ q+2\delta}\left(z \,\middle|\, \begin{matrix} \triangle(\delta,\ 1-\sigma),\ \triangle(\delta,\ 1-\sigma),\ a_p \\ b_q,\ \triangle(\delta,\ -\sigma-\tfrac{1}{2}\nu),\ \triangle(\delta,\ 1-\sigma+\tfrac{1}{2}\nu) \end{matrix}\right), \tag{3·5}$$

जहाँ $2(m+n)>p+q$, $|\arg z|<(m+n-\frac{1}{2}p-\frac{1}{2}q)\pi$, $Re\,(\sigma+\delta b_j)>0$, $j=1, 2, \ldots, m$.

(3·1) हल (3·3) तथा (3·5) से प्राप्त होगा।

इसी प्रकार (3·2) हल (1·7) के उपयोग द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचलों के विशिष्टीकरण द्वारा G-फलन को बेसेल फलनों, लेगेण्ड्र फलनों तथा अन्य उच्चतर अभीजीय फलनों [3 p. 434-444] में परिवर्तित किया जा सकता है। अतः (1·4) तथा (1·5) में दिये गये $F(\theta)$ सामान्य आचरण वाले हैं अतः वे अनेक रोचक दशाओं को समाविष्ट कर सकते हैं।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक डा० वी० एम० भिसे का आभारी है, जिन्होंने इस शोध पत्र के लेखन में सहायता पहुँचाई। लेखक प्रिंसिपल डा० एस० एम० दासगुप्ता का भी आभारी है जिनके द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लेखक ने उपयोग किया।

निर्देश

1. बाजपेयी, एस० डी०। **प्रोसी० नेश० इंस्टी० सांइस (इंडिया) में प्रकाशनार्थ स्वीकृत।**
2. चर्चिल, आर० वी०। Fourier Series and Boundary value Problems. **मैकग्राहिल, न्यूयार्क**, 1942.
3. एर्डेल्यी, ए०। Tables of Integral Transforms, **भाग** 2, **मैकग्राहिल, न्यूयार्क**, 1954.
4. सक्सेना, आर० के०। **जर्न० इण्डियन मैथ० सोसा०**, 1964, **28** (3-4), 197-202.

विज्ञान परिषद् अनुसन्धान पत्रिका

भाग 12 | जुलाई 1969 | संख्या 3

विषय-सूची

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No. 3, July 1969, Pages 99-109

दो सार्वीकृत हाइपरज्यामितीय बहुपदियों के गुणनफल के व्युत्पन्न

मणिलाल शाह

गणित विभाग, पी० एम० बी० जी० कालेज, इन्दौर

[प्राप्त—नवम्बर 18, 1967]

सारांश

दो सार्वीकृत हाइपरज्यामितीय बहुपदियों के गुणनफल के व्युत्पन्नों को प्राप्त किया गया है जिसमें बहुपदी की परिभाषा निम्नांकित प्रकार से की गई है :

$$F_n(x)=x^{(\delta-1)n}\ {}_{p+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,\ -n),\ a_1,\ \ldots,\ a_p\\ b_1,\ \ldots,\ b_q\end{matrix};\ \mu x^c\right].$$

कई विशिष्ट दशायें भी दी गई हैं।

Abstract

On the derivatives of the product of two generalised hypergeometric polynomials. *By* Manilal Shah, Department of Mathematics, P.M.B.G. College, Indore.

Derivatives of the product of two generalised hypergeometric polynomials have been obtained by defining the polynomial as

$$F_n(x)=x^{(\delta-1)n}\ {}_{p+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,\ -n),\ a_1,\ \ldots,\ a_p\\ b_1,\ \ldots,\ b_q\end{matrix};\ \mu x^c\right].$$

Many special cases have given

1. **भूमिका** : लाम्बिक बहुपदियों के व्युत्पन्नों का अध्ययन काल[1,2] द्वारा तथा अभी हालही में चटर्जी[3] और खंडेकर[4] द्वारा किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र में दो सार्वीकृत हाइपरज्यामितीय बहुपदियों के गुणफल के व्युत्पन्न प्राप्त किये गये हैं। प्राचलों के विशिष्टीकरण द्वारा कई ज्ञात और अज्ञात फल प्राप्त किये गये हैं।

संक्षेपण एवं लेखन में सुविधा की दृष्टि से हम निम्नांकित संकुचित संकेतन का व्यवहार करेंगे।

$$ {}_pF_q(x) = {}_pF_q\left(\begin{matrix} a_p \\ b_q \end{matrix}\middle| x\right) = \sum_{k=0}^{\infty} \frac{(a_p)_k\, x^k}{(b_q)_k\, k!} $$

फलतः $(a_p)_k$ की $\prod_{j=1}^{p}(a_j)_k$ के रूप में व्याख्या की जावेगी और इसी प्रकार $(b_q)_k$ की।

हमने सार्वीकृत हाइपरज्यामितीय बहुपदी[5] को

$$ F_n(x) = x^{(\delta-1)n}\, {}_{p+\delta}F_q \left[\begin{matrix} \triangle(\delta, -n),\ a_p \\ b_q \end{matrix} ;\ \mu x^c \right] = \sum_{r=0}^{\infty} \frac{\prod_{i=0}^{\delta-1}\left(\frac{-n+i}{\delta}\right)_r (a_p)_r\, \mu^r\, x^{(\delta-1)n+cr}}{(b_q)_q\, r!} \tag{1·1} $$

के द्वारा पारिभाषित किया है जिसमें

$\triangle(\delta, -n)$ द्वारा δ-प्राचल की अभिव्यक्ति हुई है, $\frac{-n}{\delta}, \frac{-n+1}{\delta}, \ldots, \frac{-n+(\delta-1)}{\delta}$ तथा δ, n धन पूर्णांक हैं।

2. सर्वप्रथम हम एकाकी सार्वीकृत हाइपरज्यामितीय बहुपदी के व्युत्पन्नों को प्राप्त करेंगे क्योंकि आगे इनकी आवश्यकता पड़ेगी। (1·1) के दोनों ओर को x के प्रति k बार अवकलित करने पर

$$ \left(\frac{d}{dx}\right)^k \left\{ x^{(\delta-1)n}\, {}_{p+\delta}F_q \left[\begin{matrix} \triangle(\delta, -n),\ a_p \\ b_q \end{matrix} ;\ \mu x^c \right] \right\} $$

$$ = \sum_{r=0}^{\infty} \frac{\prod_{i=0}^{\delta-1}\left(\frac{-n+i}{\delta}\right)_r (a_p)_r\, \mu^r\, \Gamma\{(\delta-1)n+cr+1\}}{(b_q)_r\, \Gamma\{(\delta-1)n+cr-k+1\}\, r!}\, x^{(\delta-1)n+cr-k} \tag{2·1} $$

$$ 0 < k \leqslant n $$

प्राप्त होगा।

विभिन्न ज्ञात बहुपदियों के हाइपरज्यामितीय रूपों पर ध्यान देने से हमें (2·1) की तीन विशिष्ट दशाएँ प्राप्त होंगी :

(i) $\delta \geqslant 2$ तथा c के धन पूर्णांक होने पर, $(a)_{nk} = k^{nk} \prod_{i=1}^{k}\left(\frac{a+i-1}{k}\right)_n$ सम्बन्ध को गामा फलनों के लिये प्रयुक्त करने पर

$$ \left(\frac{d}{dx}\right)^k \left\{ x^{(\delta-1)n}\, {}_{p+\delta}F_q \left[\begin{matrix} \triangle(\delta, -n),\ a_p \\ b_q \end{matrix} ;\ \mu x^c \right] \right\} $$

$$ = \frac{(\delta-1)n!}{\{(\delta-1)n-k\}!}\, x^{(\delta-1)n-k}\, {}_{p+\delta+c}F_{q+c} \left[\begin{matrix} \triangle(\delta, -n),\ \triangle(c, (\delta-1)n+1),\ a_p \\ \triangle(c, (\delta-1)n-k+1),\ b_q \end{matrix} ;\ \mu x^c \right] \tag{2·2} $$

प्राप्त होगा।

(ii) यदि $\delta=c=1$, तथा r को $r+k$ द्वारा प्रतिस्थापित करते हुये एवं $(a)_{n+k}=(a)_k(a+k)_n$ सम्बन्ध का प्रयोग करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left\{{}_{p+1}F_q\left[\begin{matrix}-n, & a_p \\ & b_q\end{matrix}; \mu x\right]\right\}$$

$$=\frac{(-n)_k(a_p)_k\,\mu^k}{(b_q)_k}\,{}_{p+1}F_q\left[\begin{matrix}-n+k, & a_p+k \\ & b_q+k\end{matrix}; \mu x\right],\quad 0<k\leqslant n.$$

(2·3) की विशिष्ट दशायें अनुभाग 4 में प्राप्त की गई हैं ।

(iii) यदि $c=-c'$ जहाँ c' धन पूर्णांक है, $\delta\geqslant 2$ तथा $\dfrac{\Gamma(1-a-n)}{\Gamma(1-a)}=\dfrac{(-1)^n}{(a)_n}$, $(a)_{nk}=k^{nk}\prod\limits_{i=1}^{k}\left(\dfrac{a+i-1}{k}\right)_n$, सम्बन्धों का उपयोग करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left\{x^{(\delta-1)n}\,{}_{p+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta, -n), & a_p \\ & b_q\end{matrix}; \mu x^{-c'}\right]\right\}$$

$$=\frac{(\delta-1)n\,!}{\{(\delta-1)n-k\}\,!}\,x^{(\delta-1)n-k}\,{}_{p+\delta+c'}F_{q+c'}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta,-n), \triangle(c', -(\delta-1)n+k), a_p \\ \triangle(c', -(\delta-1)n), \quad b_q\end{matrix}; \mu x^{-c'}\right]. \tag{2·4}$$

(2·4) की विशिष्ट दशायें अनुभाग 4·1 में प्राप्त की गई हैं ।

3. इस अनुभाग में दो सार्वीकृत हाइपरज्यामितीय बहुपदियों के गुणनफल के व्युत्पन्नों की स्थापना की जावेगी ।

हम जानते हैं कि

$$F_n(x)F_m(x)=x^{(\delta-1)n}\,{}_{p+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta, -n), & a_p \\ & b_q\end{matrix}; \mu x^c\right]x^{(\gamma-1)m}\,{}_{l+\gamma}F_s\left[\begin{matrix}\triangle(\gamma, -m), & \rho_l \\ & \sigma_s\end{matrix}; \lambda x^d\right]. \tag{3·1}$$

(3·1) में किसी गुणनफल के k^{th} व्युत्पन्न के लिये लीबनिट्ज के नियम का सम्प्रयोग करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[\left\{x^{(\delta-1)n}\,{}_{p+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta, -n), & a_p \\ & b_q\end{matrix}; \mu x^c\right]\right\}\left\{x^{(\gamma-1)m}\,{}_{l+\gamma}F_s\left[\begin{matrix}\triangle(\gamma, -m), & \rho_l \\ & \sigma_s\end{matrix}; \lambda x^d\right]\right\}\right]$$

$$=\sum_{r=0}^{k} C_{k,\,r}\left[\left(\frac{d}{dx}\right)^{k-r}\left\{x^{(\delta-1)n}\,{}_{p+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta, -n), & a_p \\ & b_q\end{matrix}; \mu x^c\right]\right\}\right.$$

$$\left.\times\left(\frac{d}{dx}\right)^r\left\{x^{(\gamma-1)m}\,{}_{l+\gamma}F_s\left[\begin{matrix}\triangle(\gamma, -m), & \rho_l \\ & \sigma_s\end{matrix}; \lambda x^d\right]\right\}\right]. \tag{3·2}$$

$$0<k\leqslant n,$$
$$0<k\leqslant m.$$

हम (3·2) की निम्नांकित चार विशिष्ट दशाओं पर विचार करेंगे :

(i) यदि $\delta \geqslant 2$, $\gamma \geqslant 2$, c, d धन पूर्णांक हों तो (2·2) की सहायता से

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k \left[\left\{x^{(\delta-1)n}\ {}_{p+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta, -n), a_p \\ b_q\end{matrix}; \mu x^c\right]\right\}\left\{x^{(\gamma-1)m}\ {}_{l+\gamma}F_s\left[\begin{matrix}\triangle(\gamma, -m), \rho_l \\ \sigma_s\end{matrix}; \lambda x^d\right]\right\}\right]$$

$$= \frac{(\delta-1)n\,!}{\{(\delta-1)n-k\}\,!}\, x^{(\delta-1)n+(\gamma-1)m-k} \sum_{r=0}^{k} C_{k,r} \frac{(-1)^r\{-(\gamma-1)m\}_r}{\{(\delta-1)n-k+1\}_r}$$

$$\times {}_{p+\delta+c}F_{q+c}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta, -n), \triangle(c, (\delta-1)n+1), a_p \\ \triangle(c, (\delta-1)n-k+r+1), \quad b_q\end{matrix}; \mu x^c\right]$$

$$\times {}_{l+\gamma+d}F_{s+d}\left[\begin{matrix}\triangle(\gamma, -m), \triangle(d, (\gamma-1)m+1), \rho_l \\ \triangle(d, (\gamma-1)m-r+1), \sigma_s\end{matrix}; \lambda x^d\right] \tag{3·3}$$

(ii) यदि $\delta=\gamma=1$, $c=d=1$, तो (2·3) के फल का व्यवहार करते हुये

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k \left[\left\{{}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n, a_p \\ b_q\end{matrix}; \mu x\right)\right\}\left\{{}_{l+1}F_s\left(\begin{matrix}-m, \rho_l \\ \sigma_s\end{matrix}; \lambda x\right)\right\}\right]$$

$$= \sum_{r=0}^{k} C_{k,r} \frac{(-n)_{k-r}(a_p)_{k-r}(-m)_r(\rho)_r \mu^{k-r}\lambda^r}{(b_q)_{k-r}(\sigma s)_r}$$

$$\times {}_{p+1}F_q\left[\begin{matrix}-n+k-r, a_p+k-r \\ b_q+k-r\end{matrix}; \mu x\right] {}_{l+1}F_s\left[\begin{matrix}-m+r, \rho_l+r \\ \sigma_s+r\end{matrix}; \lambda x\right] \tag{3·4}$$

(iii) यदि $c=-c'$, $d=-d'$, जहाँ c', d' धन पूर्णांक हों, $\delta \geqslant 2$, $\gamma \geqslant 2$ तथा (2·4) की सहायता से

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k \left[\left\{x^{(\delta-1)n}\ {}_{p+\delta}F_q\left[\begin{matrix}\triangle(\delta, -n), a_p \\ b_q\end{matrix}; \mu x^{-c'}\right]\right\}\left\{x^{(\gamma-1)m}\ {}_{l+\gamma}F_s\left[\begin{matrix}\triangle(\gamma, -m), \rho_l \\ \sigma_s\end{matrix}; \lambda x^{-d'}\right]\right\}\right]$$

$$= \frac{(\delta-1)n\,!}{\{(\delta-1)n-k\,!}\, x^{(\delta-1)n+(\gamma-1)m-k} \sum_{r=0}^{k} C_{k,r} \frac{(-1)^r\{-(\gamma-1)m\}_r}{\{(\delta-1)n-k+1\}_r}$$

$$\times {}_{p+\delta+c'}F_{q+c'}\left[\begin{matrix}\triangle(\delta, -n), \triangle(c', -(\delta-1)n+k-r), a_p \\ \triangle(c', -(\delta-1)n), \quad b_q\end{matrix}; \mu x^{-c'}\right]$$

$$\times {}_{l+\gamma+d'}F_{s+d'}\left[\begin{matrix}\triangle(\gamma, -m), \triangle(d', -(\gamma-1)m+r), \rho_l \\ \triangle(d', -(\gamma-1)m), \quad \sigma_s\end{matrix}; \lambda x^{-d'}\right]. \tag{3·5}$$

(iv) यदि $\delta=c=1,\ \gamma=2,\ d=-d'$ जहाँ d' धनात्मक है और $d'=2$, तो (2·3) तथा (2·4) की सहायता से

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[\left\{{}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n,\ a_p\\ b_q\end{matrix};\mu x\right)\right\}\left\{x^m\ {}_{l+2}F_s\left(\begin{matrix}\frac{-m}{2},\ \frac{-m+1}{2},\ \rho_l\\ \sigma_s\end{matrix};\lambda x^{-2}\right)\right\}\right]$$

$$=\sum_{r=0}^{k} C_{k,\,r}\frac{(-1)^r(-n)_{k-r}(a_p)_{k-r}\,\mu^{k-r}(-m)_r x^{m-r}}{(b_q)_{k-r}}$$

$$\times {}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n+k-r,\ a_p+k-r\\ b_q+k-r\end{matrix};\mu x\right){}_{l+2}F_s\left(\begin{matrix}\frac{-m+r}{2},\ \frac{-m+r+1}{2},\ \rho_l\\ \sigma_s\end{matrix};\lambda x^{-2}\right). \tag{3·4}$$

स्पष्टतः $m=0$ या $n=0$, रखने पर सम्बन्ध (3·3), (3·4), (3·5) सम्बन्ध (2·2), (2·3), (2·4) में बदल जाते हैं।

4. इस अनुभाग में हम (3·4) की विशिष्ट दशाओं पर विचार करेंगे।

(a) यदि $a_1=n+\alpha+\beta+1,\ b_1=1+\alpha,\ b_2=\frac{1}{2},\ \mu=1,$

$$\rho_1=m+\gamma+\delta+1,\ \sigma_1=1+\gamma,\ \sigma_2=\tfrac{1}{2},\ \lambda=1,$$

और दोनों ओर $\dfrac{(1+\alpha)_n(1+\gamma)_m}{n!\ m!}$ से गुणा करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[f_n^{(\alpha,\beta)}\left(\begin{matrix}a_2,\dots,\ a_p\\ b_3,\dots,\ b_q\end{matrix};x\right)f_m^{(\gamma,\delta)}\left(\begin{matrix}\rho_2,\ \dots,\ \rho_l\\ \sigma_3,\ \dots,\ \sigma_s\end{matrix};x\right)\right]$$

$$=\frac{(1+\alpha)_n(1+\gamma)_m}{n!\ m!}\sum_{r=0}^{k} C_{k,r}\frac{(-n)_{k-r}(\eta+\alpha+\beta+1)_{k-r}\prod_{j=2}^{p}(a_j)_{k-r}(-m)_r(m+\gamma+\delta+1)_r\prod_{j=2}^{l}(\rho_j)_r}{(1+\alpha)_{k-r}(\frac{1}{2})_{k-r}\prod_{j=3}^{q}(b_j)_{k-r}(1+\gamma)_r(\frac{1}{2})_r\prod_{j=3}^{s}(\sigma_j)_r}$$

$$\times {}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n+k-r,\ n+\alpha+\beta+1+k-r,\ a_2+k-r,\ \dots,\ a_p+k-r\\ 1+\alpha+k-r,\ \frac{1}{2}+k-r,\ b_3+k-r,\ \dots,\ b_q+k-r\end{matrix};x\right)$$

$$\times {}_{l+1}F_s\left(\begin{matrix}-m+r,\ m+\gamma+\delta+1+r,\ \rho_2+r,\ \dots,\ \rho_l+r\\ 1+\gamma+r,\ \frac{1}{2}+r,\ \sigma_3+r,\dots,\ \sigma_s+r\end{matrix};x\right)$$

जहाँ $f_n^{(\alpha,\beta)}\left(\begin{matrix}a_2,\ \dots,\ a_p\\ b_3,\ \dots,\ b_q\end{matrix};x\right)$ सार्वीकृत सिस्टर सेलीन की बहुपदी [5, eqn. (2·2)] है।

जब $m=0$ तो (4·1)

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[f_n^{(\alpha_1\beta)}\binom{a_2,\ \ldots,\ a_p}{b_3,\ \ldots,\ b_q};x\right]$$

$$=\frac{(-1)^k(n+\alpha+\beta+1)_k\prod_{j=2}^{p}(a_j)_k}{(\frac{1}{2})_k\prod_{j=3}^{q}(b_j)_k}f_{n-k}^{(\alpha+k,\beta+k)}\binom{a_2+k,\ \ldots,\ a_p+k}{b_3+k,\ \ldots,\ b_q+k};x\Bigg) \tag{4·2}$$

में परिणत हो जावेगा।

(i) (4·1) में $l=s=3$, $\rho_2=\frac{1}{2}$, $\rho_3=\rho$ तथा $\sigma_3=\sigma$ रखने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[f_n^{(\alpha,\beta)}\binom{a_2,\ \ldots,\ a_p}{b_3,\ \ldots,\ b_q};x\Bigg)H_m^{(\gamma,\delta)}(\rho,\sigma,x)\right]$$

$$=\frac{(1+\alpha)_n(1+\gamma)_m}{n!\ m!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-n)_{k-r}(n+\alpha+\beta+1)_{k-r}\prod_{j=2}^{p}(a_j)_{k-r}(-m)_r(m+\gamma+\delta+1)_r(\rho)_r}{(1+\alpha)_{k-r}(\frac{1}{2})_{k-r}\prod_{j=3}^{q}(b_j)_{k-r}(1+\gamma)_r(\sigma)_r}$$

$$\times{}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n+k-r,\ n+\alpha+\beta+1+k-r,\ a_2+k-r,\ \ldots,\ a_p+k-r\\ 1+\alpha+k-r,\ \frac{1}{2}+k-r,\ b_3+k-r,\ \ldots,\ b_q+k-r\end{matrix};x\right)$$

$$\times{}_3F_2\left(\begin{matrix}-m+r,\ m+\gamma+\delta+1+r,\ \rho+r\\ 1+\gamma+r,\ \sigma+r\end{matrix};x\right) \tag{4·3}$$

जहाँ $H_m^{(\gamma,\delta)}(\rho,\sigma,x)$ सार्वीकृत राइस की बहुपदी है। यदि $n=0$, तो (4·3) ज्ञात फल [4, p. 159 eqn. (5·2)] में परिणत हो जाता है।

(ii) (4·1) में $l=s=2$, $\rho_2=\frac{1}{2}$, रखने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[f_n^{(\alpha,\beta)}\binom{a_2,\ldots,\ a_p}{b_3,\ldots,\ b_q};x\Bigg)P_m^{(\gamma,\delta)}(1-2x)\right.$$

$$=\frac{(1+\alpha)_n(1+\gamma)_m}{n!\ m!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-n)_{k-r}(n+\alpha+\beta+1)_{k-r}\prod_{j=2}^{p}(a_j)_{k-r}(-m)_r(m+\gamma+\delta+1)_r}{(1+\alpha)_{k-r}(\frac{1}{2})_{k-r}\prod_{j=3}^{q}(b_j)_{k-r}(1+\gamma)_r}$$

$$\times{}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n+k-r,\ n+\alpha+\beta+1+k-r,\ a_2+k-r,\ \ldots,\ a_p+k-r\\ 1+\alpha+k-r,\ \frac{1}{2}+k-r,\ b_3+k-r,\ \ldots,\ b_q+k-r\end{matrix};x\right)$$

$$\times{}_2F_1\left(\begin{matrix}-m+r,\ m+\gamma+\delta+1+r\\ 1+\alpha+r\end{matrix};x\right), \tag{4·4}$$

जहाँ $P_m^{(\gamma,\delta)}(x)$ जैकोबी बहुपदी है।

यदि $n=0$ और x को $\frac{1-x}{2}$ द्वारा प्रतिस्थापित करें तो ज्ञात फल [6, p. 263, eqn. (3)] प्राप्त होगा ।

(iii) (4·1) में $\gamma=\delta=0$, $l=2$, $s=3$, $\rho_2=\frac{1}{2}$, $\sigma_3=1$, मानने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[f_n^{(\alpha,\beta)}\binom{a_2,\ \ldots,\ a_p}{b_3,\ \ldots,\ b_q};x\Big)Z_m(x)\right]$$

$$=\frac{(1+\alpha)_n}{n\,!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-n)_{k-r}(n+\alpha+\beta+1)_{k-r}\prod_{j=2}^{p}(a_j)_{k-r}(-m)_r(m+1)_r}{(1+\alpha)_{k-r}(\frac{1}{2})_{k-r}\prod_{j=3}^{q}(b_j)_{k-r}(1)_r(1)_r}$$

$$\times{}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n+k-r,\ n+\alpha+\beta+1+k-r,\ a_2+k-r,\ \ldots,\ a_p+k-r\\ 1+\alpha+k-r,\ \frac{1}{2}+k-r,\ b_3+k-r,\ \ldots,\ b_q+k-r\end{matrix};x\right)$$

$$\times{}_2F_2\left(\begin{matrix}-m+r,\ m+r+1\\ 1+r,\ 1+r\end{matrix};x\right), \tag{4·5}$$

जहाँ $Z_m(x)$ बेटमैन का बहुपदी है ।

यदि $n=0$ तो (4·5)

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[Z_m(x)\right]=\frac{(-1)^k(m+1)_k}{k\,!}\binom{m}{k}{}_2F_2\left(\begin{matrix}-m+k,\ m+k+1\\ 1+k,\ 1+k\end{matrix};x\right). \tag{4·6}$$

में परिणत हो जावेगा ।

(b) (3·4) में $p=0$, $q=1$, $b_1=1+\alpha$, $\mu=1$, $l=0$, $s=1$, $\sigma_1=1+\gamma$, $\lambda=1$, रखने पर और दोनों और $\frac{(1+\alpha)_n(1+\gamma)_m}{n!\ m!}$ से गुणा करने पर (4·7) की प्राप्ति होगी ।

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[L_n^{(\alpha)}(x)L_m^{(\gamma)}(x)\right]=\frac{(1+\alpha)_n(1+\gamma)_m}{n!\ m!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-n)_{k-r}(-m)_r}{(1+\alpha)_{k-r}(1+\gamma)_r}$$

$$\times{}_1F_1\left(\begin{matrix}-n+k-r\\ 1+\alpha+k-r\end{matrix};x\right){}_1F_1\left(\begin{matrix}-m+r\\ 1+\gamma+r\end{matrix};x\right). \tag{4·7}$$

यदि $m=0$, तो यह

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[L_n^{(\alpha)}(x)\right]=(-1)^kL_{n-k}^{(\alpha+k)}(x). \tag{4·8}$$

में परिणत हो जाता है जो पुनः ज्ञात फल [(5), p.206] का रूप धारण करता है यदि $k=n$.

(c) (3·4) में $p=1$, $q=0$, $a_1=n+a-1$, $\mu=-\frac{1}{b}$, $l=1$, $s=0$, $\rho_1=m+A-1$, $\lambda=-\frac{1}{B}$, रखने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\Big[\gamma_n(x, a, b)\ \gamma_m(x, A, B)\Big]$$

$$=\sum_{r=0}^{k} C_{k,r}(-n)_{k-r}(n+a-1)_{k-r}(-m)_r(m+A-1)_r\left(\frac{-1}{b}\right)^{k-r}\left(\frac{-1}{B}\right)^r$$

$$\times {}_2F_0\left(\begin{matrix}-n+k-r,\ n+a-1+k-r\\ -\end{matrix};\ -\frac{1}{b}x\right){}_2F_0\left(\begin{matrix}-m+r,\ m+A-1+r\\ -\end{matrix};\ -\frac{1}{B}x\right) \tag{4.9}$$

जहाँ $\gamma_n(x, a, b)$ सार्वीकृत बेसेल बहुपदी है। यदि $m=0$, तो यह ज्ञात फल [3, p. 244, eqn. (3·16)] में परिणत हो जाता है।

4·1. इस अनुभाग में (3·5) की विशिष्ट दशाओं का उल्लेख किया जावेगा यदि $\delta=2$, $\gamma=2$, $c'=d'=2$.

(a) यदि $p=1$, $q=2$, $a_1=\gamma-\beta$, $b_1=\gamma$, $b_2=1-\beta-n$, $\mu=1$, $l=1$, $s=2$, $\rho_1=y-B$, $\sigma_1=y$, $\sigma_2=1-B-m$, $\lambda=1$ तथा दोनों ओर $\frac{2^{n+m}(\beta)_n(B)_m}{n!\ m!}$ से गुणा किया जाय तो

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\Big[R_n(\beta, \gamma\ ;\ x)\ \ R_m(B, y\ ;\ x)\Big]$$

$$=\frac{2^{n+m}(\beta)_n(B)_m}{m!\ \overline{n-k}!}\ x^{n+m-k}\sum_{r=0}^{k} C_{k,r}\frac{(-1)^r(-m)_r}{(n-k+1)_r}$$

$$\times {}_3F_2\left(\begin{matrix}\frac{-n+k-r}{2}, \frac{-n+k-r+1}{2}, \gamma-\beta\\ \gamma,\ 1-\beta-n\end{matrix};\ x^{-2}\right){}_3F_2\left(\begin{matrix}\frac{-m+r}{2}, \frac{-m+r+1}{2}, y-B\\ y,\ 1-B-m\end{matrix};\ x^{-2}\right) \tag{4·10}$$

जहाँ $R_n(\beta, \gamma; x)$ वेडीण्ट बहुपदी है।

जब $m=0$, तो

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\Big[R_n(\beta, \gamma; x)\Big]=\frac{2^n(\beta)_n\ x^{n-k}}{\overline{n-k}!}\ {}_3F_2\left(\begin{matrix}\frac{-n+k}{2}, \frac{-n+k+1}{2}, \gamma-\beta\\ \gamma,\ 1-\beta-n\end{matrix};\ x^{-2}\right) \tag{4·11}$$

(*b*) $p=0=q,\ \mu=-1,\ l=s=0,\ \lambda=-1$ रखने पर तथा दोनों ओर 2^{n+m} द्वारा गुणा करने से

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\Big[H_n(x)\ H_m(x)\Big]=\frac{2^{n+m}\ n!}{n-k!}\ x^{n+m-k}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-1)^r(-m)_r}{(n-k+1)_r}$$

$$\times{}_2F_0\left(\frac{-n+k-r}{2},\frac{-n+k-r+1}{2};-x^{-2}\right){}_2F_0\left(\frac{-m+r}{2},\frac{-m+r+1}{2};-x^{-2}\right)\qquad(4\cdot12)$$

जहाँ $H_n(x)$ हर्माइट बहुपदी है ।

जब $m=0$ तो हमें ज्ञात फल [6, p. 188, eqn. (5)] प्राप्त होता है ।

4·2. इस अनुभाग में (3·6) की विशिष्ट दशाओं पर विचार किया जावेगा ।

(*a*) यदि $a_1=n+\alpha+\beta+1,\ b_1=1+\alpha,\ b_2=\frac{1}{2},\ \mu=1,\ l=1,\ s=2,\ \rho_1=y-B,$ $\sigma_1=y,\ \sigma_2=1-B-m,\ \lambda=1$ तथा दोनों ओर $\dfrac{(1+\alpha)_n 2^m(B)_m}{n!\ m!}$ का गुणा किया जाय तो

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[f_n^{(\alpha,\beta)}\left(\begin{matrix}a_2,\ \ldots,\ a_p\\ q_3,\ \ldots,\ b_q\end{matrix};x\right)R_m(B,y;x)\right]$$

$$=\frac{(1+\alpha)_n 2^m(B)_m}{n!\ m!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-1)^r(-n)_{k-r}(n+\alpha+\beta+1)_{k-r}\prod_{j=2}^{p}(a_j)_{k-r}(-m)_r\ x^{m-r}}{(1+\alpha)_{k-r}(\frac{1}{2})_{k-r}\prod_{j=3}^{q}(b_j)_{k-r}}$$

$$\times{}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n+k-r,\ n+\alpha+\beta+1+k-r,\ a_2+k-r,\ \ldots,\ a_p+k-r\\ 1+\alpha+k+r,\ \frac{1}{2}+k-r,\ b_3+k-r,\ \ldots,\ b_q+k-r\end{matrix};x\right)$$

$$\times{}_3F_2\left(\begin{matrix}\frac{-m+r}{2},\ \frac{-m+r+1}{2},\ y-B\\ y,\ 1-B-m\end{matrix};x^{-2}\right)\qquad(4\cdot13)$$

(*b*) $p=0,\ q=1,\ b_1=1+\alpha,\ \mu=1,\ \lambda=1,\ l=1,\ s=2,\ \rho_1=y-B,\ \sigma_1=y,$ $\sigma_2=1-B-m,$ रखने पर तथा दोनों ओर $\dfrac{(1+\alpha)_n\ 2^m(B)_m}{n!\ m!}$, से गुणा करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[L_n^{(\alpha)}(x)\ R_m(B,y;x)\right]=\frac{(1+\alpha)_n 2^m(B)_m}{n!\ m!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-1)^k(-n)_{k+r}(-m)_r x^{m+r}}{(1+\alpha)_{k-r}}$$

$$\times{}_1F_1\left(\begin{matrix}-n+k-r\\ 1+\alpha+k-r\end{matrix};x\right){}_3F_2\left(\begin{matrix}\frac{-m+r}{2},\ \frac{-m+r+1}{2},\ y-B\\ v,\ 1-B-m\end{matrix};x^{-2}\right).\qquad(4\cdot14)$$

(c) $p=1,\ q=0,\ a_1=a+n-1,\ \mu=-1/b,\ l=1,\ s=2,\ \rho_1=y-B,\ \sigma_1=y,$ $\sigma_2=1-B-m,\ \lambda=1$, होने पर तथा दोनों ओर $\frac{2^m(B)_m}{m!}$, से गुणा करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[\gamma_n(x,\ a,\ b)R_m(B,y;x)\right]=\frac{2^m(B)_m}{m!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}(-1)^r(-n)_{k-r}(-m)_r\, x^{m-r}\left(-\frac{1}{b}\right)^{k-r}$$

$$\times(a+n-1)_{k-r}\ {}_2F_0\left(-n+k-r, a+n-1+k-r\ ;\ -\frac{1}{b}x\right)$$

$${}_3F_2\left(\begin{matrix}\frac{-m+r}{2}, \frac{-m+r+1}{2}; y-B\\ y,\ 1-B-m\end{matrix}; x^{-2}\right)$$

(A) (3·6) में $a_1=n+\alpha+\beta+1,\ b_1=1+\alpha,\ b_2=\frac{1}{2},\ \mu=1,\ l=s=0,\ \lambda=-1$ होने पर तथा दोनों ओर $\frac{(1+\alpha)_n}{n!}2^m$ से गुणा करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[f_n^{(\alpha,\beta)}\left(\begin{matrix}a_2, \ldots, a_p\\ b_3, \ldots, b_q\end{matrix}; x\right)H_m(x)\right]$$

$$=\frac{(1+\alpha)_n2^m}{n!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-1)^r(-n)_{k-r}(n+\alpha+\beta+1)_{k-r}\prod_{j=2}^{p}(a_j)_{k-r}(-m)_r\,x^{m-r}}{(1+\alpha)_{k-r}(\frac{1}{2})_{k-r}\prod_{j=3}^{q}(b_j)_{k-r}}$$

$$\times{}_{p+1}F_q\left(\begin{matrix}-n+k-r,\ n+\alpha+\beta+1+k-r,\ a_2+k-r,\ \ldots,\ a_p+k-r\\ 1+\alpha+k-r,\ \frac{1}{2}+k-r,\ b_3+k-r,\ \ldots,\ b_q+k-r\end{matrix}; x\right)$$

$$\times{}_2F_0\left(\frac{-m+r}{2}, \frac{-m+r+1}{2}\ ;\ -x^{-2}\right) \tag{4·16}$$

(B) (3·6) में $p=0,\ q=1,\ b_1=1+\alpha,\ \mu=1,\ l=0=s,\ \lambda=-1$, होने पर और दोनों ओर $\frac{(1+\alpha)_n2^m}{n!}$, से गुणा करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k\left[L_n^{(\alpha)}(x)\ H_m(x)\right]=\frac{(1+\alpha)_n2^m}{n!}\sum_{r=0}^{k}C_{k,r}\frac{(-1)^r(-n)_{k-r}(-m)_r\,x^{m-r}}{(1+\alpha)_{k-r}}$$

$$\times{}_1F_1\left(\begin{matrix}-n+k-r\\ 1+\alpha+k-r\end{matrix}; x\right){}_2F_0\left(\frac{-m+r}{2}, \frac{-m+r+1}{2}\ ;\ -x^{-2}\right).$$

(C) (3·6) में $p=1, q=0, a_1=a+n-1, \mu=-1/b, l=s=0, \lambda=-1$, होने पर और दोनों ओर 2^m से गुणा करने पर

$$\left(\frac{d}{dx}\right)^k \left[\gamma_n(x, a, b) H_m(x)\right] = 2^m \sum_{r=0}^{k} C_{k-r}(-1)^r(-n)_{k-r}(a+n-1)_{k-r}\left(\frac{-1}{b}\right)^{k-r}(-m)_r x^{m-r}$$

$$\times {}_2F_0\left(-n+k-r, a+n-1+k-r ; -\frac{1}{b}x\right) {}_2F_0\left(\frac{-m+r}{2}, \frac{-m+r+1}{2} ; -x^{-2}\right) m^{-r} \tag{4.18}$$

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक डा० वी० एम० भिसे, जी० एस० टी० आई०, इन्दौर का आभारी है जिन्होंने इस शोध पत्र की तैयारी में निर्देशन किया।

निर्देश

1. काल, एच० एल०। **बुले० अमे० मैथ० सोसा०**, 1936, **42**, 423-428.
2. वही। **वही, पृ०** 867-870.
3. चटर्जी, एस० के०। **क्वार्ट० जर्न० मैथ० आक्सफोर्ड**, 1963, **14**, 241-46.
4. खंडेकर, पी० आर०। **प्रोसी० नेशन० एके० (इंडिया) खंड** A, 1964, **34**, 157-162.
5. शाह, मणिलाल। **प्रोसी० नेशन० एके० साइंस, (इंडिया), खंड** A, 1967, 37.
6. रेनविले, ई० डी०। Special functions. **मैकमिलन-कम्पनी, न्यूयार्क** 1960.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No 3, July 1969, Pages 111-114

लैपलास तथा हैंकेल परिवर्तों का एक गुणधर्म

डी० सी० गोखरू

गणित विभाग, राजकीय विद्यालय, भीलवाड़ा, राजस्थान

[प्राप्त—नवम्बर 14, 1967]

सारांश

इस टिप्पणी में लैपलास परिवर्त तथा हैंकेल परिवर्त से सम्बन्धित एक प्रमेय को सिद्ध करते हुये उसकी सहायता से एक अनन्त समाकल प्राप्त किया गया है जिसके उपयोग से विशिष्ट दशा के रूप में $K_\nu(x)$ के लिए एक रोचक समाकल की अभिव्यक्ति हुई है।

Abstract

On a property of Laplace and Hankel transforms. *By* D. C. Gokhroo, Department of Mathematics, Government College, Bhilwara, Rajasthan.

In this note, a theorem on Laplace transform and Hankel transform has been proved and an infinite integral has been evaluated by making its use which yields an interesting integral representation for $K_\nu(x)$ as a particular case.

1. विषय प्रवेश : फलन $\phi(p)$ को

$$\phi(p)=p\int_0^\infty e^{-pt}\,h(t)\,dt \tag{1}$$

द्वारा पारिभाषित किया जाता है जो $h(t)$ का लैपलास परिवर्त कहलाता है। इसमें $h(t)$ को मूल कहा जाता है।

हैंकेल परिवर्त को

$$\phi(p)=\int_0^\infty (pt)^{1/2}\,\mathcal{J}_\nu(pt)\,h(t)\,dt, \tag{2}$$

द्वारा भी पारिभाषित किया जाता है। इस शोध पत्र में (1) तथा (2) को संकेत रूप में क्रमशः

$$\phi(p) \doteqdot h(t) \text{ तथा } \phi(p) \overset{\mathcal{J}}{\underset{\nu}{=}} h(t) \text{ द्वारा व्यक्त किया जावेगा।} \tag{3}$$

इस शोध पत्र का उद्देश्य हैंकेल परिवर्त पर एक प्रमेय को सिद्ध करना एवं इस प्रमेय के उपयोग से एक अनन्त समाकल को विकसित करना है। दूसरे प्रकार के परिवर्द्धित बेसेल फलन के लिए भी एक रोचक व्यंजक को इसके विशिष्ट दशा के रूप में प्राप्त किया गया है जो नवीन हो सकता है।

2. **प्रमेय**: यदि $\phi(p) \doteq h(t)$,

तथा
$$\psi(p) \overset{\mathcal{J}}{\underset{\nu}{=}} t^{-3/2} \mathcal{J}_{2\nu}(2\sqrt{t})\ \phi(t),$$

तो
$$\psi(p) = p^{1/2} \int_0^\infty (p^2+t^2)^{-1/2}\, e^{-t/(p^2+t^2)}\, \mathcal{J}_\nu\left(\frac{p}{p^2+t^2}\right) h(t)\, dt, \tag{4}$$

यदि समाकल अभिसारी हो और $|h(t)|$ को लैपलास परिवर्त तथा $|t^{-3/2}\ \mathcal{J}_{2\nu}\ (2\sqrt{t})\phi(t)|$ के हैंकेल परिवर्त विद्यमान हों तथा $R(\nu+\frac{1}{2})>0$.

उपपत्ति :

अब
$$\phi(p) \doteq h(t), \tag{5}$$

तथा [1, p. 186 (38)]

$$\mathcal{J}_\nu(at)\, \mathcal{J}_{2\nu}(2\sqrt{t}) \doteq p(p^2+a^2)^{-1/2}\, e^{-p/(p^2+a^2)}\, \mathcal{J}_\nu\left(\frac{a}{p^2+a^2}\right), \tag{6}$$

जहाँ $R(\nu+\frac{1}{2})>0$ तथा $R(p)>0$.

(5) तथा (6) में क्रियात्मक फलन का पार्सिवाल गोल्डस्टीन प्रमेय [3, p. 105] व्यवहृत करने पर हमें

$$\int_0^\infty t^{-1} \mathcal{J}_\nu(at)\ \mathcal{J}_{2\nu}(2\sqrt{t})\ \phi(t)\, dt = \int_0^\infty (a^2+t^2)^{-1/2}\, e^{-t/(t^2+a^2)}\ \mathcal{J}_\nu\left(\frac{a}{t^2+a^2}\right) h(t)\, dt,$$

की प्राप्ति होगी। दोनों ओर a से गुणा करने पर तथा a को p में परिवर्तित करने पर कथित फल की प्राप्ति होती है।

3. **सम्प्रयोग** : यदि हम [1, p. 283 (43)] को लें

$$\begin{aligned}\phi(p) &= p^\rho\, K_{2\nu}(2\sqrt{p}) \\ &\doteq \tfrac{1}{2} t^{1/2-\rho}\, e^{-1/2t}\, W_{\rho-1/2,\,\nu}\left(\frac{1}{t}\right) \\ &= h(t),\end{aligned}$$

जहाँ $R(p)>0$.

अत: [2, p. 91 (20)] के द्वारा

$$t^{-3/2} \mathcal{J}_{2\nu}(\sqrt{t})\ \phi(t) = t^{\rho-3/2} \mathcal{J}_{2\nu}(2\sqrt{t})\ K_{2\nu}(2\sqrt{t})$$

$$\underset{\nu}{\overset{\mathcal{J}}{=}} \frac{2^{\rho-3}}{\sqrt{(\pi)}\, p^{\rho-1/2}} G^{3,1}_{2,4}\left(\frac{1}{p^2}\middle| \begin{matrix} 1-\frac{1}{2}\nu-\frac{1}{2}\rho,\ 1+\frac{1}{2}\nu-\frac{1}{2}\rho \\ \nu,\ \frac{1}{2},\ 0,\ -\nu \end{matrix}\right)$$

$$= \psi(p),$$

जहाँ $R(\rho+\nu)>0$ तथा $p>0$.

$h(t)$ तथा $\psi(p)$ के इन मानों का प्रयोग करने पर

$$\int_0^\infty t^{1/2-\rho}\ (p^2+t^2)^{-1/2}\ e^{-1/2t\ (p^2+3t^2/p^2+t^2)} \mathcal{J}_\nu\left(\frac{p}{p^2+t^2}\right) W_{\rho-1/2,\ \nu}\left(\frac{1}{t}\right) dt$$

$$= \frac{1}{\sqrt{\pi}} \frac{2^{\rho-2}}{p^\rho} G^{3,1}_{2,4}\left(\frac{1}{p^2}\middle| \begin{matrix} 1-\frac{1}{2}\nu-\frac{1}{2}\rho,\ 1+\frac{1}{2}\nu-\frac{1}{2}\rho \\ \nu,\ \frac{1}{2},\ 0, -\nu \end{matrix}\right), \tag{7}$$

प्राप्त होता है, जहाँ $R(p)>0$

(7) की कुछ विशिष्ट रोचक दशायें नीचे दी जा रही हैं :—

(i) $\rho=1$ रखने पर

$$\int_0^\infty t^{-1/2}\ (p^2+t^2)^{-1/2}\ e^{-1/2t\ (p^2+3t^2/p^2+t^2)} \mathcal{J}_\nu\left(\frac{p}{p^2+t^2}\right) W_{1/2,\ \nu}\left(\frac{1}{t}\right) dt$$

$$= \frac{\Gamma\frac{1}{2}(1+3\nu)}{2\Gamma(1+2\nu)} W_{-\nu/2,\ \nu}\left(\frac{2}{p}\right) M_{\nu/2,\ \nu}\left(\frac{2}{p}\right), \tag{8}$$

जहाँ $R(p)>0$.

(ii) दूसरी ओर यदि हम $\rho=\nu+2$ मानें और निम्नांकित सम्बन्ध का उपयोग करें

$$W_{\nu+3/2,\ \nu}(x) = (-1)\ x^{\nu+1/2}\ e^{-x/2}(1+2\nu-x),$$

तो हमें $K_\nu(x)$ के लिये रोचक व्यंजक प्राप्त होता है :

$$\int_0^\infty t^{-2\nu-3}\ (p^2+t^2)^{-1/2}\ [t(1+2\nu)-1]\ e^{-1/t\ (p^2+2t^2/p^2+t^2)} \mathcal{J}_\nu\left(\frac{p}{p^2+t^2}\right) dt$$

$$= \frac{(-1)}{\sqrt{\pi}} \frac{2^{\nu+1}}{p^{2\nu+5/2}} K_{1/2-\nu}\left(\frac{2}{p}\right), \tag{9}$$

जहाँ $R(p)>0$.

निर्देश

1. एर्डेल्यी, ए० । Tables of Integral Transforms. **भाग** I, **मैकग्राहिल, न्यूयार्क** 1954.

2. वही । Tables of Integral Transforms. **भाग** II, **वही**, 1954.

3. गोल्डस्टीन, एस० । **प्रोसी० लन्दन मैथ० सोसा०**, 1932, (2)**34**, 103-25.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No 3, July 1969, Pages 115-119

आत्म व्युत्क्रम फलनों से सम्बन्धित कतिपय प्रमेय

ओ० पी० शर्मा
गणित विभाग, होल्कर साइंस कालेज, इंदौर

[प्राप्त—जनवरी 1968]

सारांश

(1·2) में परिभाषित सार्वीकृत हैंकेल परिवर्त में विभिन्न श्रेणियों के आत्मव्युत्क्रम फलनों को सूत्रबद्ध करने के लिये कई प्रमेय स्थापित किये गये हैं ।

Abstract

Some theorems connecting self reciprocal functions. *By* O. P. Sharma, Department of Mathematics, Holkar Science College, Indore.

In this paper, some theorems have been established to connect different classes of self-reciprocal functions in the generalised Hankel transform, defined in (1·2).

1. हैंकेल परिवर्त

$$g(x)=\int_0^\infty \sqrt{(xy)}\; J_\nu(xy)\, f(y)\, dy \tag{1·1}$$

के सार्वीकरण का समावेश नरायन [7, p. 951] द्वारा दिये गये सममित फूरियर न्यष्टि के प्रयोग से निम्नांकित रूप में किया जा सकता है :—

$$g(x)=2\beta\gamma\int_0^\infty (xy)^{\gamma-1/2}\; G^{q,p}_{2p,2q}\left[\beta^2(xy)^{2\gamma}\,\middle|\begin{matrix}a_1, \ldots, a_p-a_1, \ldots, -a_p\\ b_1, \ldots, b_q-b_1, \ldots, -b_q\end{matrix}\right] f(x)\; dy, \tag{1·2}$$

जिसमें β तथा γ वास्तविक अचर हैं ।

यदि $\beta=\frac{1}{2}$, $\gamma=1$, $p=0$, $q=1$ तथा $b_1=\frac{1}{2}\nu$ हो तो (1·2) बदल कर (1·1) हो जाता है ।

यदि फलन $f(x)$ तथा $g(x)$ एक ही हों तो (1·2) में $f(x)$ को आत्म-व्युत्क्रम कहेंगे और सांकेतिक रूप में उसे $R(a_p\,;\, b_q)$ द्वारा व्यक्त करेंगे ।

नरायन [7, p. 957] द्वारा दिये गये प्रतिस्थापनों का उपयोग करने पर (1·2) की न्यष्टि विशिष्ट दशा के रूप में विभिन्न न्यष्टियाँ प्रदान करती है जो वाटसन [10, p. 308], भटनागर [2, p. 43], नरायन [5, p. 271] तथा [6, p. 298] तथा एवरिट [4, p. 271] द्वारा दी जा चुकी हैं।

प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों वाले आत्म व्युत्क्रम फलनों को परस्पर जोड़ने वाली कतिपय प्रमेयों को विकसित करना है। हमारा ध्यान उनकी सही सही उपपत्ति पर न जाकर मुख्यत: फलों पर केन्द्रित होगा। यही कारण है कि यहाँ औपचारिक विधि दी जावेगी।

2. यहाँ हम निम्नांकित प्रमेय का उपयोग करेंगे जिसे हाल ही में इस लेखक[8] ने प्रस्तावित किया है।

(1·1) में $A(\alpha, a)$, [9, p. 252] का फलन $f(x)$ आत्म व्युत्क्रम हो, इसके लिये आवश्यक एवं यथेष्ट शर्त यह है कि

$$f(x)=\frac{1}{2\pi i}\int_{c-i\infty}^{c+i\infty}\beta^{-s/2\gamma}\frac{\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+b_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod_{j-1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-a_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}\cdot\psi(s)\,x^{-s}\,dx, \tag{2·1}$$

जिसमें $\psi(s)$ नियमित है और प्रतिबन्ध $\psi(s)=\psi(1-s)$; $s=\sigma+it$ को $a<\sigma<1-a$ (2·2) तथा $\psi(s)=0\left(e^{\{(q-p)\pi/4\gamma-\alpha+\eta\}|t|}\right)$ पट्टी में प्रत्येक घन η के लिये तथा (2·2) को आन्तरिक किसी भी पट्टी में एक समान रूप से पूरा करती है। तथा C (2·2) में σ का कोई भी मान है।

3. **प्रमेय 1:** यदि फलन $f(x)$ $R(a_p\,;\,b_q)$ हो तो फलन

$$g(x)=\int_{e-i\infty}^{ei\infty}Q(u)\,f(xu)\,du, \tag{3·1}$$

$R(c_p\,;\,d_q)$, होगा यदि

$$Q(x)=\frac{1}{2\pi}\int_{-\infty}^{\infty}\frac{\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+b_j+\frac{s}{2\gamma}\right)\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma+1}{4\gamma}+d_j-\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-a_j+\frac{s}{2\gamma}\right)\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma+1}{4\gamma}-c_j-\frac{s}{2\gamma}\right)}\,l(s)\,x^{-s}\,ds \tag{3·2}$$

जिसमें $l(s)=s(1-s)$. (3·3)

उपपत्ति : (3·1) में (2·1) का प्रयोग करने पर और फिर समाकलन के क्रम को बदलने पर

$$g(x)=\frac{1}{2\pi i}\int_{c-i\infty}^{c+i\infty}\beta^{-(s/2\gamma)}\frac{\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+b_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-a_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}\,.\,\psi(s)\,.\,x^{-s}\,ds\times\int_{e^{-i\infty}}^{e^{i\infty}}u^{-s}\,Q(u)\,du$$

$$=\frac{1}{2\pi}\int_{c-i\infty}^{c+i\infty}\beta^{-(s/2\gamma)}\frac{\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+b_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-a_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}\,.\,\psi(s)\,x^{-s}\,ds$$

$$\times\int_{-\infty}^{\infty}e^{i(1-s)t}\,.\,Q(e^{it})\,dt. \tag{3·4}$$

अब (3·2) के द्वारा

$$Q(e^{it})=\frac{1}{2\pi i}\int_{-\infty}^{\infty}e^{-its}\frac{\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+b_j+\frac{s}{2\gamma}\right)\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma+1}{4\gamma}+d_j-\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-a_j+\frac{s}{2\gamma}\right)\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma+1}{4\gamma}-c_j-\frac{s}{2\gamma}\right)}\,l(s)\,ds. \tag{3·5}$$

अतः (3·5) में फूरियर सूत्र के चरघातांकी रूप [9, p. 4(1.2.5—1.2.6)] को व्यवहृत करने पर तथा s को $(1-s)$ द्वारा पुनः प्रतिस्थापित करनें पर हमें

$$\int_{-\infty}^{\infty}e^{it(1-s)}Q(e^{it})\,dt=\frac{\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma+1}{4\gamma}+b_j-\frac{s}{2\gamma}\right)\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+d_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma+1}{4\gamma}-a_j-\frac{s}{2\gamma}\right)\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-c_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}\,.\,l(s).$$

प्राप्त होगा। (3·4) में इस मान को रखने पर हमें

$$g(x)=\frac{1}{2\pi i}\int_{c-i\infty}^{c+i\infty}\beta^{-(s/2\gamma)}\frac{\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+d_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-c_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}\,.\,\chi(s)\,x^{-s}\,ds,$$

प्राप्त होगा। जिसमें

$$\chi(s)=i\,.\,\frac{\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}\right)+b_j+\frac{s}{2\gamma}\Big)\prod_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma+1}{4\gamma}+b_j-\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-a_j+\frac{s}{2\gamma}\right)\prod_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma+1}{4\gamma}-a_j-\frac{s}{2\gamma}\right)}\,l(s)\,\psi(s),$$

जिससे कि

$\chi(s)=\chi(1-s)$.

अतः (2·1) के बल पर $g(x)$ $R(c_p\,;\,d_q)$ होगा

3·1. **उपप्रमेय :** $a_j=c_j$ $(j=1, \ldots, p)$ तथा $b_h=d_h$ समानीत $(h=1, \ldots, q)$ रखने पर उपर्युक्त प्रमेय निम्नांकित हो जावेगी

"यदि $f(x)$, $R(a_p\,;\,b_q)$ हो तो

$$g(x)=\int_{e^{-i\infty}}^{e^{i\infty}} Q(u)\, f(x\,u)\, du$$

भी $R(a_p\,;\,b_q)$ होगा, यदि

$$Q(x)=\frac{1}{2\pi}\int_{-\infty}^{\infty} \lambda(s)\; x^{-s}\, ds \tag{3·6}$$

जहाँ $\lambda(s)=\lambda(1-s)$."

3·2. **विशिष्ट दशायें :** अनुभाग 1 के अनुसार, (1·2) में पारिभाषित परिवर्त को हैंकेल परिवर्त के विभिन्न सार्वीकरणों में समानयन किया जा सकता है और उपर्युक्त प्रमेय उपर्युक्त प्रतिस्थापन करने पर कई नवीन फलों को विशिष्ट दशाओं के रूप में प्रदान करेगा।

$\beta=\frac{1}{2}$, $\gamma=1$, $p=0$, $q=1$, $b_1=\frac{\mu}{2}$ तथा $d_1=\frac{\nu}{2}$ रखने पर प्रमेय 1 बृजमोहन [3, p. 93] के ज्ञात फल में बदल जावेगी।

3·3. **उदाहरण :** x को s द्वारा; e^{-ic} को x द्वारा प्रतिस्थापित करने पर तथा ज्ञात परिणाम [1, p. 379 (2)] में $b=a$, $\mu=v-1$ रखने पर हमें

$$\int_{-\infty}^{\infty} \mathcal{J}_{\nu-s}(a)\, \mathcal{J}_{\nu-1+s}(a)\; x^{-s}\, ds=x^{-1/2}\, \mathcal{J}_{2\nu\cdot 1}\Big[a\Big(\sqrt{x}+\frac{1}{\sqrt{x}}\Big)\Big], \tag{3·7}$$

सरलतापूर्वक प्राप्त होगा जिसमें $Re(\nu)>-1$ तथा $e^{-i\pi}<x<e^{i\pi}$.

स्पष्टतः (3·7) उसी रूप में है जिस रूप में (3·6) है।

अतः यदि $f(x)$ $R(a_p\,;\,b_q)$, हो तो फलन

$$g(x)=\int_{e^{-i\infty}}^{e^{i\infty}} u^{-1/2}\, \mathcal{J}_{2\nu-1}\Big[a\Big(\sqrt{u}+\frac{1}{\sqrt{u}}\Big)\Big]\cdot f(xu)\; du$$

भी $R(a_p\,;\,b_q)$ होगा।

4. **प्रमेय 2:** यदि $f(x)=R(a_p\,;\,b_q)$ तो फलन

$$g(x)=\int_{e^{-i\infty}}^{e^{i\infty}} Q(xu)\, f(u)\, du$$

$R(c_p\,;\,d_q)$ होगा और इसका विलोम भी, यदि

$$Q(x)=\frac{1}{2\pi}\int_{-\infty}^{\infty}\beta^{-s/\gamma}\frac{\prod\limits_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+b_j+\frac{s}{2\gamma}\right)\prod\limits_{j=1}^{q}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}+d_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}{\prod\limits_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-a_j+\frac{s}{2\gamma}\right)\prod\limits_{j=1}^{p}\Gamma\left(\frac{2\gamma-1}{4\gamma}-c_j+\frac{s}{2\gamma}\right)}\,.\,l(s)\,x^{-s}\,ds,$$

जहाँ $l(s)$ द्वारा (3·3) की तुष्टि हो । इसकी उपपत्ति प्रमेय-1 की ही भाँति होगी ।

कृतज्ञता-ज्ञापन

लेखक डा० आर० के० सक्सेना का आभारी है जिन्होंने इस शोधपत्र के लेखन में मेरी सहायता की ।

निर्देश

1. बेटमैन प्रोजेक्ट । Tables of Integral Transform, **भाग** II, **मैकग्राहिल**, 1954.
2. भटनागर, के० पी० । **बुले० कलकत्ता मैथ० सोसा०**, 1955, **47**, 43-52,
3. बृजमोहन । **प्रोसी० बनारस मैथ० सोसा०**, 1939, **1**, 93-96.
4. एवरिट, डब्लू० एन० । **क्वार्ट० जर्न० मैथ०, आक्सफोर्ड**, 1959, **10-II**, 270-79.
5. नरायन, आर० । Rendi. Sem. Math. Torino, 1956-57, **16**, 269-300.
6. वही । **मैथ० जत्साइट०**, 1959, **70**, 297-99.
7. वही । **प्रोसी० अमे० मैथ० सोसा०**, 1962, **13**, 950-59.
8. शर्मा, ओ० पी० । **प्रोसी० नेश० एके० साइंस (इंडिया) (प्रेस में)**
9. टिच्मार्श, ई० टी० । Introduction to the theory of Fourier Integrals. **आक्सफोर्ड**, 1948.
10. वाटसन, जी० एन० । **क्वार्ट० जर्न० मैथ०, आक्सफोर्ड**, 1931, **2-1**, 298-309.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika
Vol. 12, No. 3, July 1969, Pages 121-124

लेगेण्ड्र फलनों से सम्बन्धित कतिपय अनन्त समाकल

आर० एस० जौहरी
गणित विभाग, राजकीय विद्यालय, अजमेर

[प्राप्त-दिसम्बर 2, 1967]

सारांश

क्रियात्मक कलन की सहायता से कतिपय अनन्त समाकल प्राप्त किये गये हैं।

Abstract

Some infinite integrals involving Legendre functions. *By*. R. S. Johri, Department of Mathematics, Government College, Ajmer.

Some infinite integrals have been evaluated by making use of operational calculus.

1. फलन $f(t)$ का हैंकेल परिवर्त

$$\phi(p)=\int_0^\infty (pt)^{1/2}\mathcal{J}_\nu(pt)f(t)\,dt \qquad p>0 \tag{1·1}$$

समीकरण द्वारा व्यक्त किया जाता है जिसे सांकेतिक रूप में हम

$$\phi(p)\ \underset{\nu}{\overset{\mathcal{J}}{=}}\ f(t)$$

द्वारा प्रदर्शित करेंगे।

2. प्रमेय

यदि

$$\phi(p)\ \underset{\nu}{\overset{\mathcal{J}}{=}}\ f(t)$$

तथा

$$\psi(p)\ \underset{\nu}{\overset{\mathcal{J}}{=}}\ t^{\rho+\nu-\mu}K_\rho(\beta t)\,\phi(t)$$

तो

$$\psi(p)=2^{\rho+\nu-\mu-1}p^{\mu-\rho-\nu-2}(\Gamma\mu+1)^{-1}\,\Gamma(\rho+\nu+1)\ \Gamma(\rho+1)\ \Gamma(\nu+1)$$
$$\times\int_0^\infty x^{1/2}(\cosh\sigma-\cos\theta)\ P^{-\rho}_{\rho+\nu-\mu}(\cos\theta)P^{-\nu}_{\rho+\nu-\mu}(\cosh\sigma)\,dx$$

जहाँ $x+i\beta=ip\cot[\frac{1}{2}(\theta+i\sigma)],\ R(\beta)>|I_m p|,\ R(\nu)>-1,\ R(\rho+\nu)>1$

उपपत्ति: हम जानते हैं कि

$$\phi(p)\underset{\nu}{\overset{\mathcal{J}}{=}}f(t) \tag{1·2}$$

तथा

$$\psi(p)\underset{\mu}{\overset{\mathcal{J}}{=}}t^{\rho+\nu-\mu}K_\rho(\beta t)\phi(t) \tag{1·3}$$

अतः

$$\psi(p)=\int_0^\infty (pt)^{1/2}\mathcal{J}_\mu(pt)\,t^{\rho+\nu-\mu}K_\rho(\beta t)\phi(t)\,dt$$

$$=\int_0^\infty (pt)^{1/2}\mathcal{J}_\mu(pt)t^{\rho+\nu-\mu}K_\rho(\beta t)\,dt\int_0^\infty f(x)\mathcal{J}_\nu(tx)(tx)^{1/2}\,dx$$

समाकलन का क्रम बदलने पर

$$=\int_0^\infty f(x)\,dx\int_0^\infty t^{\rho+\nu-\mu+1/2}\mathcal{J}_\mu(pt)K_\rho(\beta t)\mathcal{J}_\nu(tx)(tx)^{1/2}\,dt$$

$$=2^{\rho+\nu-\mu-1}p^{\mu-\rho-\nu-2}\Gamma(\mu+1)^{-1}\,\Gamma(\rho+\nu+1)\ \Gamma(\rho+1)\ \Gamma(\nu+1)$$

$$\times\int_0^\infty x^{1/2}(\cosh\sigma-\cos\theta)\,P^{-\rho}_{\rho+\nu-\mu}(\cos\theta)\,P^{-\nu}_{\rho+\nu-\mu}(\cosh\sigma)f(x)\,dx$$

[(2), p. 65 (14)]

जहाँ

$$\cos\theta=\frac{x^2+\beta^2-p^2}{\sqrt{\{(x^2+\beta^2)^2-2p^2x^2+p^2(2\beta^2+p^2)\}}}$$

$$\cosh\sigma=\frac{(x^2+\beta^2+p^2)}{\sqrt{\{(x^2+\beta^2+p^2)-4p^2x^2\}}}$$

समाकलन के क्रम में लाये गये परिवर्तन को न्या चत माना जा सकता है, क्योंकि हैंकेल परिवर्तों की विद्यमानता के कारण (1·2) तथा (1·3) पूर्णतः अभिसारी हैं।

3. **सम्प्रयोग 1 :**

[2, p. 45 (4)] का उपयोग करने पर

$$f(t)=t^{1/2}(a^2+t^2)^{-\lambda/2}\Gamma(\lambda+\nu)\,P^{-\nu}_{\lambda-1}[a(a^2+t^2)^{-1/2}],\ R(a)>0,\ R(\nu)>-1,\ R(\lambda)>\tfrac{1}{2}$$

$$\underset{\nu}{\overset{\mathcal{J}}{=}}p^{\lambda-3/2}e^{-ap}$$

$$=\phi(p)$$

हमें [1] प्राप्त होगा

$$t^{\rho+\nu-\mu}K_{\rho}(\beta t)\phi(t)=t^{\rho+\nu-\mu+\lambda-3/2}K_{\rho}(\beta t)e^{-at}$$

$$\underset{\mu}{\overset{\mathcal{J}}{=}}\sum_{\rho,-\rho}\frac{2^{\lambda+\rho+\nu-\mu-2}p^{\mu+1/2}\beta^{\rho}\,\Gamma\tfrac{1}{2}(\lambda+2\rho+\nu)\Gamma\tfrac{1}{2}(\lambda+2\rho+\nu+1)\Gamma(-\rho)}{1+\mu!\,a^{\lambda+2\rho+\nu}\,\pi^{1/2}}$$

$$\times F_4\left(\frac{\lambda+2\rho+\nu}{2},\ \frac{\lambda+2\rho+\nu+1}{2};\ 1+\mu,\ 1+\rho;\ \frac{-p^2}{a^2},\ \frac{\beta^2}{a^2}\right)$$

$$=\psi(p),\ R(\lambda+2\rho+\nu)>0,\ R(a+\beta)>0,\ p>0$$

प्रमेय को व्यवहृत करने पर

